# हरिभूमि

जबलपुर

मंगलवार, 19 दिसंबर 2023

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






**SHOWROOMS: MADHYA PRADESH**: **JABALPUR:** RENAULT Jabalpur (Karmeta) Mob: +91 7290014986, RENAULT Jabalpur West Mob: +91 7291980314. **AGAR:** RENAULT Agar Mob: +91 9311700681. **ANUPPUR:** RENAULT Anuppur Mob: +91 9289357271. **BHOPAL:** RENAULT Bhopal New Mob: +91 9289220870. **BALAGHAT:** RENAULT Balaghat Mob: + 91 9667215170. **BETUL:** RENAULT Betul Mob: +91 9311700682. **CHHATARPUR:** RENAULT Chhatarpur Mob: +91 7603868297. **CHHINDWARA:** RENAULT Chhindwara Mob: +91 9667215285. **DAMOH:** RENAULT Damoh Mob: +91 9289263623. **DEWAS:** RENAULT Dewas Mob: + 91 9667214750. **GUNA:** RENAULT Guna Mob: +91 7838104991. **GWALIOR:** RENAULT Gwalior City Mob: +91 8448383235. **INDORE:** RENAULT Indore (Dewas Naka) Mob: +91 7428190241, RENAULT Indore East Mob: +91 9289263821. **KATNI:** RENAULT Katni Mob: +91 9289279578. **NARSINGHPUR:** RENAULT Narsinghpur Mob: +91 9667215199. **NEEMUCH:** RENAULT Neemuch Mob: +91 9667214785. **MANDSAUR:** RENAULT Mandsaur Mob: +91 9667214917. **REWA:** RENAULT Rewa Mob: +91 8376903071. **SAGAR:** RENAULT Sagar Mob: +91 9311340949. **SATNA:** RENAULT Satna Mob: +91 7290094892. **SHAHDOL:** RENAULT Shahdol Mob: +91 7029805696. **SIDHI:** RENAULT Sidhi Mob: +91 8376904710. **UJJAIN:** RENAULT Ujjain Mob: +91 9667214881.

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सात दिन में काम शुरू करने के दिए निर्देश

# मप्र संकल्प पत्र-2023 की गारंटी से होगी खेती की समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खेती की समृद्धि के लिए 32 हजार करोड़ रुपए की सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स बनाई जाएगी।

मप्र संकल्प पत्र-2023 में सिंचाई सुविधाओं विस्तार करते हुए खेती को आधुनिक और समृद्ध बनाने की गारंटी दोहराई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संकल्प-पत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी है। इसके क्रियान्वयन के लिए उन्होंने सभी विभागों को सात दिन में रोड-मेप बनाकर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

> 32 हजार करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने बनेगी मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स




### उज्जैन में बनेगा चना अनुसंधान संस्थान

उज्जैन में चना अनुसंधान संस्थान और डिंडौरी में श्री अन्न अनुसंधान संस्थान स्थापित किया जाएगा। सोयाबीन फसल को सहकारी तेल मिल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। श्री अन्न की खेती को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से श्री अन्न उत्पादकों को 1,000 रुपए प्रति एकड़ प्रति फसल सम्मान राशि दी जाएगी। श्री अन्न की फसल बोने पर लघु एवं सीमांत किसानों के लिए प्रधानमंत्री 'फसल बीमा योजना में देय प्रीमियम में सब्सिडी दी जाएगी।

### प्रदेश का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा

*ग्वालियर एवं चंबल में माधवराव सिंधिया सिंचाई परियोजना, नरसिंहपुर, रायसेन और होशंगाबाद में चिंकी-बोरास बैराज परियोजना, नरसिंहपुर-छिंदवाड़ा में शक्कर-पेंच लिंक संयुक्त परियोजना, छिंदवाड़ा में पेंच डायवर्सन परियोजना, खंडवा में खंडवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना पन्ना में रूंझ मध्यम सिंचाई परियोजना और मझगांव मध्यम सिंचाई परियोजना पन्ना, रीवा, सतना, कटनी एवं जबलपुर में बरगी परियोजना, कटनी में बहोरीबंद माइक्रो सिंचाई परियोजना, हरदा में शहीद इलाप सिंह उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना पूरी होने से प्रदेश का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा।*

---

## खबर संक्षेप

### संत देश, समाज और कालखंड से ऊपर होते हैं



**बिलासपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण द्वारा छत्तीसगढ़ के महान संत बाबा गुरु घासीदासजी का प्राकट्य दिवस मनाया गया और उनके बताए मार्ग को आत्मसात करने की बात की गई। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि संत देश, समाज और कालखंड से ऊपर होते हैं। उनके विचार कालजयी होते हैं। ऐसे ही महान समाज सुधारक, संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदासजी ने सतनाम पंथ चलाकर छत्तीसगढ़ में व्याप्त सामाजिक कुरूतियों को मिटाने का काम किया। बाबा ने अपने सात सिद्धांतों को प्रतिपादित किया। जिसे उनके अनुयायी पंथी लोक नृत्य के माध्यम से जन कल्याण के लिए प्रसारित-प्रचारित करते हैं,आज भी उनके विचारों को अपनाकर स्वस्थ और विकसित समाज की स्थापना की जा सकती है।

### सीजीः हार के बाद अब प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नीलाल साहू ने दिया इस्तीफा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद कांग्रेस में रार खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। इसी बीच नाराज नेताओं के इस्तीफे का दौर भी जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस के एक और पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू ने पद से इस्तीफा दे दिया है।



चुन्नीलाल साहू पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष थे। चुन्नीलाल साहू ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को अपना इस्तीफा भेजा है। पूर्व विधायक ने प्रदेश उपाध्यक्ष सहित उससे जुड़े समस्त प्रभार से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पीसीसी चीफ को पत्र में लिखा, बीते चार साल से पार्टी ने उपाध्यक्ष के तौर पर मुझे जो जिम्मेदारी दी, मैंने उसे पूरी तरह निभाने की कोशिश की। लेकिन विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार से काफी व्यथित हूं। इसलिए अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं। इधर, विधानसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस नेता गुटों में बंटे हुए हैं। आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज होता जा रहा है। कई पूर्व विधायक दिल्ली में डेरा डालकर पार्टी आलाकमान से मुलाकात की अपेक्षा करने के बाद प्रदेश वापस लौट आए हैं।

### टीकमगढ़ में अतिरिक्त 160 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर लगाया

**भोपाल।** एमपी पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने 220 केवी सब-स्टेशन टीकमगढ़ में अनुमानित लागत 5 करोड़ 77 लाख रुपए से 160 एमवीए क्षमता का एक अतिरिक्त पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया।

एमपी ट्रांसको टीकमगढ़ के कार्यपालन अभियंता आरपी कान्यकुब्ज ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकृत होने से जतारा, दिगोदा, बुढैरा, टीकमगढ़, बड़ा मलहरा एवं पृथ्वीपुर क्षेत्र के उपभोक्ताओं को फायदा पहुंचेगा। अब उन्हें उचित गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति हो सकेगी। ट्रांसफार्मर के प्रारंभ हो जाने से टीकमगढ़ सब-स्टेशन की क्षमता बढ़कर 540 एमवीए की हो गई है। जिले की कुल ट्रांसफार्मेशन केपेसिटी बढ़कर 793 एमवीए की हो गई है। जिले में एमपी ट्रांसको अपने 5 अति उच्चदाब सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत ट्रांसमिशन करती है।

---

## उज्जैन में मुख्यमंत्री ने सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक ली

# सीएम डॉ. मोहन ने कहा...कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में नहीं होगा कोई समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में संभागीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अफसरों को कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए किसी से भी समझौता नहीं करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास कार्य समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। सभी कार्यों की निरन्तर मॉनीटरिंग की जाएगी, ताकि जनता के हित में एवं जनता के लिए बेहतर निर्णय लिए जा सकें। चूंकि जनता का हित सर्वोपरि है। उन्होंने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि वे भविष्य के प्रोजेक्ट को देखते हुए शासकीय जमीन आरक्षित करें। उज्जैन सहित बड़े शहरों का जोनल प्लान बनाने की दिशा में पहल करे।

मुख्यमंत्री रविवार को उज्जैन में सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक में उज्जैन संभाग के सभी संसदीय क्षेत्र के सांसद, विधायक, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, शहर प्राधिकरण अध्यक्ष, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक एवं संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि इस यात्रा से जन-हितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिले। विकसित भारत संकल्प यात्रा में 25 हजार की आबादी प्रतिदिन कवर की जाएगी। इसमें नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता को शासन की ओर से बनाई गई योजना की जानकारी दी जाएगी।

*विकास के कार्य कराना सर्वोच्च प्राथमिकता, विकसित भारत संकल्प यात्रा से जनहितैषी योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कराया जाएगा*

*उज्जैन सहित बड़े शहरों का जोनल प्लान बनाने की दिशा में पहल होगी*



### निर्माण कार्य में समय-सीमा का ध्यान रखें

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दताना एवं मुल्लापुरा मार्ग को जोड़कर कार्य करें। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, जो सड़क बना रहे हैं, वे एक तरफ से बनाते हैं। आवश्यकता है कि दोनों ओर से सड़क बनाई जाए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन सड़कों पर डालने से सड़क कट रही हैं। अतः लोगों को समझाइश दी जाए कि वे सड़कों पर पाइप लाइन नहीं डालें। सड़कों पर पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि नए निर्माण कार्य करने के लिए पहले से बने हुए पक्के निर्माण स्थल को न तोड़ा जाए।

### थानों का किया जाएगा रिव्यू

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कहीं साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति होती है, तो उसके कारकों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि थानों का युक्तियुक्तकरण करके उनकी सीमा भी निर्धारित की जाएगी। थानों का रिव्यू किया जाएगा। निर्धारित डेसीबल से ज्यादा की ध्वनि पर बजने वाले लाउड स्पीकरों पर कार्रवाई जारी रहे।

### सड़कें तय वक्त में बनें

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने निर्देश दिए कि मांस एवं मछली विक्रेताओं के लिए सभी जगह मार्केट विकसित किए जाएं, मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो जाए। सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से इसका पालन करें।

### मिलावटी दूध बेचने वालों पर सख्त कार्रवाई

डॉ.यादव ने कहा कि समाज के ऐसे सेवानिवृत्त लोगों की सेवाएं ली जाएंगी, जो अच्छे कार्य करते हैं। ऐसे लोगों का उपयोग समाज-हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में किया जाएगा। उन्होंने मिलावटी दूध एवं पेट्रोल पर पूर्व की तरह ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए। लेकिन इससे सही काम करने वाले लोगों को परेशान नहीं किया जाए।

---

## इस बार विधानसभा में नहीं नजर आएंगे 12 भाजपा के पूर्व मंत्री और कांग्रेस के पटवारी और चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

16 वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इस बार का सत्र पहले से विशेष है। क्योंकि पूर्व संसदीय मंत्री नरोत्तम मिश्रा सहित कई चर्चित चेहरे इस बार चुनाव हारने के चलते यहां नहीं दिखाई देंगे।

इसके साथ ही इस बार कुछ नाम ऐसे हैं जो पहली बार विधायक के तौर पर यहां एंट्री लेंगे। पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा समेत 12 मंत्री ऐसे हैं जो विधानसभा का चुनाव हार गए हैं। इनमें कमल पटेल, महेंद्र सिसोदिया, गौरीशंकर बिसेन, सुरेश राजखेड़ा, राज्यवर्धन दत्तिगांव, भारत सिंह कुशवाह, रामखिलावन पटेल, राहुल सिंह लोधी, प्रेम सिंह पटेल, अरविंद भदौरिया और राम किशोर कांवरे के नाम शामिल हैं।

### पूर्व सांसद रीति और सिंह पहली बार लेंगे शपथ

*इधर, पूर्व सांसद रीति पाठक, पूर्व सांसद राकेश सिंह, और पूर्व सांसद उदय राव प्रताप सिंह जेसे कई वरिष्ठ नेता ऐसे हैं, जो पहली बार विधायक के तौर पर विधानसभा सत्र में शामिल होंगे। इनके अलावा कई युवा चेहरे भी पहली बार चुनाव जीतकर विधानसभा में पहुंचे हैं। यह उनका पहला सत्र होगा। 21 दिसंबर तक चलने वाले इस चार दिवसीय सत्र में नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलवाई जाएगी। सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव 230 विधायक गणों को शपथ दिलवाएंगे। इसके बाद राज्यपाल का अभिभाषण होगा। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन किया जाएगा। चयन होने पर उन्हें शपथ दिलवाई जाएगी।*

### यह नेता नहीं आएंगे विधानसभा में नजर

कांग्रेस से पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, कुणाल चौधरी, पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व मंत्री तरुण भनोट, केपी सिंह कक्का, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एनपी प्रजापति और लक्ष्मण सिंह जेसे कांग्रेस के कई दिग्गज नेता इस बार सत्र में नहीं होंगे। खास बात है कि इनमें से कई ऐसे नेता हैं। जो विधानसभा में कार्रवाई के दौरान सबसे ज्यादा चर्चा में रहे। इसके पीछे कारण रहा कि कई मुद्दों पर सरकार को घेरने के लिए काफी ज्यादा हंगामा भी किया। इसके अलावा पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा और विजय लक्ष्मी साधौ भी नजर नहीं आएंगी।

---

## मंत्रिमंडल के विस्तार में नए व पुराने चेहरों को किया जाएगा शामिलः मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार के मंत्रिमंडल के 10 सदस्यों के नाम को लेकर सस्पेंस बना हुआ है। इसी बीच दिल्ली में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर रायपुर लौटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर बड़ा बयान दिया है।



रायपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में सीएम साय ने कहा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की है, कुछ चर्चाएं हुई हैं, बहुत जल्द मंत्रिमंडल का गठन होगा। नए और पुराने दोनों चेहरे को मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी। सीएम साय समेत उप मुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा ने रविवार को दिल्ली में हाईकमान से मुलाकात की।

### मंत्रिमंडल पर दिल्ली में मंथन

नेताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नबीन, डॉ. मनसुख मांडविया, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अजय जामवाल व अन्य के साथ बैठक में मंत्रिमंडल को लेकर मंथन करने के बाद नाम तय कर लिए हैं। जल्द ही नाम सार्वजनिक किए जा सकते हैं। गौरतलब है कि प्रदेश की 90 सदस्यीय विधानसभा में मुख्यमंत्री समेत 13 मंत्री ही हो सकते हैं। अब तक मुख्यमंत्री और दो उप मुख्यमंत्री नियुक्त हो चुके हैं।

### जातिगत समीकरण से मंत्रिमंडल का विस्तार

पार्टी सूत्रों की मानें तो साय के मंत्रिमंडल में इस बार चौंकाने वाले नाम हो सकते हैं। पार्टी जातिगत समीकरण को साधते हुए मंत्रिमंडल को विस्तार दे सकती है। जिस तरह पहली बार विधायक बने विजय शर्मा को उप मुख्यमंत्री बनाया गया है, उसी तरह मंत्री भी बनाए जा सकते हैं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी हर वर्ग को साधना चाहेगी। मुख्यमंत्री आदिवासी वर्ग से, उप मुख्यमंत्री ओबीसी और सामान्य वर्ग से बनाने के बाद मंत्रियों में भी इसी तरह जातिगत समीकरण देखने को मिल सकता है। ओबीसी वर्ग से विधायक व पूर्व आईएएस ओपी चौधरी, अनुसूचित जाति वर्ग से गुरु खुशवंत साहेब का नाम भी चर्चा में है। महिला विधायकों में रेणुका सिंह, गोमती साय और लता उसेंडी में से किसी एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

## चुनाव में भाजपा के वादेः जनता को घोषणाओं के पूरा होने का इंतजार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के नतीजे आए 15 दिन बीते चुके हैं। प्रदेश के लोगों को अब भाजपा के घोषणा-पत्र में किए गए चुनावी वादों के पूरा होने का इंतजार है। इनमें धान खरीदी, रसोई गैस सब्सिडी, महतारी वंदन जैसी महती योजनाओं के संबंध में दिशा-निर्देशों का बेसब्री से इंतजार किया जा रहा है। प्रदेश के लोगों में इस बात की चर्चा है कि चुनाव पूर्व घोषित की गई जनहितैषी योजनाओं का लाभ कब से मिलेगा।

प्रदेशभर में धान खरीदी की प्रक्रिया चरम पर हैं। अब तक प्रदेश में 7.86 लाख किसानों से 35.57 लाख टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 7,300 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन यह भुगतान किसानों को 2,640 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से किया जा रहा है। 3,100 रुपए प्रति क्विंटल का लाभ अभी किसानों को नहीं मिल पा रहा है। जिसका किसानों को बेसब्री से इंतजार है। इसके अलावा महतारी वंदन योजना में महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की राशि प्रदान की जानी है। चुनावी घोषणाएं पूरी करने के लिए भाजपा सरकार को विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश करना पड़ेगा। हालांकि शपथ लेने के बाद पहली कैबिनेट की बैठक में 18 लाख आवास दिए जाने का वादा पूरा करने को भाजपा सरकार की सधी हुई शुरुआत कहा जा सकता है। वहीं, दूसरी ओर इसके अलावा इस बैठक में भाजपा की ओर से कोई बड़ी घोषणा नहीं होना चर्चा का विषय बन चुका है। विपक्ष ने भी इस मामले पर सरकार पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसी कई घोषणाएं हैं, जिससे आम आदमी का लाभ जुड़ा हुआ है।

## वन्य विहार में पौधरोपण करने के दिए निर्देश

# गो-वंश वन्य विहार को बनाया जाएगा आत्मनिर्भरः शुक्ल

डिप्टी सीएम ने बसामन मामा का किया पूजन-अर्चन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने बसामन मामा गो-वंश वन्य विहार में गोपूजन और गोमाता का आशीर्वाद लेकर दिन की शुरुआत की। उन्होंने बसामन मामा का पूजन-अर्चन किया। उन्होंने बसामन मामा गोवंश वन्य विहार के संचालन के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की।

उन्होंने वन्य विहार के संपूर्ण परिसर में सघन पौधरोपण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पेड़ों को जीवित और सुरक्षित करने के निर्देश दिए।

### टमस नदी से वन्य विहार तक आएगा जल

*उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बसामन मामा गोवंश वन्य विहार को आत्मनिर्भर बनाने के सभी कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री ने निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऑफिस निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराएं और टमस नदी से गो वन्य विहार तक पानी की व्यवस्था का कार्य करें। गोवंश से निर्मित होने वाली बर्मी खाद, सफाई के उपयोग में गोमूत्र से बनने वाले गोनाइल तथा अन्य उत्पादित सामग्री के शासकीय कार्यालयों व संस्थानों में विक्रय का प्रबंधन और विभागों से एमओयू कराएं, ताकि यहां के उत्पाद की मांग और बिक्री बढ़ें।*

### वन्य विहार के लिए जमीन चिन्हित करने के दिए निर्देश

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि समीप स्थित पूर्वा फ़ॉल में सैलानियों की भीड़ रहती है। अब वह गोवंश वन्य विहार भी आएं ऐसी व्यवस्थाएं करें। शुक्ल ने जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक बड़ा गोवंश वन्य विहार के लिए पर्याप्त जमीन चिन्हित करने के निर्देश दिए, ताकि जिले के बेसहारा गौवंश के संरक्षण प्रयासों में तेजी आए। बैठक में कलेक्टर सहित विभागीय अधिकारी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

---

## पांच साल बाद केंद्र की योजना ने एक बार फिर पकड़ी रफ्तार

# जिन लाभार्थियों को गैस कनेक्शन नहीं मिला था उन्हें तत्काल दे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

पांच साल बाद छत्तीसगढ़ में एक बार फिर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की धमक दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए 16 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा की देशभर में शुरुआत की। इसी के साथ बिलासपुर जिले के शहरी व ग्रामीण इलाकों में शिविर लगाकर पीएम उज्जवला योजना के हितग्राहियों को मौके पर ही रसोई गैस कनेक्शन देने का काम किया जा रहा है।

स्वच्छ ईंधन, बेहतर जीवन के नारे के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक मई 2016 को सामाजिक कल्याण योजना के तहत प्रधानमंत्री उज्जवला योजना की शुरूआत की थी। तब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार काबिज थी। राज्य सरकार ने इस योजना को प्रभावी बनाने और बीपीएल परिवार से जुड़ी महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन देने के लिए चूल्हा और रेगुलेटर को फ्री कर दिया था। लिहाजा पूरा कनेक्शन ही हितग्राहियों के लिए मुफ्त हो गया था। यह योजना प्रदेश में दो साल तेजी के साथ चली। वर्ष 2018 में विधानसभा चुनाव के बाद जैसे ही प्रदेश में सरकार बदली और कांग्रेस काबिज हुई राज्य सरकार ने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया। पूरे पांच साल इस योजना पर अमल ही नहीं हो पाया। अब जबकि राज्य की सत्ता पर भाजपा काबिज हो गई है। पीएम उज्जवला योजना की शुरुआत कर दी गई है। विकसित संकल्प भारत यात्रा में केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ ही पीएम उज्जवला योजना को भी शामिल कर लिया है। यात्रा के दौरान शहरी व ग्रामीण इलाकों में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के दौरान योजना के लाभार्थियों को जिन्हें गैस कनेक्शन नहीं मिल पाया है तत्काल दिया जा रहा है।



### देशभर में 75 लाख कनेक्शन बांटने का लक्ष्य

केंद्र सरकार ने पीएम उज्जवला योजना के तहत 75 लाख लाभार्थियों को रसोई गैस कनेक्शन बांटने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश के लिए तय लक्ष्य से प्रदेश के बीपीएल हितग्राहियों को लाभ मिलेगा। राज्य अधिक से अधिक हितग्राहियों के रसोई घर को चूल्हे के बजाय रसोई गैस कनेक्शन से लैस कर सकेगा। यही कारण है कि जिलेवार बीपीएल सर्वे सूची में शामिल नाम जिनको अब तक रसोई गैस कनेक्शन नहीं मिल पाया है, उनको देने का काम प्रारंभ कर दिया है।

### 500 रुपए में मिलेगा गैस सिलेंडर

*मोदी की गारंटी के तहत प्रदेश के पीएम उज्जवला योजना के हितग्राहियों को अब 500 रुपए में रसोई गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राहियों से ई केवाइसी कराई जा रही है। इसके लिए पेट्रोलियम मंत्रालय ने रसोई गैस निर्माता कंपनियों को निर्देश जारी कर दिया है। कंपनियों ने अपने एजेंसी संचालकों को ई मेल के जरिए संदेश भेज दिया है। कंपनी से मिले निर्देश के बाद एजेंसी संचालकों ने अपने उपभोक्ताओं से ई केवाइसी कराने जरूरी दस्तावेज लेकर पहुंचने कहा जा रहा है।*

### इनसे मिलेगी मुक्ति

- अस्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल की वजह से करोड़ों महिलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।
- 10 करोड़ महिलाओं के घरों में लकड़ी, उपले, कृषि कचरे, कोयला आदि का उपयोग हो रहा है।
- इस तरह के ईंधनों से लोगों की आंखों को नुकसान पहुंचने के साथ ही फेफड़े खराब हो रहे हैं।
- लाखों महिलाओं में क्रोनिक आब्स्ट्रेक्टिव पुलमोनरी और निमोनिया की बीमारी धीरे-धीरे फैल रही है।
- चूल्हे के धुएं का प्रभाव ऐसे होता है, जैसे एक घंटे में किसी व्यक्ति ने 400 सिगरेट पी ली हो।
- 25 लाख लोगों को गैस कनेक्शन बंट जाता है तो छत्तीसगढ़ में 12 करोड़ पेड़ कटने से बच जाएंगे।

जबलपुर
मंगलवार, 19 दिसंबर 2023
- अगहन मास शुक्ल पक्ष-7
- वर्ष : 18, अंक : 228
- पृष्ठ : 2+6+6=14, मूल्य : 3.00 रुपये

मौसम
अधि. 23
न्यून. 05

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

अध्यक्ष के लिए नामांकन दाखिल करते तोमर



### बुधवार को भी एक संभावना

## नाम तय होते ही मंत्रिमंडल 'विस्तार' अब कभी भी...

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कैबिनेट के विस्तार की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। नई दिल्ली से मंत्रियों के नाम को हरी झंडी मिलते ही शपथ दिला दी जाएगी। इस पर गहन मंथन चल रहा है। पहली बार में 20 विधायकों को कैबिनेट व राज्य मंत्री बनाया जा सकता है। पहले प्रति लोकसभा क्षेत्र एक विधायक को मंत्री पद देने पर चर्चा हुई थी, किंतु इससे कई तरह के समीकरण बिगड़ रहे थे। ऐसे में विचार हुआ कि एक संभाग से दो विधायकों को मंत्री बनाया जाए। इस पर भी अभी कुछ तय नहीं हो पाया है। सारी कवायद लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर हो रही है। इससे पहले यह चर्चा शुरू हुई थी कि मंगलवार को देर शाम शपथ दिला दी जाएगी, किंतु नाम फाइनल नहीं होने की वजह से इस पर कोई निर्णय नहीं हो सका। अब एक संभावना बुधवार की बन रही है।*

- संभवतः आज नई दिल्ली में हो जाएगी सूची फाइनल

### विधानसभा के 207 सदस्यों ने ली शपथः बाकी बचे 23 सदस्यों का शपथ ग्रहण आज

# 12 विधायकों ने संस्कृत व एक-एक सदस्य ने उर्दू व अंग्रेजी में ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विधानसभा सत्र के पहले ही दिन 230 में से 207 सदस्यों ने शपथ व प्रतिज्ञान ले लिया। इसमें से 12 सदस्यों ने संस्कृत में शपथ ग्रहण की, जबकि एक सदस्य ने उर्दू व एक ने अंग्रेजी में शपथ ली। बाकी बचे 23 सदस्यों का शपथ ग्रहण दूसरे दिन मंगलवार को होगा। सोमवार को सत्र के पहले दिन ही विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए नव-निर्वाचित विधायक नरेंद्र सिंह तोमर ने नामांकन दाखिल किया है। उनके निर्विरोध अध्यक्ष चुने जाने के आसार बढ़ गए हैं।

- स्पीकर का चुनाव बुधवार को, निर्विरोध चुने जाएंगे तोमर

### शिवराज आज जाएंगे दिल्ली बड़ी जवाबदारी मिलने के आसार

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आखिरकर दिल्ली से बुलावा आ ही गया। वे मंगलवार को सुबह नई दिल्ली जाएंगे। उनकी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक होगी। यह भी आसार हैं कि पार्टी शिवराज को बड़ी जवाबदारी दे सकती है। इस बारे में हालांकि अभी कुछ तय नहीं है। वैसे, मंगलवार को सीएम यादव व दोनों डिप्टी सीएम भी दिल्ली पहुंचेंगे।

### दो तस्वीरों में शिवराज...





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा...

### सरकार सकारात्मक और विकासात्मक कार्य करती रहेगी

*शुभकामनाओं के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कांग्रेस नेता उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाए जाने पर उज्जल भविष्य की शुभकामनाएं व बधाई दी। उन्होंने कहा कि मेरी सरकार सकारात्मक व विकासात्मक कार्य लगातार करती रहेगी। नेता प्रतिपक्ष से उम्मीद करते हैं कि आपका सहयोग सदैव अपेक्षित रहेगा। इस बीच नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद व शुभकामना देते हुए विश्वास दिलाया कि वे सहसोग के साथ ही जनता के हित में सार्थक आवाज उठाते रहेंगे।*

### संसद में घुसैपठियों की करतूत के बाद विपक्ष लगातार कर रहा 'हंगामा,' सरकार से संसद में मांग रहा 'जवाब'

# अब तक '92'

## लोकसभा से पहले 14 और सोमवार को 33 और राज्यसभा से 45 सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया

### संसद में सेंध के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों ने पोस्टर लहराए, 78 सांसद निलंबित

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमारी दो सिंपल और वास्तविक डिमांड हैं- पहली, गृह मंत्री संसद के दोनों सदनों में आकर इस मसले पर बयान दें। दूसरी, इस मसले पर डिटेल में चर्चा होनी चाहिए।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी के प्रस्ताव पर ये सभी सांसद निलंबित किए गए








*विपक्ष का ये पूरी तरह अभद्र व्यवहार*

लोकसभा से विपक्षी सांसदों के निलंबन पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि विपक्ष ने अभद्र व्यवहार किया। विपक्ष असुरक्षित महसूस कर रहा है।


अधीर रंजन चौधरी


केसी वेणुगोपाल


रणजीत सुरजेवाला


टीआर बालू


सौगत रॉय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक मामले को लेकर पोस्टर लेकर आए हंगामा काट रहे विपक्षी सांसदों पर गाज गिर गई। सोमवार को लोकसभा से 33 व राज्यसभा से 45 सांसदों को सस्पेंड कर दिया गया। यानी, दोनों सदनों से कुल 78 सांसद निलंबित किए गए। लोकसभा से पहले 14 सांसद निलंबित हो चुके हैं। इस तरह अब तक कुल 92 सांसदों पर निलंबन की गाज गिर चुकी है। 11 को प्रिविलेज कमेटी के पास भेजा गया है। सोमवार को दोनों सदनों से सस्पेंड किए गए सांसदों में कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी, डीएमके के टीआर बालू और दयानिधि मारन और टीएमसी के सौगत रॉय का भी नाम शामिल है।

### 34 पूरे सत्र के लिए बाहर

जिन 34 सांसदों को पूरे सत्र से बाहर किया गया है, वे- प्रमोद तिवारी, जयराम रमेश, अमी याजनिक, नारणभाई जे. राठवा, सैयद नासिर हुसैन, फूलो देवी नेताम, शक्तिसिंह गोहिल, केसी वेणुगोपाल, रजनी अशोकराव पाटिल, रंजीत रंजन, इमरान प्रतापगढ़ी, रणदीप सिंह सुरजेवाला, सुखेन्दु शेखर रे, मोहम्मद नदीमुल हक, अबीर रंजन विश्वास, डॉ. शांतनु सेन, मौसम नूर, प्रकाश चिक बड़ाइक, समीरुल इस्लाम, एम. शनमुगम, एनआर एलंगो, डॉ. कनिमोझी एनवीएन सोमू, आर. गिरिराजन, प्रो. मनोज कुमार झा, डॉ. फैयाज अहमद, डॉ. वी. सिवादासन, रामनाथ ठाकुर, अनिल प्रसाद हेगड़े, वंदना चव्हाण, प्रो. रामगोपाल यादव, जावेद अली खान, महुआ माजी, जोस के. मणि, अजित कुमार भुइयां 'शामिल हैं।

### कहा- न मोदी बोल रहे और न शाह इसीलिए, संसद बार-बार स्थगित

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि संसद सत्र चल रहा है। इंडिया गठबंधन की पार्टियां गृह मंत्री से घटनाओं पर दोनों सदनों में बयान की मांग कर रही हैं।

### अब विधायक का चुनाव नहीं लड़ेंगे डॉ. गोविंद सिंह



**भोपाल।** मप्र विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ा है। इससे कई दिग्गज भी इस चुनाव में अपनी सीट गंवा चुके हैं। इन्हीं में से सात बार के विधायक रहे डॉक्टर गोविंद सिंह ने अब विधायक का चुनाव नहीं लड़ने का ऐलान कर दिया है। समर्थकों के बीच पहुंचकर सिंह द्वारा इस बात की घोषणा की है। इसके साथ ही डॉक्टर गोविंद सिंह ने दो टूक कह दिया है कि उनके समर्थक जिस नए चेहरे को अपना नेता चुन लेंगे। वह भी उसी के साथ हो जाएंगे। इस दौरान उन्होंने मंच से संबोधन में ईवीएम पर सवाल खड़े करते हुए ईवीएम में गड़बड़ी होने का दावा किया और अमित शाह द्वारा दो तिहाई बहुमत हासिल करने के दावे पर भी सवाल खड़े किए हैं।

### तो...करीब 80 लाख ड्राइवरों की चली जाएगी नौकरी

## मंत्री गडकरी ने कहा-भारत में नहीं आएंगी 'ड्राइवरलेस' कारें

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर कहा है कि वह भारत में ड्राइवर रहित कारों की अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि अगर देश में स्वायत्त वाहन लाए गए, तो 80 लाख ड्राइवर बेरोजगार हो जाएंगे। आईआईएम नागपुर में आयोजित जीरो माइल संवाद के दौरान देश में सड़क सुरक्षा संबंधी चिंताओं को संबोधित करते हुए गडकरी ने दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सरकारी उपायों के लिए फ्रेमवर्क तैयार किया, जिसमें कारों में छह एयरबैग को शामिल करना, सड़कों पर ब्लैक स्पॉट को कम करना और इलेक्ट्रिक मोटर्स अधिनियम के माध्यम से जुर्माना बढ़ाना शामिल है।



### दुर्घटनाओं को कम करने के लिए फ्रेमवर्क तैयार

#### टेस्ला इंक का स्वागत पर चीन में निर्माण स्वीकार नहीं

टेस्ला इंक के भारत में आने के सवाल पर, गडकरी ने कहा कि सरकार, भारत में अमेरिकी वाहन निर्माता का स्वागत करने के लिए तैयार है, लेकिन भारत में बिक्री के लिए चीन में निर्माण को स्वीकार नहीं किया जाएगा। हाइड्रोजन को फ्यूचर ईंधन बताते हुए गडकरी ने बताया कि हम पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने में मदद के लिए सर्वोत्तम तकनीक लाने की दिशा में काम कर रहे हैं।

### पीजीआई लखनऊ में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

## महिला व बच्चे की दर्दनाक मौत वेंटिलेटर फटने से आग लगी!

ओटी में स्पार्क से आग लगने की घटना, उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उप्र राजधानी के पीजीआई अस्पताल में सोमवार को शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। हादसे में एक महिला व एक छोटे बच्चे की दर्दनाक मौत हो गई। मामले में उच्चस्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। शहर के संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के ओटी एक में अपराह्न 12.40 पर मॉनिटर में स्पॉर्क होने के कारण आग लग गई।



#### मुख्यमंत्री योगी ने लिया घटना का संज्ञान

मुख्यमंत्री योगी ने एसजीपीजीआई में लगी आग की घटना का संज्ञान लिया है और वरिष्ठ अधिकारियों और फायर बिग्रेड की टीमों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य तेजी से करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाने और उचित उपचार का निर्देश दिया है।

### पुणे के अहमदनगर-कल्याण हाईवे पर हादसा

## पिकअप और रिक्शा की भीषण टक्कर, 8 की मौत

**पुणे।** अहमदनगर-कल्याण हाईवे पर सड़क हादसा हुआ है। रविवार देर रात एक पिकअप ट्रक की यात्री रिक्शा से टक्कर हो गई, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई। यह घटना डिंगोर-पिंपलगांव की सीमा पर कल्याण हाईवे रोड के पास पेट्रोल पंप के सामने हुई। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। ओटूर से कल्याण की ओर से सब्जी लेकर आ रहे पिकअप ट्रक और कल्याण से ओटूर आ रहे एक यात्री रिक्शा के बीच टक्कर हो गई। पिकअप में चालक, उसकी पत्नी, 2 बच्चे और परिवार का एक और शख्स बैठा था। वहीं, रिक्शा में चालक समेत 2 यात्री थे। टक्कर इतनी जोरदार थी की सभी की मौत हो गई।

- रिक्शा में सवार सभी की मौत हुई, पांच एक ही परिवार के



### कोरोना से मौत के बाद अलर्ट मोड पर कर्नाटक

**कोडागु (कर्नाटक)।** पड़ोसी राज्य केरल में एक महिला में कोविड-19 का सब-वेरिएंट जेएन.1 पाए जाने के बाद कर्नाटक सरकार अलर्ट हो गई है। सोमवार को स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने राज्य के वरिष्ठ नागरिकों को मास्क पहनने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार केरल में स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रही है।



### महिला ने पति की मांगी रिहाई

## हाईकोर्ट में याचिका : मुझे संतान चाहिए, पति को जमानत दीजिए

**जबलपुर।** हाईकोर्ट में संतान पैदा करने के लिए पति की रिहाई के लिए लगाई गई याचिका पर सुनवाई टल गई। सोमवार को लंच के बाद जस्टिस विवेक अग्रवाल की कोर्ट में सुनवाई शुरू हुई। शासन की ओर से पेश हुए वकील से महिला की मेडिकल रिपोर्ट मांगी गई। फाइल में रिपोर्ट नहीं थी। इस पर जस्टिस विवेक अग्रवाल ने एक हफ्ते बाद मेडिकल रिपोर्ट के साथ पेश होने के निर्देश दिए हैं। इससे पहले नवंबर में महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक अग्रवाल ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस चिकित्सा महाविद्यालय के डीन को 5 डॉक्टरों की टीम गठित करने के आदेश दिए थे। कहा था कि मेडिकल टीम ये पता लगाए कि महिला गर्भधारण करने के लिए फिट है या नहीं? अगली सुनवाई की तारीख 18 दिसंबर तय की थी। इस केस में सीनियर अधिवक्ता वसंत डैनियल के साथ शैफाली सराफ, दामिनी सिंह, बिलाल मंसूरी और गुंजन दुआ ने भी पैरवी की।

- मेडिकल रिपोर्ट नहीं होने पर सुनवाई टली



खंडवा की रहने वाली महिला ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में कहा है कि एक आपराधिक केस में दोषी पाए जाने पर पति को कारावास की सजा मिली है। मौजूदा समय में पति इंदौर जेल में बंद है। उसने इच्छा जाहिर की थी कि वह मातृत्व सुख पाना चाहती है, जिसके लिए पति को एक महीने के लिए अस्थायी जमानत दी जाए। महिला के वकील ने राजस्थान हाईकोर्ट की नजीर पेश की जिसमें कैदी को 15 दिन की पैरोल दी गई थी।



हरिभूमि
# सहेली
जबलपुर, मंगलवार
19 दिसंबर 2023

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं। बंधुत्व घटता जा रहा है। ऐसे में हमारे आस-पास रीतापन आएगा ही। खुशियां खो जाएंगी, हम उदासी से घिर जाएंगे। लोग अपने को अकेला, निस्सहाय समझेंगे। ऐसे में प्रभु यीशु के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला क्रिसमस का पर्व ना सिर्फ हमें नई आशाओं और उमंगों से भरता है, उनके प्रेम-सद्भाव के संदेश हमें मानवता की राह पर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देते हैं।

# क्रिसमस
## प्रेम-सद्भाव के जुड़ाव का पर्व

कवर स्टोरी
डॉ. मोनिका शर्मा

खुशी और आपसी स्नेह से भरे क्रिसमस के त्योहार का इंतजार सभी को रहता है। विदा होते साल में अपनों के साथ स्नेह-प्रेम और प्रकाश के साथ मनाया जाने वाला यह पर्व पूरे समाज को इंसानी भाव और जुड़ाव से जगमग करने का संदेश साथ लेकर आता है। अपनों का साथ इस सेलिब्रेशन को और अहम बना देता है। बंधुत्व और प्रेम-सद्भाव की भावनाओं को पोषित करने वाले प्रभु यीशु को समर्पित प्रार्थना के स्वर हर ओर गूंजते हैं।



**संवेदनाओं की सीख**

पारिवारिक जीवन हो, हमारा परिवेश या सार्वजनिक स्थलों पर हमारी साझी मौजूदगी हो या फिर काम-काजी दुनिया, करुणा और संवेदना के भाव आज कहीं गुम हो गए हैं। सूखते इमोशंस और रूखा बर्ताव, जिंदगी की कड़वी हकीकत बन गया है। ऐसे में दया-करुणा और प्रेम की सकारात्मकता के लिए प्रभु यीशु के संदेश, संवेदनाओं को पोसते हैं। करुणा और दया के भाव इंसान को सेवाभावी बनाकर दूसरों की पीड़ा समझने की संवेदनाएं जगाते हैं। भविष्य के प्रति सकारात्मकता और वर्तमान को लेकर आभार का भाव मन में भरते हैं। प्रभु यीशु ने कहा है, 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' आज हर ओर सब कुछ पा लेने की भाग-भाग में संवेदनाएं खत्म हो गई हैं। ना तो एक दूजे का दुःख महसूस किया जाता है, ना ही किसी के टूटने-बिखरने की मनःस्थिति समझी जाती है। ऐसे में क्रिसमस के उत्सवीय रंग एक-दूसरे को समझने, शांति और प्रेम के साथ रहने के विचार को बल देते हैं। यीशु ने भी यही कहा, 'ईश्वर अपने सभी बच्चों से बेहद प्यार करता है। हमें सभी के साथ प्रेम-सम्मान का रिश्ता बनाना चाहिए।' घर के आंगन से लेकर गिरिजाघरों की जगमगाती सजावट के बीच क्रिसमस का उत्सव, प्रेम-सम्मान की ऐसी ही सकारात्मक उमंगों का संचार करता है।

**आशाओं में विश्वास**

केक, केरोल्स और कैंडीज के साथ मनाया जाने वाला यह उत्सव, उम्मीदों को भी आधार देता है। बहुत से देशों में क्रिसमस के आस-पास छुट्टियां शुरू हो जाती हैं। छुट्टियों के इन दिनों में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी सेलिब्रेशन के मूड में आ जाते हैं। इससे हंसी-खुशी के परिवेश में साथ रहते हुए, दूसरों की मदद करने और भाईचारे को बनाए रखने की सीख मिलती है। परोपकार की सीख देने वाला यह पर्व आशाओं को मन में जगह देने और पूरा होने के निश्छल विश्वास की भी सीख देता है। सैंटा के आने और उपहार दे जाने में बच्चे ही नहीं, बड़े भी एक विश्वास का भाव महसूस करते हैं। देवदूत के काल्पनिक अवतार के रूप में उपहार लेकर सैंटा क्लॉज का आना, फेस्टिव उमंगों का सबसे सुंदर हिस्सा है। सवालों से परे भरोसे को पोसता यह मानवीय आस्था का बहुत ही प्यारा भाव है, जो असल जिंदगी में भी बेहतरी की उम्मीदों को बल देता है। स्वयं को हर हाल में थाम लेने की शक्ति देता है। स्वयं अपने जीवन और समाज में सुख, शांति और समृद्धि के लिए विश्वास का यह भाव बेहद आवश्यक है। यीशु का यह सुंदर संदेश सदैव स्मरणीय है, 'जीवन को बहुमूल्य समझो और स्वयं पर विश्वास करो।' a



**यूनिवर्सल सेलिब्रेशन**

क्रिसमस का त्योहार एकता, खुशी और आशा के यूनिवर्सल मनोभाव पैदा करता है। मान्यता है कि इस दिन मदर मैरी के घर ईसा मसीह का जन्म हुआ था। प्रभु यीशु ने कम आयु में ही मानवता, आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने के लिए समग्र संसार को प्रेरणा दी। मानवीय मूल्यों को बचाने वाले ईसा मसीह के संदेशों में दयालुता, क्षमा, दूसरों का भला करने की सोच और सभी का सम्मान करने का भाव शामिल है। आज जब पूरी दुनिया में अस्थिरता छाई है, उनकी बातों का अनुसरण शांति और सद्भाव की राह सुझाने वाला है। एक-दूजे से उलझते पड़ोसी देश हों या समाज में फैलती नकारात्मकता, प्रभु यीशु का यह विचार, 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो, वैसा व्यवहार उनसे करो।' सभी उलझनों का हल है। ऐसे में क्रिसमस यानी प्रभु यीशु का जन्मदिन, दुनिया के हर इंसान को सत्य, निष्ठा, करुणा और सह-अस्तित्व की राह पर चलने की प्रेरणा देने वाला एक विशेष दिन है। a

सेलिब्रेशन / निधि गोयल

# जब घर पर करनी हो क्रिसमस पार्टी

अगर आने वाली क्रिसमस पर आप घर में ही पार्टी ऑर्गनाइज करना चाहती हैं तो इसकी तैयारी आज से ही शुरू कर दें। इसमें तैयारियों से जुड़ी हर छोटी-छोटी बात का अगर आप ध्यान रखेंगी तो सभी गेस्ट्स शानदार पार्टी एंज्वॉय करेंगे। इस बारे में हम दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

दिसंबर का महीना शुरू होते ही बच्चे ही नहीं बड़ी उम्र के लोग भी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार करने लगते हैं। इसे लेकर कई तरह की तैयारियों में सब जुट जाते हैं। आप भी घर में क्रिसमस पार्टी को ऑर्गनाइज करके इस दिन को बहुत स्पेशल बना सकती हैं। लेकिन अगर पहले से ही पार्टी की प्लानिंग नहीं करेंगी, तो शानदार पार्टी ऑर्गनाइज नहीं कर पाएंगी। आपको यहां हम बता रहे है कि किस तरह आप घर पर क्रिसमस पार्टी ऑर्गनाइज कर सकती हैं।



**रूम डेकोरेशन :** क्रिसमस पार्टी जिस रूम या हॉल में आप ऑर्गनाइज करना चाहती हैं, उसे अच्छी तरह से डेकोरेट करना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप वॉल हैंगिंग खरीदकर ला सकती हैं या अगर टाइम हो तो खुद भी क्रिएट कर सकती हैं। लेकिन ध्यान रखें कि पार्टी थीम क्रिसमस है, तो उसके हिसाब से ही आपको सभी चीजों का सेलेक्शन करना होगा। अगर आपका बजट कम है तो आप गुब्बारों से भी घर को सजा सकती हैं। आप रेड, व्हाइट या गोल्डन कलर के बैलूंस से रूम को सजा सकती हैं। घर की एंट्री पर ऐसे बैलूंस और वॉल हैंगिंग्स जरूर सजाएं, ताकि आपका घर बाहर से और खूबसूरत दिखे।



**क्रिसमस ट्री-सेंटाक्लॉज :** क्रिसमस पार्टी का बहुत इंपॉर्टेंट पार्ट क्रिसमस ट्री होता है। आप घर में पार्टी ऑर्गनाइज कर रही हैं तो क्रिसमस ट्री को भी एक कोने में जरूर सजाएं। उस ट्री पर बेल्स, चॉकलेट्स और लाइट्स सजा सकती हैं। पार्टी की शाम से लेकर रात तक ये बहुत खूबसूरत लगेंगे। जिस जगह पर क्रिसमस ट्री रखना चाहती हैं, वहां पर कॉटन बिखेर दें, इससे बर्फ का अहसास होगा। इसके अलावा फैमिली के किसी एक मेंबर को सेंटा के गेटअप में रेडी करवाएं तो पार्टी और मजेदार हो जाएगी, क्योंकि बच्चों को सेंटा बहुत पसंद होते हैं।

**म्यूजिक सिस्टम :** म्यूजिक के बिना तो हर पार्टी अधूरी रहती है, तो आप इस पार्टी में म्यूजिक का अरेंजमेंट करना ना भूलें। पहले से ही ऐसे म्यूजिक रिकॉर्ड्स और सॉन्ग्स सेलेक्ट कर लें, जो क्रिसमस से रिलेटेड हों। इससे पार्टी में क्रिसमस का और भी शानदार माहौल बन जाएगा। इसके अलावा कुछ हैप्पी, ज्वॉयफुल मूड्स के सॉन्ग्स भी सेट करके रखें। डांस के लिए भी थोड़ा स्पेस बनाएं।

**पार्टी मेन्यू :** पार्टी है तो खाने-पीने का इंतजाम भी जरूरी है। इस बारे में पहले ही डिसाइड कर लें कि आप पार्टी में किस तरह की डिशेज रखना चाहती हैं? अगर बच्चे और बड़े हर उम्र के लोग पार्टी में आ रहे हैं तो आपको सभी की पसंद के अनुसार डिशेज तैयार करनी होंगी। हैवी डिनर के बजाय कई तरह के लाइट स्नैक्स रखना अच्छा रहेगा। आप पार्टी अरेंजमेंट और गेस्ट्स का वेलकम करने में बिजी रहेंगी तो बेहतर होगा कि डिशेज खुद बनाने की बजाय किसी होटल या रेस्टोरेंट से ऑर्डर करके मंगवा लें। अगर आप कुछ डिशेज खुद बना रही हैं तो डिशेज, इस तरह की हों, जो जल्दी से गर्म करके सर्व हो जाए। इससे आप भी पार्टी एंज्वॉय कर पाएंगी। डिशेज सर्व करने के लिए क्रॉकरी या डिस्पोजेबल्स पहले ही डाइनिंग टेबल पर अरेंज करके रख लें।

**ना भूलें गिफ्ट्स देना :** अब बात आती है कि पार्टी में शामिल होने वाले बच्चों को गिफ्ट्स में क्या दिया जाए? आप गिफ्ट्स के छोटे-छोटे पैकेट्स बना सकती हैं। इनमें उनकी पसंद की ड्राय फूड आइटम्स, चॉकलेट्स और कैंडीज डाल सकती हैं। इनके अलावा स्टेशनरी के सामान को भी पैक करके गिफ्ट के तौर पर दे सकती हैं। या फिर ट्वॉयज भी दे सकती हैं। सबसे अच्छा होगा कि ये गिफ्ट्स बच्चों को वो व्यक्ति दे, जिसने सैंटा का गेटअप लिया हो। a




एक्सप्रेशंस/ प्रस्तुति : रेणु खंतवाल

# आइए फैलाएं हम प्रभु यीशु का संदेश

समाज-परिवार में प्रभु यीशु के प्रेम-करुणा के संदेश को फैलाने में महिलाएं कैसे एक अच्छी और अहम भूमिका निभा सकती हैं। बता रही हैं अपने-अपने क्षेत्र की कुछ नामचीन हस्तियां।

### हिमानी शिवपुरी, अभिनेत्री



**हर धर्म** प्रेम और मानवता का संदेश देता है। इस नजर से देखें तो अपने संस्कारों और मूल्यों से स्त्री, समाज में प्रेम, करुणा और मानवता का संचार करती है। लगभग हर इंसान चाहता है कि वह कुछ ऐसा करे कि दूसरों को खुशी मिले। चाहे वह उसके परिवार के लोग हों, रिश्तेदार हों या आस-पास में रहने वाले लोग हों। हम कलाकार व्यस्तता के कारण ज्यादातर अपना त्योहार सेट पर ही मना लेते हैं। मेरी मेड असम से है, वह ईसाई है। इसलिए मैं उसे क्रिसमस पर जरूर कुछ ना कुछ गिफ्ट देती हूं। जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए मैं हमेशा तैयार रहती हूं, जैसे फुटपाथ पर जो बच्चे रहते हैं, उन्हें कभी कुछ बांट दिया, बुजुर्गों को कुछ दे दिया। ऐसा करने से इन लोगों के चेहरे पर एक अनोखी खुशी दिखती है। बेशक मेरी यह मदद बहुत छोटी ही क्यों ना हो, लेकिन इस तरह आप किसी के जीवन में सेंटा क्लॉज बनकर उसे छोटी-छोटी खुशियां तो दे ही सकते हैं। a

### शुद्धी रमनी, गायिका



**मेरे लिए** क्रिसमस का मतलब है, पूरा परिवार साथ बैठकर खाना खाए, खुशियां मनाए। हम दोस्तों को भी घर बुला लेते हैं। आपस में त्योहार की खुशियां बांटते हैं। एक-दूसरे को गिफ्ट देते हैं। मैं क्रिसमस पर घर में एक बड़ा सा क्रिसमस ट्री जरूर लेकर आती हूं, इसे हम सजाते हैं। मैं क्रिसमस को बहुत अच्छे से सेलिब्रेट करती हूं। 24 दिसंबर की रात को मैं अपनी फैमिली और फ्रेंड्स के लिए लेटर्स भी लिखती हूं। रात को सबके सिरहाने पर वह लेटर रख देती हूं। रात को ही क्रिसमस ट्री के नीचे सभी घरवालों के लिए गिफ्ट भी रख देती हूं। इसके बाद क्रिसमस के अगले दिन मेरा जन्मदिन होता है तो उस दिन मुझे परिवार और दोस्तों से प्यारे-प्यारे गिफ्ट मिलते हैं। सही मायने में त्योहारों की रौनक महिलाओं से होती है। वे ही इस तरह के सेलिब्रेशंस के माध्यम से पूरे परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों और आस-पड़ोस के लोगों को जोड़कर रखती हैं। देखा जाए तो प्रभु यीशु के प्रेम और करुणा के संदेश को समाज में फैलाने का काम सही मायने में महिलाएं ही करती हैं। a

### शोवना नारायण, कथक नृत्यांगना



**महिलाएं ही** सामाजिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को सहेज कर रखती हैं। वे बच्चों को अपनी संस्कृति और परंपराओं से परिचित कराती हैं। क्रिसमस का पर्व समाज में सभी के प्रति प्रेम, करुणा का भाव जगाता है। मेरे पति रोमन कैथलिक हैं, वे आस्ट्रिया में रहते हैं। मैं ज्यादातर पति और बेटे के साथ क्रिसमस मनाने वियना चली जाती हूं। क्रिसमस पर क्रिसमस ट्री घर में पहले ही आ जाता है। उसे लाइट से सजाया जाता है, ताकि हमारे भीतर जो अंधेरा है, वह दूर हो, हमारा जीवन प्रकाशवान हो। क्रिसमस पर जीसस क्राइस्ट के संदेशों को पढ़ा जाता है। इसके बाद क्रिसमस कैरल्स गाते हैं, इसके बाद मीठा खाया जाता है। लोग आधी रात को, जिस समय यीशु का जन्म हुआ था, चर्च जाकर प्रार्थना करते हैं। रात को ही या 25 दिसंबर की सुबह को बच्चों को गिफ्ट दिए जाते हैं। मैं भी बहुत उत्साह-उमंग से क्रिसमस मनाती हूं। a

मेकअप साधना शर्मा, ब्यूटीशियन

# फॉलो करें प्रॉपर स्टेप्स पाएं परफेक्ट पार्टी लुक

इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां जोरों पर हैं। घर को डेकोरेट करने के साथ पार्टी प्रिपरेशन और गिफ्ट की खरीदारी में आप जुटी होंगी। इस ऑकेजन के लिए स्पेशल ड्रेसअप के साथ ही क्रिसमस पार्टी मेकअप लुक भी कुछ डिफरेंट होना चाहिए। अगर आप यहां बताए जा रहे मेकअप टिप्स को स्टेप बाई स्टेप फॉलो करें तो क्रिसमस स्पेशल मेकअप लुक पा सकती हैं।



**मसाज करें:** मेकअप शुरू करने से पहले अपने फेस की मॉयश्चराइजर से अच्छे से मसाज कर लें। मसाज करने से चेहरे पर ब्लड सर्कुलेशन अच्छी तरह से होने लगता है। करीब 5 से 7 मिनट तक मसाज करने के बाद चेहरे को साफ कर लें।

**अप्लाई करें फाउंडेशन :** फेस की मसाज करने के बाद फाउंडेशन अप्लाई करें। अगर मेकअप करने के बाद आपकी स्किन ड्राय नजर आती है, तो इसके लिए फाउंडेशन में फेस ऑयल मिक्स कर सकती हैं। इससे मेकअप ड्राय नहीं होगा और कोई अलग से पैचेस भी नजर नहीं आएंगे। आप फाउंडेशन लगाते समय उसमें दो या तीन बूंद फेस ऑयल की जरूर मिक्स कर लें। कई महिलाएं मेकअप में पावडर फाउंडेशन का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन सर्दियों में पावडर की बजाय लिक्विड और क्रीमी टेक्सचर वाले क्रीम और फाउंडेशन बेस्ट ऑप्शन हैं।



**ब्लशर-आई मेकअप :** चूंकि आप क्रिसमस पार्टी के लिए मेकअप कर रही हैं तो आप ब्लशर में रेड कलर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत ज्यादा नहीं। ब्लशर को इस तरह अप्लाई करें कि वो नेचुरल लुक दे। इसके बाद आई मेकअप के लिए ग्लॉसी लुक वाला आईशैडो यूज करें, इससे आपके चेहरे पर चमक नजर आएगी।

**हाईलाइटर से करें टचिंग:** कुछ महिलाएं पार्टी में जाने के लिए हैवी मेकअप को सही मानती हैं जबकि एक्सपर्ट्स के अनुसार, मेकअप में बहुत ज्यादा प्रोडक्ट्स यूज ना करें यानी बहुत हैवी मेकअप से बचना चाहिए। सर्दियों में हैवी के बजाय नेचुरल मेकअप लुक ज्यादा सुंदर नजर आता है। आप मेकअप करने के बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। हाईलाइटर आपके मेकअप को ग्लोइंग टच देता है।

**लिपस्टिक :** क्रिसमस पार्टी को ध्यान में रखते हुए आप अपने लिप्स पर ग्लॉसी या फिर रेड लिपस्टिक अप्लाई कर सकती हैं। यह आपके ओवर ऑल मेकअप लुक को कंप्लीट करेगा। a

प्रस्तुति : मानसी



अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में डीलरशिप एवं ASM या SR हेतु संपर्क करें
Mobile: 92851 63700, Email: gdc.indore@gmail.com

### मारा गया आतंकी सरगना हाफिज सईद का राइट हैंड हबीबुल्लाह

# पुलवामा और उरी अटैक के आतंकी हबीबुल्लाह को गनमैन ने मारी गोली

*आतंकी हबीबुल्लाह पुलवामा और उरी अटैक में शामिल था। आतंकी हबीबुल्लाह को पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी। लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह को लेकर कहा जाता है कि वह पाकिस्तान में आवाम को आतंकी बनने के लिए मोटिवेट करता था और वह लश्कर में भर्ती कराने वाला शख्स था।*

एजेंसी ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में एक और बड़े आतंकवादी की हत्या हो गई है। लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी हबीबुल्लाह का पाकिस्तान में एक अज्ञात गनमैन ने कत्ल कर दिया। हालांकि, लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह की गोली मारकर किसने हत्या की है, इसका पता नहीं चल पाया है। आतंकवादी हबीबुल्लाह लश्कर चीफ हाफिज सईद का काफी करीबी था और उसकी हत्या सईद के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। आतंकी हबीबुल्लाह पुलवामा और उरी अटैक में शामिल था।



आतंकी हबीबुल्लाह को पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी। लश्कर आतंकी हबीबुल्लाह को लेकर कहा जाता है कि वह पाकिस्तान में आवाम को आतंकी बनने के लिए मोटिवेट करता था और वह लश्कर में भर्ती कराने वाला शख्स था। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान में अलग-अलग स्थानों पर अज्ञात बंदूकधारियों यानी गनमैन ने अब तक लगभग 23 आतंकवादियों को मार गिराया है।

**खास बातें**

- पख्तूनख्वा प्रांत में एक गनमैन ने टारगेट करके गोली मारकर हत्या कर दी
- वह पाकिस्तान में अवाम को आतंकी बनने के लिए करता था मोटिवेट
- अब तक 23 से ज्यादा आतंकी मारे जा चुके हैं

**कौन था हबीबुल्लाह?**

- *आतंकी हबीबुल्लाह को खान बाबा के नाम से भी जाना जाता था।*
- *हबीबुल्लाह लश्कर प्रमुख हाफिज सईद का करीबी सहयोगी था।*
- *हबीबुल्लाह लश्कर-ए-तैयबा के लिए युवाओं को भर्ती करने और प्रशिक्षण देने और उन्हें भारत में आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के लिए सीमा पार भेजने के लिए जिम्मेदार था।*
- *वह 2016 के उरी हमले में लगभग 20 भारतीय सेना के जवान शहीद हो गए थे।*
- *वह 2019 के पुलवामा हमले में भी शामिल था, जिसमें 40 सीआरपीएफ जवान शहीद हो गए थे।*

## दाऊद इब्राहिम की मौत की वायरल खबर के बाद समधी क्रिकेटर जावेद नजरबंद



पाकिस्तान से बड़ी खबर आ रही है। मोस्ट वांटेड डॉन दाऊद इब्राहिम को जहर दिया गया है और कराची के अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है। पाकिस्तान में कई इलाकों में इंटरनेट बंद कर दिया गया है।

दाऊद से समधी पूर्व क्रिकेटर जावेद मियांदाद को पूरी परिवार सहित हाउस अरेस्ट किया गया है। दाऊद इब्राहिम भारत के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक है। सोमवार को भी दिनभर ऐसी खबरें सोशल मीडिया पर वायरल होती रहीं, लेकिन किसी ने सरकारी एजेंसी ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की। कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह भी दावा किया जा रहा है वह मर चुका है। दाऊद को कथित तौर पर किसी अज्ञात व्यक्ति ने जहर दे दिया और उसे कराची के एक अस्पताल में ले जाया गया। पाक मीडिया में आ रही रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि दाऊद की हालत गंभीर है और उसे कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। कुछ रिपोर्ट्स में बताया कि दाऊद ठीक है, और कराची के घर में रह रहा है। दाऊद के समधी पूर्व पाकिस्तान दिग्गज क्रिकेटर जावेद मियांदाद को पूरे परिवार सहित हाउस अरेस्ट कर लिया गया है।

**मुंबई हमले का मोस्ट वांटेड है दाऊद इब्राहिम**

दाऊद इब्राहिम का कनेक्शन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के दिग्गज क्रिकेटरों में से एक से है। इस क्रिकेटर के बेटे की शादी दाऊद की बेटी से हुई है और जब यह शादी हुई तो भारत और पाकिस्तान दोनों देशों में भारी हंगामा हुआ। दाऊद पर 1993 के मुंबई बम धमाकों की साजिश रचने का आरोप है, जिसमें करीब 250 लोग मारे गए थे। इस हमले में कई लोग घायल भी हुए थे। इन धमाकों ने मुंबई और पूरे देश में कई दंगों को जन्म दिया।

### ...'अंत तक लड़ने' की कसम खाई

## अमेरिका का इजराइल से संयम बरतने का आह्वान



एजेंसी ▸▸ तेल अवीव

अमेरिका ने इजराइल से गाजा पट्टी में फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास के साथ छिड़े युद्ध में संयम बरतने का आह्वान किया है। अमेरिका के इस दबाव से इजराइल बेफ्रिक है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दुनिया को साफ-साफ संदेश दिया है। उन्होंने गाजा में 'अंत तक लड़ने' की प्रतिज्ञा दोहराई है। अमेरिका के अनुसार, पिछले सप्ताह इजराइल के तीन बंधकों की हत्या से उनके देश में गुस्सा फैल रहा है।

बंधकों को गलती से इजराइली सेना ने गोली मार दी थी। यह बंधक सफेद झंडा लहरा रहे थे। इजराइल के अनुसार, नेतन्याहू ने कहा कि यह पत्र गाजा में लड़ते हुए मारे गए इजराइली सैनिकों के परिवारों से आया है। इसमें कहा गया है कि तुम्हारे पास लड़ने का जनादेश है। आपके पास बीच में रुकने का आदेश नहीं है। बाइडेन प्रशासन इजराइल पर बड़े पैमाने पर शुरू किए गए जमीनी और हवाई अभियान को कुछ हफ्तों के भीतर समाप्त करने का दबाव डाल रहा है।

**ईरान पर साइबर हमला 70% गैस स्टेशन ठप**

*इजराइल हमास युद्ध के दौरान फिलिस्तीन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े नजर आ रहे ईरान को तगड़ा झटका लगा है। ईरान के 70 प्रतिशत गैस स्टेशनों ने एकाएक काम करना बंद कर दिया है। इसके पीछे इजराइल का हाथ बताया जा रहा है। ईरान के लोग इस वक्त सड़कों पर हैं और पेट्रोल की किल्लत के चलते स्टेशनों पर लंबी कतारें लगाए हुए हैं। मामले ने तूल पकड़ा तो स्वयं पेट्रोलियम मंत्री को आगे आकर लोगों से शांति बनाए रखने की अपील करनी पड़ी। दरअसल, हुआ कुछ यूं कि कथित तौर पर इजराइल से जुड़े एक हैकिंग समूह "गोंजेश्के दारांडे" या "शिकारी गौरैया" ने ईरान के पेट्रोल गैस स्टेशनों पर साइबर अटैक कर दिया, जिसके चलते देश भर के करीब 70 प्रतिशत गैस स्टेशनों ने काम करना बंद कर दिया। यह साइबर हमला क्षेत्र में उसके प्रतिनिधियों की आक्रामकता के जवाब में किया गया है।*

**गैस स्टेशन नहीं जाने की अपील**

दावा किया गया कि उसने पूरे ईरान में अधिकांश गैस पंपों को निष्क्रिय कर दिया। समूह ने फारसी और अंग्रेजी में बयानों में कहा खमेनेई, आग से खेलने की एक कीमत होती है। ईरान के तेल मंत्री जवाद ओवजी ने भी पुष्टि की कि व्यवधान से देश के 70 प्रतिशत ईंधन स्टेशन प्रभावित हुए हैं। कम से कम 30 प्रतिशत गैस स्टेशन काम कर रहे हैं, बाकी धीरे-धीरे सेवाओं में व्यवधान को हल कर रहे हैं। लोगों से गैस स्टेशन नहीं जाने की अपील की है।

### कोरोना फिर बरपाने लगा कहर

## सिंगापुर में एक हफ्ते में 56 हजार से ज्यादा नए मामले, मचा हाहाकार

एजेंसी ▸▸ सिंगापुर सिटी

कोरोना वायरस का प्रकोप दुनिया में एक बार फिर बढ़ने लगा है। सिंगापुर में हालात बहुत खराब हैं। इसी महीने 3 दिसंबर से 9 दिसंबर के बीच सिंगापुर में कोरोना के 56,043 मामले सामने आए हैं। सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों को सलाह दी है कि वह भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचें। इसके अलावा मंत्रालय ने लोगों को घर के अंदर भी मास्क लगाने की सलाह दी है।

यात्रियों को हवाई अड्डों पर विशेष तौर पर मास्क पहनने के लिए कहा गया है। अधिकारियों का कहना है कि अभी जो अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय आंकड़े उपलब्ध हैं, उसके आधार पर ये नहीं कहा जा सकता कि बीए.2.86 या जेएन.1 अन्य प्रसारित वेरिएंट की तुलना में अधिक संक्रामक हैं या अधिक गंभीर बीमारी का कारण बनते हैं।



**लगातार आईसीयू में बढ़ती जा रही संख्या**

सिंगापुर के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि दिसंबर के पहले हफ्ते में कोविड के मामले बढ़कर 56,043 हो गए, जबकि पिछले सप्ताह में यह 32,035 थे। औसत रूप से रोज कोविड हॉस्पिटल में भर्ती होने वालों की संख्या एक हफ्ते पहले 225 थी, जो अब बढ़कर 350 हो गई है। आईसीयू के मामले पिछले हफ्ते के चार की तुलना में बढ़कर नौ हो गए हैं।

### कारगिल में भूकंप के झटके पाक तक हिली धरती

**कारगिल।** लद्दाख के कारगिल में सोमवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप आया, जिसके बाद उत्तर भारत और पाकिस्तान के कुछ हिस्सों में उसके झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.5 थी और यह भारतीय समयानुसार दोपहर 3 बजकर 48 मिनट पर आया। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप धरती की सतह से 10 किमी की गहराई पर आया। भूकंप के झटके पाकिस्तान के इस्लामाबाद और आसपास के कई इलाकों में महसूस किए गए। इससे पहले रविवार को ही पाकिस्तान में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया था।



### पाकिस्तान में समय पर ही होंगे आम चुनाव

**इस्लामाबाद।** चुनावी सीमाओं के परिसीमन पर उठाई गए आपत्ति के खिलाफ पाकिस्तान उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया है। अगले साल आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। शीर्ष अदालत के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार रात पाकिस्तान में आम चुनावों का कार्यक्रम जारी किया गया है। शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने चुनाव आयोजन निकाय द्वारा किए गए परिसीमन को बदलने के खिलाफ ईसीपी द्वारा दायर अपील पर सुनवाई की। बलूचिस्तान प्रांत में झोब और शिरानी में दो निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन के खिलाफ ईसीपी की अपील पर फैसले की घोषणा की गई। उच्चतम न्यायालय ने परिसीमन पर बीएचसी के फैसले को भी रद्द कर दिया।

आयुर्वेद से आयुष्यमान
रतन्स आयुर्वेदिक समाधान

**प्र. मेरी उम्र ४० वर्ष है। मुझे टॉयलेट के समय मल के साथ खून जाता है। कमजोरी महसूस होती है। उपचार सुझाएं। -विनय, रीवा**
उ. आपको पाईल्स की समस्या हो सकती है। मिर्च-मसालेदार खाना बंद करें, रेशेदार पदार्थ लें। साथ ही समस्या के लिए रतन आयुर्वेदिक के 'पाईल्सील' कैप्सूल २-२ दिन में दो बार सेवन कर सकते हैं।

**प्र. मेरे बेटे का शारीरिक विकास औसत ही है। कृपया कोई उपाय बताएं। -सुजाता, बिलासपुर.**
उ. शरीर का विकास वंशानुक्रम पर भी निर्भर करता है। चाहें तो पाचन क्रिया ठीक कर ग्रंथियों को सक्रिय करने हेतु उन्हें रतन्स 'हाईटॉप' सिरप सुबह-शाम दे सकते हैं। साथ ही ताड़ासन व व्यायाम करवाएं।

**प्र. मैं शरीर के आकर्षक नहीं होने से परेशान रहती हूं, उचित उपाय बताएं। -एक पाठिका, नरसिंहपुर**
उ. समस्या के लिए आप रतन्स 'सुडोल' बॉडी टोनर कैप्सूल एवं 'सुडोल' बॉडी टोनर जैल का तीन माह का कोर्स कर सकते हैं।

**प्र. मेरा पुत्र बिस्तर पर जाने से पहले वॉशरूम जाकर आता है, फिर भी नींद में बिस्तर गीला हो जाता है। -आर. सिंह, भोपाल.**
उ. समस्या के निदान हेतु रतन का आयुर्वेदिक तत्वों से युक्त 'बेडवेट' सिरप २-२ चम्मच रोज सुबह-शाम नियमित दे सकते हैं। साथ ही उनका आत्मविश्वास बढ़ाएं।

**प्र. मेरी आयु ३७ वर्ष है। मैं शरीर को फिट रखना चाहता हूं, पर मुझे शरीर में फूलापन महसूस होता है, क्या करूं? -रोहित, जबलपुर.**
उ. आप रतन्स 'ओबेरिड' कैप्सूल २-२ सुबह-शाम तीन माह तक नियमित रूप से सेवन कर सकते हैं। फास्ट फूड से दूर रहें, योगा करें एवं पानी अधिक मात्रा में पीएं।

नोट : उपरोक्त सलाह रोगियों के लक्षणों को ध्यान में रखकर दी गई है. दवाओं का प्रयोग वैद्यकीय मार्गदर्शन में करें.



Ratan's
सुडोल
बॉडी टोनर जैल
आयुर्वेदिक औषधि
Unique ID : MP250/17/566/A/23/163
HELPLINE
77728-77722
प्रमुख आयुर्वेदिक व मेडिकल स्टोर्स पर उपलब्ध.
Buy online: www.ratanayurvedic.com

### भगवान श्रीराम-जानकी का विवाह

## नेपाल में राममयी जनकपुर नगरी झांकी पर हैलीकॉप्टर से बरसाए फूल

एजेंसी ▸▸ जनकपुर

नेपाल के जनकपुर के जानकी मंदिर में रविवार को भगवान श्रीराम और जानकी का विवाह हुआ। जहां एक ओर अयोध्या में 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां जोरशोर से चल रही है।

वहीं उत्तर प्रदेश के अयोध्या से नेपाल के जनकपुर पहुंची बारात के स्वागत के लिए बड़ी संख्या में जनकपुरवासी जुटे। 12 दिसंबर को शुरू हुए 7 दिन के विवाह पंचमी उत्सव का यह भव्य नजारा है। पारंपरिक विवाह महोत्सव के साक्षी देश विदेश के आए करीब 10 लाख श्रद्धालु बने।

**उत्तर जनकपुर में हुआ विवाह समारोह**

*सीतामढ़ी के भीट्ठा मोड़ बॉर्डर से 25 किमी उत्तर जनकपुर की धरती पर पौराणिक रीति रिवाज से भगवान श्रीराम और माता जानकी के संग विवाह समारोह किया गया। राम जानकी के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। स्वयंवर की शुरुआत होने पर हेलिकॉप्टर से भी फूल बरसाए गए। भगवान श्रीराम और सीताजी की झांकी, डोला को जानकी मंदिर परिसर में मड़वा पर लाया गया।*



**त्रेतायुग में जनकपुर में हुआ था सीताजी और रामजी का विवाह**

राजा जनक जी की पुत्री होने के नाते मां सीता को जनकी माता कहते हैं। वहीं प्रेम से मिथिलावासी और अयोध्यावासी उन्हें जनक नंदनी भी बुलाते हैं। जिस जगह मां सीता और प्रभु श्री राम का विवाह हुआ था। वह आज वर्तमान समय में नेपाल के जनकपुर में स्थित है और आज उस जगह पर एक भव्य जानकी महल है।

जोड़ों के दर्द के लिए नए-नए प्रयोग छोड़ो सबसे विश्वनीय डा. ऑर्थो तेल से नाता जोड़ो

Dr. Juneja's
डा. ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment

क्या आप जानते हैं? बेहतर परिणाम के लिए डा. ऑर्थो तेल इस्तेमाल करने का तरीका

STEP 1: डा. ऑर्थो तेल की कम से कम 8ml से 10ml मात्रा कटोरी में लेकर पीड़ित अंग/जोड़ पर धीरे-धीरे हल्के हाथ से मालिश करें।

STEP 2: पीड़ित अंग/जोड़ पर आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से तब तक मालिश करें जब तक तेल पूर्णतः समा न जाए।

STEP 3: आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से मालिश सुबह नहाने के बाद और रात्रि में सोने से पहले करें। यह ज्यादा लाभप्रद रहता है।

STEP 4: डा. ऑर्थो तेल के प्रयोग से पहले एवं बाद में हाथों को अच्छी तरह साबुन से धो लें।

STEP 5: आयुर्वेदिक डा. ऑर्थो तेल से अधिक एवं शीघ्र लाभ के लिए डा. ऑर्थो के दो कैप्सूल सुबह व दो कैप्सूल शाम को दूध या गुनगुने पानी के साथ सेवन करना लाभकारी है।

STEP 6: पुराने एवं जटिल रोगों के लिए डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक कैप्सूल का नियमित 3 माह का प्रयोग अधिक लाभकारी एवं निर्देशित है।

STEP 7: यह कोई Temporary Pain Killer नहीं आयुर्वेदिक औषधि है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है। साथ ही यह Clinically Tested भी है।

क्या आप यह भी जानते हैं? जानू बस्ती थेरेपी क्या है और इसे डा. ऑर्थो तेल के साथ इस्तेमाल करने का तरीका

जानू बस्ती थेरेपी क्या है
वैसे तो घुटनों में दर्द के उपचार के लिए अनेकों प्रकार की दवाइयां, थेरेपी एवं सर्जरी के विकल्प मौजूद हैं, लेकिन इन्हीं में से एक है जानू बस्ती थेरेपी, जोकि ख़ासतौर पर घुटनों में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने में सहायता करती है।

जानू बस्ती थेरेपी कैसे करनी चाहिये
इस थेरेपी को करने के लिए रोगी को सीधा लेटाया जाता है। फिर बेसन या चने के आटे को पर्याप्त मात्रा में पानी के साथ गूँथ लें, घुटनों के चारों ओर गुंथे हुए आटे की मोटी दीवार बनाएं। इसके बाद डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में इसमें भरें। रोगी स्थिर रहें एवं 15 से 20 मिनट तक डा. ऑर्थो तेल ऐसे ही भरा रहने दें। बेहतर परिणाम के लिए इस तेल को दोबारा प्रयोग में न लाएं एवं नए तेल का प्रयोग करें।



जानू बस्ती थेरेपी कैसे काम करती है
आयुर्वेद में तेल को वात दोष शांत करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। यह वात दोष के कारण पैदा होने वाली जोड़ों की तकलीफों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस पद्धति में डा. ऑर्थो आयुर्वेदिक तेल को अच्छी मात्रा में घुटनों पर स्थिर रखा जाता है और इस तुलना में यह घुटनों के ऊतकों में प्रवेश कर गतिशीलता बढ़ाने में सहायता करता है। बार-बार ऐसा करने पर जोड़ों के ऊतकों को बल मिलता है। यह प्रक्रिया हर सप्ताह एक से दो बार की जा सकती है।



LIVE PAIN FREE LIFE
Super Saver Pack
Dr. Ortho Oil 200ml also available
24x7 Helpline: 78769 77777 | www.drorthooil.com | Available at all medical & general stores

# कभी स्मारकों से थी पहचान, आज है दिल्ली का सबसे अमीर गांव



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गांव का नाम दिमाग में आते ही सबके मन में देशी पृष्ठभूमि की तस्वीर उभर कर सामने आती हैं लेकिन आज हम आपको राजधानी दिल्ली के एक ऐसे गांव के बारे में जानकारी देंगे, जो अपनी अनूठी शान और खासियत की वजह से हमेशा सुर्खियों में रहा है। "हौज खास विलेज" नाम के इस गांव को दिल्ली का सबसे अमीर गांव माना जाता है।

**खिलजी ने बनवाया था जलाशय :** मुग़ल काल में अलाउद्दीन खिलजी ने यहां पानी की आपूर्ति के लिए एक जलाशय बनवाया था। उसके नाम पर ही यह गांव हौज खास विलेज के नाम से ्रसिद्ध हुआ था। यह गांव दिल्ली के अस्तित्व से पहले ही मौजूद था लेकिन 1980 के बाद इस गांव में लगातार बदलाव होते रहे और यह हौज खास विलेज के रूप में अपनी अलग पहचान बनाने में कामयाब रहा।

### गांव की सबसे बड़ी खासियत

हौज खास विलेज के रहवासी सीएम जैन ने बताया कि वे यहां 35 सालों से रह रहे हैं। इस दौरान उन्होंने इस गांव में कई प्रमुख रेस्टोरेंट्स और शॉप्स की इंटीरियर डिजाइनिंग की। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि यह गांव किसी समय स्मारकों के लिए प्रसिद्ध था लेकिन वर्तमान में इस गांव में आपको 50 के करीब क्लब्स और लांच पार्टियों के स्थल देखने को मिलेंगे। यूरोपियन कल्चर की गहमागहमी इस गांव में आज प्रमुख स्थान ले चुकी है। आधुनिकता के साथ आज इस गांव की तस्वीर बिल्कुल अलग ही दिखाई दे रही है।

# दुनिया की सबसे काली नदी, कोयले जैसा पानी, वैज्ञानिक भी हैरान



**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई नदियां बहती हैं। ये सभी एक दूसरे से बिल्कुल अलग होती हैं कोई लंबी है तो कोई छोटी। कोई साफ तो कोई गंदी। लेकिन क्या आप काली नदी के बारे में जानते हैं। जी हां, ये नदी दुनिया की सबसे काली नदी है। इसका पानी कोयले से भी ज्यादा काला है। इसके पीछे की वजह को सुनकर आप चौंक जाएंगे। दरअसल, अफ्रीकी देश कांगो में रुकी नाम की एक नदी है। जिसमें काला पानी बहता है। इस नदी के काले पानी की वजह वैज्ञानिक इसके पानी में घुले हुए ऑर्गेनिक मैटर को मानते हैं।

नदी का पानी काला क्यों है

आपको बता दें कि अफ्रीकी देश कांगो में स्विट्ज़रलैंड के आकार से चार गुना बड़े ड्रेनेज बेसिन है। जिसमें सड़े हुए पेड़ से कार्बन युक्त कंपाउंड्स निकलते हैं और बारिश के जरिए रुकी नदी में बहकर पहुंच जाते हैं। इसके साथ ही वैज्ञानिक ये भी बताते हैं कि रुकी नदी अमेजन की रियो नेग्रा से भी 1.5 गुना ज्यादा गहरी है। जिसे दुनिया की सबसे बड़ी काले पानी की नदी कहा जाता है।

### 'रुकी नदी- जंगल की चाय'

रुकी नदी का पानी इतना काला है कि आप अपने हाथ तक धोना पसंद नहीं करेंगे। वैज्ञानिकों ने रुकी नदी को 'जंगल की चाय' भी कहा है। इस नदी को लेकर ईटीएच ज्यूरिख के रिसर्चर्स ने अपनी साइंटिफिक स्टडी को कुछ समय पहले दुनिया के सामने पेश किया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि रुकी नदी का काला रंग उसके आसपास के रेनफॉरेस्ट के घुलनशील कार्बनिक पदार्थों के पानी में मिलने की वजह से हुआ है।

*भारतीय वायुसेना ने रविवार को सामार ( सरफेस टू एयर मिसाइल फॉर एस्योर्ड रिटालिएशन) एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण किया। बता दें कि समर एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम को भारत में ही विकसित किया गया है और यह स्वदेशी डिजाइन पर आधारित है। जमीन से हवा में मार करने वाला यह मिसाइल सिस्टम भारतीय वायुसेना द्वारा ही विकसित किया गया है। वायुसेना को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह अहम कदम है।*

आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम

# स्वदेशी सामार एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम का सफल परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वायुसेना ने बयान जारी कर बताया कि भारत में ही डिजाइन और विकसित किए गए सामार एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम का युद्धाभ्यास अस्त्रशक्ति-2023 के दौरान सफल परीक्षण किया गया। यह परीक्षण एयर फोर्स स्टेशन सूर्यलंका में किया गया। एयर डिफेंस सिस्टम को वायुसेना की मेंटिनेंस कमांड की एक यूनिट द्वारा ही विकसित किया गया है। पहली बार इस एयर डिफेंस सिस्टम का फील्ड परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान मिसाइल सिस्टम ने विभिन्न परिस्थितियों में सफलतापूर्वक अपने सभी उद्देश्य पूरे किए।

### हवा में ही दुश्मन की मिसाइलों को तबाह करने में सक्षम

वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि 2 से 2.5 मैक की स्पीड रेंज वाली मिसाइल को इस समर एयर डिफेंस से तबाह किया जा सकता है। इस डिफेंस सिस्टम में दो लॉन्चिंग प्लेटफॉर्म हैं और खतरे को भांपते हुए इसमें एक साथ दोनों मिसाइलों को लॉन्च किया जा सकता है। एयर फोर्स चीफ वीआर चौधरी और वाइस एयर चीफ एपी सिंह ने भी इस मिसाइल सिस्टम के परीक्षण को देखा। युद्धाभ्यास के दौरान वायुसेना ने अन्य हथियारों की क्षमता का भी प्रदर्शन देखा। बता दें कि भारतीय वायुसेना भी तेजी से आत्मनिर्भरत की तरफ कदम बढ़ा रही है।



### आत्मनिर्भर होती वायुसेना

वायुसेना की मेंटिनेंस कमांड की 7 बीआरडी यूनिट ने एयर डिफेंस सिस्टम को विकसित किया है। मेंटिनेंस कमांड ने फाइटर जेट्स के कई अहम उपकरण बनाने, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, हेलीकॉप्टर्स और ग्राउंड बेस्ड हथियार विकसित करने में सफलता मिली है। मेंटिनेंस कमांड फिलहाल एचएएल के साथ मिलकर सुखोई 30 और मिग-29 जेट्स की क्षमता को बेहतर बनाने में भी जुटी है।

### चार लक्ष्यों को भेदने में सफलता

युद्धाभ्यास अस्त्रशक्ति के तहत वायुसेना ने अपने एक और स्वदेशी एयर डिफेंस सिस्टम आकाश का भी परीक्षण किया। इस दौरान आकाश एयर डिफेंस सिस्टम ने कमाल की क्षमता का प्रदर्शन करते हुए एक साथ चार लक्ष्यों को भेद दिया। जमीन से सतह पर मार करने वाले आकाश एयर डिफेंस सिस्टम ने सिंगर फायरिंग से चार मानवरहित लक्ष्यों को एक साथ तबाह करने में सफलता पाई। वायुसेना के अधिकारियों ने बताया कि युद्धाभ्यास के दौरान चार टारगेट एक ही दिशा से आ रहे थे, जिस पर आकाश एयर डिफेंस सिस्टम के फायरिंग लेवल रडार से चारों टारगेट को ट्रैक किया और चारों को हवा में एक साथ तबाह कर दिया। डीआरडीओ ने आकाश मिसाइल सिस्टम को विकसित किया है और इसे डिफेंस पब्लिक सेक्टर ने अन्य कंपनियों के साथ मिलकर बनाया है।

**हरिभूमि टीम** ने रायपुर से लगे छोटे स्टेशनों के पानी का जांचा टीडीएस लेवल

# रेलवे के 'शुद्ध पानी' का सिस्टम ट्रैक से उतरा

## सरोना-कुम्हारी में फिल्टर का पानी टंकी जैसा, टीडीएस 500 से ज्यादा

*राजधानी से लगे रेलवे स्टेशन के नलों का पानी पीना मतलब अपनी सेहत खराब करना है, क्योंकि पानी का टीडीएस 500 से अधिक हो चुका है अर्थात यह पानी कठोर हो चुका है, जिसे गर्म करके ही पीया जा सकता है। रेलवे पानी को फिल्टर करने हर साल लाखों रुपए खर्च करता है, इसके बाद भी यात्रियों को स्टेशनों पर साफ और स्वच्छ पानी नहीं मिल रहा है।*



हरिभूमि एक्सक्लूसिव

ललित राठोड़ ▶▶| रायपुर

हरिभूमि टीम ने रेलवे के दावे की हकीकत जानने सरोना, कुम्हारी, रायपुर समेत डब्ल्यूआरएस कॉलोनी स्टेशन के नलों का टीडीएस लेवल चेक किया तो पता चला कि इन स्टेशनों पर यात्रियों को फिल्टर्ड पानी नहीं मिल रहा है। रायपुर मुख्य स्टेशन को छोड़कर सभी छोटे स्टेशनों पर टीडीएस लेवल 320 से 500 तक दर्ज किया गया। इस तरह के पानी का टीडीएस लेवल टंकी का होता है।शहर के विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है, वाटर मशीन संचालक पानी को मीठा करने के लिए टीडीएस लेवल इतना कम कर देते हैं कि पानी में मौजूद खनिज शरीर के अंदर नहीं पहुंच पाते। मुख्य स्टेशन पर पानी का टीडीएस 40 से 60 तक दर्ज किया गया। यहां का पानी तो साफ है, लेकिन मौजूद आवश्यक खनिज हटा देने से कुछ मशीनों से निकलने वाले पानी का टीडीएस लेवल काफी कम हो चुका है।

### 300 टीडीएस भी खतरे से खाली नहीं

आंबेडकर अस्पताल के सीनियर फिजिशियन डॉ.



राकेश सिंह का कहना है कि 300 से ऊपर टीडीएस लेवल होने से डायरिया, डिसेंट्री, पेटदर्द, उल्टी सहित कई बीमारियों का जन्म हो सकता है। वहीं आरओ वाटर का टीडीएस अगर 50 से नीचे है तो वह भी ठीक नहीं है।

### 400 से 500 टीडीएस कठोर पानी

170 से 400 मिलीग्राम/लीटर घरेलू उपयोग के लिए सही होता है। 400 से 500 मिलीग्राम/लीटर टीडीएस स्तर वाले पानी को कठोर पानी माना जाता है और इसका लंबे समय तक उपयोग नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। 500 मिलीग्राम/लीटर से ऊपर टीडीएस स्तर वाला पानी अत्यधिक प्रदूषित होता है और इसका उपयोग नहीं करना चाहिए।

- प्रशांत शर्मा, बायोटेक वैज्ञानिक

### फिल्टरेशन के बाद भी पानी कठोर

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक पानी का टीडीएस 300 मिलीग्राम से ज्यादा नहीं होना चाहिए। दूसरी ओर रेलवे का दावा है कि छोटे स्टेशनों के नलों में पानी फिल्टर करने के बाद टंकी के जरिए पहुंचता है। टंकी की नियमित सफाई नहीं होने से भी पानी का टीडीएस लेवल अधिक होने की संभावना है। एक्सपर्ट का कहना है कि पानी फिल्टर किए जाने के बाद टीडीएस लेवल 200 से 250 तक हो सकता है, लेकिन कुम्हारी और सरोना के पानी का टीडीएस 300 से 500 तक है। टीडीएस लेवल अधिक होने से पानी में मैग्नीशियम, फ्लोराइड, नाइट्रेट की मात्रा भी अधिक हो चुकी है, जो शरीर के लिए नुकसानदायक है।

### जानकारी उपलब्ध करा दीजिए

स्टेशनों पर पानी का टीडीएस लेवल अगर अधिक है तो उसकी जांच की जाएगी। मुझे जानकारी उपलब्ध करा दीजिए। जांच के निर्देश दे देते हैं।

- संजीव कुमार, डीआरएम, रायपुर



**केस 01**
**कुम्हारी**

प्लेटफार्म 2 पर लगे तीन नलों के पानी का टीडीएस 500 से 530 तक दर्ज किया गया। एक्सपर्ट ने इस पानी का सेवन हानिकारक बताया। पानी में पाए जाने वाले तत्वों की मात्रा इसमें अधिक बताई गई। रेलवे स्टेशन पर कर्मचारियों समेत यात्री इसी पानी का सेवन करते हैं। इस स्टेशन से 500 से अधिक यात्री रोजाना सफर करते हैं।

**केस 03**
**सरोना**

प्लेटफार्म 1 पर लगे नल के पानी की मशीन के जरिए जांच करने करने पर टीडीएस 280 से 300 तक दर्ज किया गया। चिकित्सकों के मुताबिक यह पानी कठोर है। इसमें खनिज समेत मैग्नीशियम की मात्रा अधिक हो चुकी है। इसके नियमित उपयोग से सेहत खराब हो सकती है। आमतौर पर डॉक्टर इस तरह के पानी को गर्म कर पीने की सलाह देते हैं।

**केस 03** **रायपुर मुख्य स्टेशन**

प्लेटफार्म पर दो वाटर एटीएम का टीडीएस लेवल सही पाया गया, लेकिन मशीन का टीडीएस लेवल 40-50 के आसपास था, जिसका स्वाद भी अन्य नल के पानी से अधिक मीठा था। एक्सपर्ट का कहना है कि पानी को मीठा बनाने के लिए टीडीएस लेवल कम कर दिया जाता है, जिससे शरीर में आवश्यक खनिज तत्व नहीं पहुंच पाते हैं।

## राशिफल

**मेष** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाशयक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन** नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क** कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह** मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला** कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु** नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर** वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

# मां मेट्रो के साथ घिसटती रही, मैं दौड़ता रहा, लेकिन नहीं बची जान

**नई दिल्ली।** मेट्रो के दरवाजे में साड़ी फंसने से एक महिला की मौत हो गई। महिला अपने 10 साल के बेटे के साथ मायके जा रही थी। हादसे के बाद बेटे ने खौफनाक मंजर बयां किया। महिला का नाम रीना (35) था। 10 साल के बेटे हितेंद्र ने बताया कि नागलोई से मेट्रो लेने के बाद वो इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पहुंची। वहां से दूसरी मेट्रो में बैठने लगी। तभी उसकी मां की साड़ी मेट्रो के गेट में फंस गई और और मेट्रो चल पड़ी। इसके कारण रीना काफी दूर तक मेट्रो के साथ प्लेटफार्म पर घिसटती रही। इस दौरान स्टेशन पर यात्री चिल्लाते रहे।गेट से फंसी रीना प्लेटफार्म के अंतिम छोर पर बने गेट से टकरा गई और मेट्रो ट्रैक पर जा गिरी। इससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। इसके बाद उसे सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शनिवार को उसकी मौत हो गई। यह दुर्घटना महिला के 10 साल के बेटे हितेंद्र के सामने हुई, इससे वो सहमा हुआ है।

## नागरशैली का होगा राम मंदिर

# 34 साल पहले डिजाइन किया था राम मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

अयोध्या का भव्य राम मंदिर जनवरी-2024 में भक्तों के लिए खुल जाएगा। यह नागरशैली का मंदिर होगा। चंद्रकांत भाई सोमपुरा राम मंदिर के मुख्य आर्किटेक्ट हैं। उनके डिजाइन के मुताबिक ही अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा है। 34 साल की डिजाइनिंग के बाद उनका सपना सच हो रहा है। 1989 में चंद्रकांत सोमपुरा ने राम मंदिर का डिजाइन तैयार किया था, तब मंदिर का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया। नतीजा ये हुआ कि चंद्रकांता द्वारा बनाया गया डिजाइन केवल झांकियों की तक ही सीमित रहा।



खास खबर

### कदमों से मापी थी जमीन

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चंद्रकांत ने कई साल पहले अशोक सिंघल के साथ उस जगह का दौरा किया था जहां अब मंदिर बन रहा है। लेकिन उन्हें जमीन मापने का टेप लेकर वहां प्रवेश नहीं करने दिया गया। टेप के अभाव में चंद्रकांत ने पैरों से मापकर पूरी जमीन का अनुमानित सर्वेक्षण किया।

### पिता ने तैयार किया था सोमनाथ मंदिर का डिजाइन

गुजरात से ताल्लुक रखने वाला सोमपुरा परिवार इसी नागर शैली के मंदिरों की वास्तुकला का जानकार माना जाता है। चंद्रकांत सोमपुरा के पिता प्रभाकर सोमपुरा ने ही गुजरात का सोमनाथ मंदिर का डिजाइन तैयार किया था। उन्होंने मथुरा का मंदिर भी बनाया था। उन्होंने ही नागर मंदिरों के निर्माण की शैलियां अपने परिवार को भी सिखाईं। यही वजह है परिवार के सारे ही सदस्य मंदिर निर्माण के काम से जुड़े हुए हैं।



**कई बार डिजाइन में हुआ सुधार:** डिजाइन बनाने के बाद चंद्रकांत उन्हें अशोक सिंघल और विश्व हिंदू परिषद के बाकी लीडरों के पास ले गए। उसके बाद एक लकड़ी का मॉडल बनाया गया और कुंभ मेले में आने वाले संतों को यह संरचना दिखाई गई। साधुओं द्वारा हरी झंडी देने के बाद ही उनके डिजाइन को मंजूरी दी गई।

## शब्द पहेली - 5368



**बाएँ से दाए**
1. मूर्ख, बेवकूफ (उर्दू-4)
5. संपत्ति-4
9. कटि, पीठ -3
10. प्रणाम, नमस्कार-3
12. अधीन-2
14. पितामह-2
15. कार्य-2
16. पराजय-2
17. अच्छे कुल का-3
19. तरंग, हिलोर-3
21. एक प्रकार की दाल-3
22. ओस, रजनी जल(उर्दू-4)
24. गगन, आकाश-4
25. स्वच्छ करना-5
26. आश्चर्यजनक-4
29. जो लायक न हो-4
33. उल्टी, कै-3
34. रनिवास, जनवासा-3
36. पंक्ति, लाइन-3
37. सुर, लय, आलाप-2
38. दंड, शिक्षा-2
39. पराजय-2
41. झुका हुआ -2
42. कर्म, भाग्य-3
43. भार-3
45. भूल, गलती (उर्दू-4)
46. भाग्य, नसीब-4

**ऊपर से नीचे**
2. अधिकार-2
3. मां का दुलार-3
4. ताली की आवाज-4
5. अनुभवी-4
6. जुड़वा-3
7. दक्षिणा-2
8. राम के पुत्र-2,2
11. अभिलाषा, -4
13. क्रूस, सूली-3
16. पाचनशक्ति-3
18. ईसाई साध्वी-2
20. जीवनसाथी -5
21. गरबा, नृत्य-2
23. मालिश-3
24. दर्पण, शीशा-3
26. ईश्वर-4
27. बाग, गुलिस्तां-3
28. क्रिकेट में बनते हैं-2
30. दुलारा, पुत्र-2
31. भरोसा, विश्वास-3
32. करामात-4
34. शेविंग करना-4
35. हाथी साधने वाला-4
38. आसान, सीधा-3
40. कपड़े धोने वाला-3
42. बलगम-2
44. सरिता-2

**शब्द पहेली - 5367 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5378

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 8 | 5 | | |
| | 1 | | | | | | 2 | |
| | | 2 | | | | | | 8 |
| | | | 4 | | | | | 9 |
| 6 | | | | 5 | | | | 1 |
| 2 | | | | | 3 | | | |
| 5 | | | | | | 3 | | |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| | | 4 | 9 | 1 | | | | |

MANGAL SENAPATI, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5377 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 1 | 5 | 2 | 8 | 6 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 6 | 5 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 2 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 5 | 8 |
| 5 | 7 | 3 | 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 5 | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 |

# पहली बार दुबई में होगी आईपीएल मिनी नीलामी, 333 खिलाड़ी शार्टलिस्ट, 77 के भविष्य का होगा फैसला



## सभी टीमों के पर्स में कुल 262.95 करोड़

## 23 खिलाड़ियों का बेस प्राइस 2 करोड़

### फ्री में देखें ऑक्शन

- ऑक्शन इस बार दुबई में मंगलवार को होने वाली है।
- ऑक्शन भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे से शुरू हो जाएगी।
- ऑक्शन को फैन्स स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के चैनल्स पर लाइव देख सकेंगे।

एजेंसी ▶▶| दुबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 मिनी ऑक्शन को लेकर क्रिकेट फैन्स का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। यह नीलामी मंगलवार को दुबई में होने वाली है। यह आईपीएल इतिहास में पहली बार होगा, जब नीलामी विदेश में होगी। इस नीलामी में 333 खिलाड़ियों की बोली लगने वाली है। इस बार यह मिनी ऑक्शन भारतीय समयानुसार दोपहर 1 बजे शुरू होगी। नीलामी के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए 333 खिलाड़ियों में 214 भारतीय हैं, जबकि 119 विदेशी प्लेयर हैं। साथ ही इस लिस्ट में 111 कैप्ड और 215 अनकैप्ड प्लेयर हैं। बता दें कि आईपीएल 2024 के लिए सभी 10 टीमों के पास कुल 77 खिलाड़ियों की ही जगह है। यानी शॉर्टलिस्ट किए गए प्लेयर्स में से अधिकतर 77 खिलाड़ी ही बिक सकेंगे। सभी टीमों के पर्स में कुल मिलाकर 262.95 करोड़ रुपए हैं। लिस्ट में 23 प्लेयर ऐसे हैं, जिनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए है। जबकि 13 खिलाड़ियों का बेस प्राइस 1.5 करोड़ रुपए रखा गया है। इनके अलावा 1 करोड़, 50 लाख, 75 लाख, 40 लाख, 30 लाख और 20 लाख रुपए बेस प्राइस वाले प्लेयर भी लिस्ट में शामिल हैं।



### स्टार्क, रचिन पर लग सकती है बड़ी बोली

*आठ साल बाद आईपीएल में वापसी कर रहे ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क पर इस बार सबसे बड़ी बोली लग सकती है। वहीं, न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र पर भी टीमें करोड़ों लुटा सकती हैं। रचिन का बेस प्राइस सिर्फ 50 लाख है, लेकिन वनडे विश्व कप के प्रदर्शन को देखते हुए उन पर बड़ी बोली लगना तय है।*

### 215 अनकैप्ड खिलाड़ी

आईपीएल नीलामी की बात करें तो 333 खिलाड़ियों की सूची में 116 कैप्ड, 215 अनकैप्ड और दो एसोसिएट खिलाड़ी शामिल हैं। कुल 119 विदेशी खिलाड़ी ऑक्शन पूल में उतरेंगे, जिसमें इंग्लैंड के सबसे ज्यादा 25 क्रिकेटर शामिल हैं। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के 21 और साउथ अफ्रीका के 18 खिलाड़ी रहेंगे। वहीं वेस्टइंडीज के 16, न्यूजीलैंड के 14, श्रीलंका के 8, अफगानिस्तान के 10, बांग्लादेश के 3, जिम्बाब्वे के 2, नीदरलैंड और नामीबिया के 1-1 खिलाड़ी भी ऑक्शन लिस्ट में शामिल हैं। हालांकि फाइनल ऑक्शन में 77 खिलाड़ियों पर सफलतम बोली लग सकती है, जिनमें विदेशी प्लेयर्स की संख्या 30 रहेगी।

### टीमों के पर्स में बची राशि

| टीम | राशि |
|---|---|
| चेन्नई सुपर किंग्स | 31.4 करोड़ |
| दिल्ली कैपिटल्स | 28.95 करोड़ |
| गुजरात टाइटंस | 38.15 करोड़ |
| कोलकाता नाइटराइडर्स | 32.7 करोड़ |
| लखनऊ सुपरजाएंट्स | 13.15 करोड़ |
| मुंबई इंडियंस | 17.75 करोड़ |
| पंजाब किंग्स | 29.1 करोड़ |
| रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर | 23.25 करोड़ |
| राजस्थान रॉयल्स | 14.5 करोड़ |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 34 करोड़ |



### मल्लिका सागर कराएगी ऑक्शन

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक इस बार खिलाड़ियों की नीलामी मल्लिका सागर कराएंगी। देखा जाए तोआईपीएल इतिहास में पहली बार किसी महिला को ये जिम्मेदारी मिली है। मल्लिका सागर महिला प्रीमियर लीग की शुरुआती दो नीलामी में भी ऑक्शनर रह चुकी हैं। मल्लिका आर्ट की दुनिया की एक जानी-मानी हस्ती हैं और वह कई आर्ट ऑक्शन कंडक्ट कर चुकी हैं।

### अनजान खिलाड़ियों पर बरसेगा पैसा

*आईपीएल के मिनी ऑक्शन से पहले भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने बड़ा कदम उठाया है। बीसीसीआई अनकैप्ड खिलाड़ियों के लिए एक प्रोत्साहन योजना शुरू करने जा रहा है। इस इंटेसिव प्लान का मकसद अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ियों की सैलरी को बढ़ाना है। अभी तक ऐसा होता है कि कोई अनकैप्ड प्लेयर आईपीएल ऑक्शन में जिस कीमत पर खरीदा जाता है तो उसे तीन सालों तक वही सैलरी मिलती है। लेकिन अब नए नियम के तहत आईपीएल ऑक्शन में अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर नीलाम हुआ खिलाड़ी एक सीजन से दूसरे सीजन के बीच जितने इंटरनेशनल मैच खेलेगा, उसकी सैलरी फ्रेंचाइजी को उसी हिसाब से बढ़ानी होगी। उदाहरण के लिए कोई खिलाड़ी यदि ऑक्शन में 50 लाख से कम कीमत में बिकता है और फिर वो कम से कम एक इंटरनेशनल मैच खेलता है तो फ्रेंचाइजी उसकी सैलरी बढ़ाकर 50 लाख रुपए करेगा। 5-9 इंटरनेशनल मैच खेलने पर फ्रेंचाइजी को उस खिलाड़ी की सैलरी 75 लाख रुपए करनी होगी। वहीं अगर खिलाड़ी दो आईपीएल सीजन के बीच 10 इंटरनेशनल मैच खेल लेगा तो उसकी सैलरी 1 करोड़ रुपए कर दी जाएगी।*



## तारीखों पर फीफप्रो ने जताई निराशा

**जेद्दा।** विश्व फुटबॉल के शासी निकाय फीफा ने रविवार को कहा कि अमेरिका में फीफा क्लब विश्व कप के पहले सत्र का आयोजन 15 जून से 13 जुलाई 2025 तक किया जाएगा। फुटबॉल खिलाड़ियों के संघ 'फीफप्रो' ने हालांकि फीफा के इस फैसले की आलोचना की है। फीफा ने कहा कि 32-टीमों के इस टूर्नामेंट को आधिकारिक तौर पर 'मुंडियाल डी क्लब्स फीफा' कहा जाएगा। इसका आयोजन 'अंतरराष्ट्रीय मैचों के कैलेंडर के साथ सामंजस्यपूर्ण तरीके से तैयार किया जाएगा' ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फाइनल और घरेलू लीग की शुरुआत के बीच पर्याप्त अंतर हो।

## एक और साल टेस्ट खेलने की क्षमता

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर इयान हीली का मानना है कि डेविड वार्नर पर्थ में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक जड़ने वाले प्रदर्शन को अगर जारी रखे तो वह एक और साल तक टेस्ट क्रिकेट खेल सकते हैं।



पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में वार्नर की 211 गेंदों पर 164 रन की पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 360 रन से जीत दर्ज की। हीली ने कहा, 'मुझे उसके बारे में जो बात पसंद है वह है उसका लगातार खेलने के बावजूद फिटनेस बनाए रखना।

## प्रणवी अंतिम चरण में संयुक्त 5वें स्थान पर

**माराकेश।** भारत की प्रणवी उर्स सोमवार को यहां लेडीज यूरोपीय टूर (एलईटी) के अंतिम क्वालीफायर के दूसरे दौर में चार अंडर 68 के स्कोर से संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर चल रही हैं। दो दौर के बाद प्रणवी का कुल स्कोर नौ अंडर है।

### क्रिकेट : तीन मैचों की श्रृंखला का दूसरा मैच दोपहर 4.30 बजे

# पाटीदार या रिंकू को मिलेगा पदार्पण का मौका, अफ्रीका के खिलाफ वनडे आज

एजेंसी ▶▶| गक्बेरहा

भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे एकदिवसीय में मंगलवार को यहां जब मैदान पर उतरेगी तब उसके सामने बेहद प्रतिभाशाली रजत पाटीदार या आकर्षक बल्लेबाजी करने वाले रिंकू सिंह में से किसी एक को पदार्पण का मौका देने की चुनौती से निपटना होगा। अर्शदीप सिंह और आवेश खान जैसे युवा तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से भारतीय टीम को श्रृंखला का पहला मैच आठ विकेट से जीतने में कोई परेशानी नहीं हुई।

कप्तान लोकेश राहुल की अगुवाई में भारतीय टीम को 2022 में वनडे श्रृंखला में 0-3 की करारी हार का सामना करना पड़ा था ऐसे में वह इस मैच को जीतकर पिछली नाकामी को पीछे छोड़ना चाहेंगे। अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस मैच के बाद टेस्ट टीम से जुड़ गए जिससे मध्यक्रम में एक जगह खाली है। रिंकू ने पिछले कुछ समय में अपनी बल्लेबाजी से काफी प्रभावित किया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टी20 मैचों में अपनी तकनीक और समझदारी की छाप छोड़ी है। दक्षिण अफ्रीका में उछाल वाली पिचों पर भी उनकी बल्लेबाजी सहज दिखी।



### रजत का दावा मजबूत

टीम में हालांकि फिलहाल रिंकू की भूमिका फिनिशर की है ऐसे में चौथे क्रम के बल्लेबाज अय्यर की जगह एकादश में जगह के लिए पाटीदार का दावा ज्यादा मजबूत है क्योंकि घरेलू मैचों वह मध्यप्रदेश के लिए इसी क्रम पर बल्लेबाजी करते है। पाटीदार 2022 में भी भारतीय वनडे टीम में जगह बनाने में सफल रहे थे लेकिन उन्हें अंतिम एकादश में मौका नहीं मिला था। टीम ने इस श्रृंखला में मैच फिनिशर की भूमिका अनुभवी संजू सैमसन को दी है जो राहुल के बाद छठे क्रम पर बल्लेबाजी करेंगे।

### तिलक या सैमसन होंगे बाहर

*लिस्ट ए क्रिकेट में रिंकू का औसत लगभग 50 का है ऐसे में टीम प्रबंधन दोनों के नाम पर गंभीरता से विचार करेगा। इस मैच में पाटीदार और रिंकू दोनों को पदार्पण का मौका मिल सकता है लेकिन इसके लिए तिलक वर्मा या सैमसन को बाहर होना होगा जिसकी संभावना कम दिखती है। पहले मैच में तिलक को सिर्फ तीन गेंद खेलने का मौका मिला जबकि सैमसन को बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला।*

### डिकॉक की खल रही कमी

*दक्षिण अफ्रीका के लिए दिग्गज क्विंटन डिकॉक के संन्यास के बाद टीम में सामंजस्य बैठाने की चुनौती है। डिकॉक की प्रवाहमय बल्लेबाजी के कारण रासी वैन डेर डुसेन, हेनरिक क्लासेन्स और डेविड मिलर जैसे बल्लेबाजों को खुल कर खेलने का मौका मिलता था। उनकी गैरमौजूदगी में टीम के शीर्ष क्रम के सामने भारत के स्विंग गेंदबाजों के खिलाफ सतर्कता से बल्लेबाजी करने की चुनौती होगी।*

## यूनाइटेड ने लिवरपूल को ड्रॉ पर रोका, आर्सेलन शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| लिवरपूल

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल में लिवरपूल को गोलरहित ड्रॉ पर रोक दिया जबकि आर्सेनल ने रविवार को ब्रिगटन को 2-0 से शिकस्त दी।

लिवरपूल इस ड्रॉ मुकाबले के बाद तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गया जबकि आर्सेनल एक बार फिर से शीर्ष पर काबिज हो गया। आर्सेनल और लिवरपूल के नाम मौजूदा सत्र में 17-17 मैचों में क्रमशः 39 और 38 अंक हैं। मैनचेस्टर यूनाइटेड को लिवरपूल ने इस साल मार्च में 0-7 के बड़े अंतर से हराया था लेकिन नए कोच एरिक टेन हैग की देख रेख में टीम ने अपने प्रदर्शन के स्तर को ऊंचा करते हुए एक भी गोल करने का मौका नहीं दिया। आर्सेनल ने दूसरे हाफ में गैब्रियल जेसुस और काइ हैवट्र्ज के गोल से पर ब्रिगटन को शिकस्त दी। तालिका में तीसरे स्थान पर काबिज एस्टन विला ने ने ब्रेंटफोर्ड को 2-1 से हराया। मोहम्मद कुदुस के दो गोल के दम पर वेस्टहैम ने वोल्व्स को 3-0 से हराया।


एन सी एल NCL नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
(मिनिरत्न कंपनी)
(कोल इण्डिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी)

सूचना संख्या एन.सी.एल./एसजीआर/विपणन/ई-ऑक्सन/23-24/1574 दिनांक : 16.12.2023

**सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से दिसंबर 2023 माह मे कोयले की बिक्री की सूचना**

नॉर्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड,सिंगरौली,म. प्र. सीआईएल ई-ऑक्सन स्कीम 2022 के माध्यम से "**कोयले**" की बिक्री का प्रस्ताव पेश करती है, जिसमें कोई भी भारतीय क्रेता (व्यक्ति, पार्टनरशिप फर्म, कम्पनी इत्यादि) भाग ले सकता है और इलेक्ट्रॉनिक बोली के जरीये कोयला प्राप्त कर सकता है। **"दिसंबर 2023"** के लिये दिनांक **"28.12.2023"** को होने वाले ई-ऑक्सन से संबंधित विस्तृत सूचना तथा नियम एवं शर्तें एनसीएल की वेबसाइट **"www.nclcil.in"**, सर्विस प्रोवाइडर "सर्व श्री सीएमपीडीआई" की वेबसाइट **http://www.coaleauction.co.in**, तथा विपणन एवं विक्रय विभाग, एनसीएल सिंगरौली के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है।

R-66 **महाप्रबंधक (वि. एवं वि.) एनसीएल सिंगरौली**



**कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टायगर रिजर्व, मण्डला (म. प्र.) 481661**
ई-मेल:fdknp.mdl@mp.gov.in, दूरभाष: 07642-250760, फैक्स : 07642-251266

**कर्तव्य पर उपस्थित होने बाबद् विज्ञप्ति**

श्री संजय कुमार तिग्गा, वनरक्षक आत्मज श्री जोसेफ तिग्गा, मकान नम्बर 205, रामवार्ड, देवरी खुर्द, पनागर, जिला जबलपुर, मध्यप्रदेश के विरूद्ध अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के अंतर्गत विभागीय जांच प्रचलन पर है। आप पुनः दिनांक 19.10.2022 से अपनी स्वेच्छा से कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से लगातार अनुपस्थित हैं। इस प्रकार आपके द्वारा बार-बार मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 का उल्लधंन किया जा रहा है। आपके इस कृत्य को दृष्टिगत रखते हुये आपको सेवा से पृथक करने का निर्णय लिया जाना प्रस्तावित है

एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता है कि आप विज्ञप्ति प्रकाशित होने के तीन दिवस में अपने पदीय कर्तव्य पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें अन्यथा एकतरफा कार्यवाही करते हुए सेवा से पृथक करने के आदेश पारित कर दिये जावेंगे। जिसके लिये आप व्यक्तिगत रूप से जवाबदार होंगे।

उप संचालक फेन
कान्हा टायगर रिजर्व, मण्डला (म. प्र.)

G-21853/23 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**Office of the Dean**
**Netaji Subhash Chandra Bose Medical College Jabalpur**
No./ 10870 Jabalpur,Date:13/12/2023

**आम सूचना**

शासकीय NSCB मेडिकल कॉलेज के मेडिकल रिकाड्र्स विभाग में रखे पांच वर्ष पूर्व (2016-2018) के IPD-रिकाड्र्स का विनिष्टीकरण किया जा रहा है जन साधारण को सूचित किया जाता है कि किसी व्यक्ति को इस विषय में कोई जानकारी या आप्पति है तो चिकित्सालय के मेडिकल रिकाड्र्स विभाग में 15 दिनों के अन्दर संपर्क किया जा सकता है

DEAN
G-21878/23 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है। NSCB Medical College Jabalpur



**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर(म.प्र.)**

**द्वितीय निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO- | संभाग क्र. 02 कछपुरा स्वामी विवेकानंद वार्ड अंतर्गत जानकी नगर गार्डन में स्थित जीर्ण क्षीर्ण पुराना भवन पुस्तकालय का निर्माण कार्य | दो माह<br>3.98 लाख | 2000<br>3980 | 28/12/2023 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
नगर पालिक निगम
जबलपुर



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - जबलपुर**
**माधवराव सप्रे मार्ग, (मुख्य मार्ग क्रमांक - 03) भोपाल (म0 प्र0) 462003**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

नि.आं.सू. क्र - 21/एन.एच.एम / 2023-24 /1229 भोपाल दिनांक 11/12/2023

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - जबलपुर की ओर से निम्नलिखित कार्य संपादित करने के लिये निविदा पोर्टल ऑनलाईन (निविदा ई-टेण्डरिंग के माध्यम) से www.mptenders.gov.in (Departmentt of Directorate of Health Services ) स क 1 से 03 तक दो लिफाफा पद्धति एवं स क 4 तीन लिफाफा पद्धति से प्रपत्र "अ" फार्म में परसेंटेज बेसिस पर उपयुक्त श्रेणी में पंजीबद्ध ठेकेदारों हेतु प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीआईयू. लोक निर्माण विभाग भोपाल द्वारा जारी भवन एवं विद्युत कार्य हेतु एसओआर. 15.09.2012 निविदा जारी होने दिनांक तक किये गये समस्त संशोधन सहित दरों पर आमंत्रित की जाती है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

ई-निविदा सूचना क्रमांक - 21 / 2023-24 दिनांक 11/12/2023

| सं.क्र | टेण्डर नं. 2023_DHS | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि रू.लाख में | जमा धरोहर राशि रू. में | टेण्डर दर राशि रू. में | समय सीमा वर्षा काल सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 318963 | सिविल अस्पताल अमरवाडा जिला छिन्दवाडा मे पोस्टमार्टम का निर्माण कार्य। | 16.18 | 32360.00 | 2000.00 | 06 माह |
| 2 | 318964 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ढीमरखेडा जिला कटनी में नवीन पोस्टमार्टम का निर्माण कार्य। | 16.18 | 32360.00 | 2000.00 | 06 माह |
| 3 | 318965 | ग्राम पिपरिया मेहरा विकासखण्ड लखनादौन जिला सिवनी के उपस्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कार्य | 26.99 | 53980.00 | 5000.00 | 06 माह |
| 4 | 318966 | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मुशरन पिपरिया विकासखण्ड गोटेगांव जिला नरसिहपुर में भवन विहीन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का नवीन भवन मय 01 जी एवं 01 एच टाईप आवासगृह का निर्माण कार्य तृतीय निविदा आमंत्रण | 225.82 | 225820.00 | 15000.00 | 15 माह |

1. कार्य से संबंधित एन.आई.टी. वेबसाइट (http://www.mptenders.gov.in) पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र आनलाईन दिनांक 14.12.2023 प्रातः 10.30 से दिनांक 27.12.2023 सायं 17.30 तक क्रय किये जा सकते है।
3. धरोहर राशि स्टेट हेल्थ सोसायटी, एन. एच. एम भोपाल के पक्ष में देय होगी।
4. एन.आई.टी में कोई भी संशोधन होने की स्थिति में वेबसाईट (http://www.mptenders.gov.in)पर प्रकाशित किया जावेगा, समाचार पत्रो मे नही।
5. उपरोक्त निविदा को किसी भी स्तर पर निरस्त करने के अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।

कार्यपालन यंत्री
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संभाग - जबलपुर

G-21884/23 दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



**कार्यालय कलेक्टर (जनजातीय कार्य विभाग) अनूपपुर, म.प्र.**
email- actw.anp@mp.gov.in

क./निर्माण/ज.का.वि. /DMF/2023-24 /6401 अनूपपुर दिनांक 15/12/2023

**ई - निविदा विज्ञप्ति द्वितीय निविदा आमंत्रण**

म.प्र. राज्यपाल की ओर से आनलाईन निविदायें प्रतिशत दर पर लोक निर्माण विभाग से उचित श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से भवन निर्माण हेतु परियोजना संचालक लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यू.) म.प्र. भोपाल द्वारा जारी दिनांक 15 सितम्बर 2022 से भवन एवं विद्युत कार्य हेतु प्रभावशील लोक निर्माण विभाग की प्रचलित एस.ओ.आर. दर निविदा दिनांक तक समस्त संशोधनों सहित निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदायें निम्न विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत शर्तें, निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारिया http://mptender.gov.in पर देखी जा सकती है।

1. आनलाईन निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि- 29.12.2023 2. आनलाईन निविदा प्रपत्र जमा की अंतिम तिथि- 29.12.203. 3. आनलाईन निविदा प्रपत्र खुलने की तिथि- 01.01.2024

| क्र० | NIT No. | Online NIT No. | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेके की अनु. राशि (लाख में) | अमानत राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | उचित पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6337/ 12.12.23 | 2023_TAD _319807_1 | (1) शासकीय हाई स्कूल केन्द्र कोतमा में लघुमूल निर्माण कार्य।( लागत रू.15.97 लाख ) (2) शासकीय हाई स्कूल देवरी में लघुमूल निर्माण कार्य। ( लागत रू. 14.29 लाख ) (3) आदिवासी बालक आश्रम बहेराबांध में लघुमूल निर्माण कार्य।( लागत रू.7.56 लाख ) (4) आदिवासी बालक आश्रम बुढानपुर में लघुमूल निर्माण कार्य।( लागत रू.15.12 लाख) | 10000 | 52.94 | 52940.00 | 4 माह | लोक निर्माण विभाग मे पंजीकृत ठेकेदार |
| 2 | 6337/ 12.12.23 | 2023_TAD _320007_1 | (1) शासकीय हाई स्कूल मौहरी में लघुमूल निर्माण कार्य।( लागत रू. 13.45 लाख) (2) शासकीय हाई स्कूल दुधमनियां में लघुमूल निर्माण कार्य। ( लागत रू. 14.45 लाख) (3) शासकीय हाई स्कूल घिरौल में लघुमूल निर्माण कार्य।( लागत रु 10.92 लाख) (4) आदिवासी उत्कृष्ट बालक छात्रावास जैतहरी में लघुमूल निर्माण कार्य।( लागत रू. 5.04 लाख) (5) अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास अनूपपुर में लघुमूल निर्माण कार्य। (लागत रू.10.08 लाख) (6) अनुसूचित जाति महाविद्यालयीन बालक छात्रावास अनूपपुर में लघुमूल निर्माण कार्य।( लागत रू. 11.76 लाख ) | 10000 | 65.70 | 65700.00 | 4 माह | लोक निर्माण विभाग मे पंजीकृत ठेकेदार |
| 3 | 6337/ 12.12.23 | 2023_TAD _320016_1 | (1) शासकीय हाई स्कूल गुटटीपारा में लघुमूल निर्माण कार्य।( लागत रू. 9.24 लाख) ( 2 ) शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ में लघुमूल निर्माण कार्य।( लागत रू. 15.13 लाख)(3) आदिवासी कन्या आश्रम कोयलारी में लघुमूल निर्माण कार्य।( लागत रू. 7.56 लाख ) (4) अनुसूचित जाति जूनियर बालक छात्रावास पुष्पराजगढ में लघुमूल निर्माण कार्य। ( लागत रू. 7.96 लाख) | 5000 | 39.89 | 50000 | 4 माह | लोक निर्माण विभाग मे पंजीकृत ठेकेदार |

आनलाईन अभिलेख जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट http://mptender.gov.in पर ही दर्ज किये जायेंगे। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

सहायक आयुक्त
जनजातीय कार्य विभाग अनूपपुर

G-21913/23

करोड़ों की धान गबन का मामला

# 132 करोड़ की धान का कोई न कोई तो होगा दोषी

## वेयर हाउसिंग अधिकारी व कंपनी बता रही स्वयं को निर्दोष

हरिभूमि, जबलपुर।

मप्र में अब तक का सबसे बड़ा धान घोटाला सामने आया है, जिसमें ओपन केप में रखी लगभग 132 करोड़ रुपये की धान गायब होना बताई जा रही है। इस मामले में अब तक जबलपुर संभाग के 3 जिलों में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। दरअसल अहमदाबाद की कंपनी ग्रो ग्रीन को धान भंडारण का ठेका दिया गया था, कंपनी द्वारा जबलपुर, रीवा व शहडोल संभाग में धान को ओपन केप में रखा था। धान गायब होने का पूरा मामला लगभग 132 करोड़ रूपये तक पहुंच चुका है।



### ये है मामला

वर्ष 2021-22 में धान भंडारण का ठेका अहमदाबाद की कंपनी गो ग्रीन को दिया गया था। जिसके द्वारा जबलपुर, रीवा और शहडोल में धान का भंडारण किया था। ओपन केप में रखी धान अचानक से गायब हो गई। मप्र वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कार्पोरेशन भोपाल द्वारा कंपनी के एमडी संतोष साहू साहू सहित अन्य पर एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश जारी किये गये थे। मप्र वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक कारपोरेशन के मुताबिक गो ग्रीन कंपनी द्वारा जबलपुर सहित मंडला, डिंडोरी, बालाघाट, सिवनी, नरसिंहपुर एवं कटनी में भी धान का भंडारण किया था। जिसमें मंडला, बालाघाट, और सिवनी में कंपनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। कंपनी के डायरेक्टर संतोष साहू के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। जबकि नरसिंहपुर, कटनी और जबलपुर में प्रकरण दर्ज होना बाकी है।

### गो ग्रीन कंपनी का तर्क

धान गबन मामले में कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि हमारे द्वारा धान का भंडारण किया गया था, चूंकि धान में नमी ज्यादा थी, जिससे धान सूख गई और लगभग प्रत्येक क्विंटल में 7 किलो की घटी आई है, कंपनी द्वारा किसी प्रकार का कोई गबन नहीं किया गया। धान को जहां तीन माह में उठ जाना था, वहीं वेयरहाउसिंग कारपोरेशन द्वारा दो साल में नहीं उठाई गई।

### अधिकारी कर रहे बचाव

मामले में अधिकारियों का बयान भी संदेह दर्शा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि कंपनी को दो प्रतिशत तक खराब होने का एग्रीमेंट होता है। जिसको हम स्वीकार करते हैं, वहीं नमी को 17 फीसदी तक लिया जाता है, इस बात की जानकारी ठेका कंपनी को है। कंपनी द्वारा निश्चित ही गबन किया गया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद का काम पुलिस विभाग करेगी।

### भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुका है कारपोरेशन

कहा जाता है कि ये अकेला मामला नहीं है जब वेयर हाउसिंग कारपोरेशन पर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लगते रहे हैं। जांच का तो आज तक किसी का पता नहीं चल पाया है। बहरहाल जिस प्रकार से 132 करोड़ का मामला सामने आया है, उसमें कहीं न कहीं कारपोरेशन के अधिकारियों की संलिप्तता भी नजर आ रही है।

## 5 जनवरी तक समस्त वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य

**जबलपुर।** मोटरयान नियमों के अनुसार समस्त प्रकार के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाई जाना आवश्यक है। जिसके पालन में प्रदेश में पूर्व में लिंक उत्सव कम्पनी द्वारा वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने के लिए अधिकृत किया गया था परंतु 2014 में उक्त कम्पनी का अनुबंध निरस्त कर दिया जाने के कारण प्रदेश में वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने का कार्य नहीं किया जा पा रहा था। केन्द्र सरकार द्वारा सन 2019 में बनाये गये नियमों के अनुसार 01 अप्रैल 2019 के उपरांत बेचे गए वाहनों में डीलर द्वारा ही तीसरे रजिस्ट्रेशन चिन्ह सहित एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई जा रहीं है। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी दी कि पूर्व विक्रित वाहनों में भी एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाये जाने के लिए संबंधित डीलर, वाहन निर्माता को अधिकृत किया गया है। जारी निर्देश के तहत अब 01 अप्रैल, 2019 के पूर्व पंजीकृत वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाई के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है।

## आयुष्मान योजना में आंगनवाड़ी, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य को भी मिलेगा लाभ

**जबलपुर।** आयुष्मान योजना में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका, पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा तथा ऊषा कार्यकर्ता, आशा सुपरवाईजर, कोटवार और संवीदा कर्मियों को प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये का स्वास्थ्य सुरक्षा लाभ स्वीकृत किया गया है। आयुष्मान भारत निरामयम योजना में पूर्व में स्वीकृत पात्र श्रेणियों में इन नई श्रेणियों को भी शामिल किया गया है। इस आशय का आदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी किया गया है।

आयुष्मान योजना में कुछ परिवारों को अपात्र भी घोषित किया गया है। जिसमें ऐसे परिवार जिसका कोई भी सदस्य गत तीन वर्षों में से किसी भी वर्ष में आयकर दाता हो,ऐसे परिवार जिसका कोई भी सदस्य किसी अन्य शासकीय योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकता हो और ऐसापरिवार जिसका कोई भी सदस्य शासकीय कर्मचारी होने के साथ-साथ राज्य शासन अथवा केन्द्र शासन की किसी अन्य योजना अंतर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त करने के पात्र हो शामिल होंगे।




राजभवन में अटका नए नाम का ऐलान

## रादुविवि को नये कुलपति का इंतजार

**जबलपुर।** नई सरकार आने के बाद रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में नये कुलपति का इंतजार भी शुरु हो गया। उम्मीद की जा रही कि नये सत्र के पहले रादुविवि को नया कुलपति मिल जाएगा। गौरतलब है चुनाव पूर्व ही राजभवन ने अंतिम पांच उम्मीदवारों के साक्षात्कार ले लिए थे। नाम के ऐलान के पहले आचार सहिंता लग गई, जिसके चलते नये कुलपति के लिये आदेश जारी नहीं हो सका। अब माना जा रहा है जल्द ही नाम की घोषणा हो जाएगी। गौरतलब है कि कुलपति की दौड़ में अंतिम पांच में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय से एक प्राध्यापक का नाम है, ये फिलहाल प्रदेश के बाहर के विश्वविद्यालय में कुलपति का दायित्व सम्हाल रहे हैं। इनके अलावा भोपाल और उत्तर प्रदेश के बीएचयू से दावेदार हैं। जिनके लिए बड़े स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। अंतिम निर्णय राजभवन को करना है। कहा जा रहा है कि दो दिग्गजों की दावेदारों को लेकर निर्णय नहीं हो पा रहा है इस वजह से देरी हो रही है। फिल कुलपति पद का दायित्व प्रो. कपिल देव संभाल रहे हैं। प्रो. मिश्र के अनुसार जल्द ही नए कुलपति के आदेश आने की संभावना है। उन्होंने कहा कि फिलहाल विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद की तैयारी हो रही है। 70 प्रतिशत नैक का मूल्यांकन पूरा हो चुका है शेष 30 प्रतिशत नैक मूल्यांकन का कार्य किया जाना है। इसके लिए अभी नैक की टीम का आने का इंतजार किया जा रहा है।

मेमू ट्रेन निरस्त, शक्तिपुंज एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से गुजरेगी

## मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतरे, रेल यातायात प्रभावित

**जबलपुर।** कटनी सिंगरौली रेल सेक्शन के अंतर्गत ब्यौहारी.छतैनी स्टेशन के बीच मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर जाने के कारण रेल यातायात प्रभावित हो गया। जिसके चलते सिंगरौली जबलपुर सिंगरौली के बीच चलने वाली मेमू ट्रेन को निरस्त कर दिया गया है वहीं शक्तिपुंज एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित कर चलाया जा रहा है। रेलवे से प्राप्त जानकारी के अनुसार कटनी.सिंगरौली सेक्शन के अंतर्गत ब्यौहारी.छतैनी स्टेशनों के मध्य मालगाड़ी के पटरी से उतर जाने के कारण कुछ ट्रेनों को रद्द तथा कुछ को मार्ग परिवर्तित कर चलाया जा रहा है। लिहाजा सिंगरौली इंटरसिटी व मेमू ट्रेन को रद्द कर दिया गया है वहीं शक्तिपुंज एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।



पश्चिम मध्य रेलवे जोन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रारंभिक स्टेशन सिंगरौली से रवाना होकर जबलपुर पहुंचने वाली गाड़ी संख्या.11652 सिंगरौली.जबलपुर इंटरसिटी को निरस्त कर दिया गया है। इसी तरह से आज अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से रवाना होने गाड़ी संख्या. 11651जबलपुर. सिंगरौली इंटरसिटी रैक के अभाव के चलते आज निरस्त कर दी गई है। वहीं आज अपने प्रारंभिक स्टेशन कटनी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 06623 कटनी.बरगवां मेमू स्पेशल ट्रेन को भी निरस्त कर दिया गया है। इसी कड़ी में अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से कोलकाता के लिए चलने वाली गाड़ी संख्या.शक्तिपुंज एक्सप्रेस आज हावड़ा से जबलपुर आते वक्त निर्धारित मार्ग से चलने की बजाय वाया धनबाद, चोपन, चुनार, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर कटनी होकर जबलपुर पहुंची। वहीं जबलपुर से हावड़ा जाने वाली गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर.हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग से न चलकर वाया कटनी. मानिकपुर. प्रयागराज छिवकी से होकर हावड़ा पहुंच रही है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

# कबाड़खाना में तब्दील हो रही करोड़ों की जमीन....!

## ननि चाहता तो बना सकता था स्वयं की आय का साधन

हरिभूमि, जबलपुर।

प्रदेश सरकार ने नगर निगमों को स्वयं की आय निर्मित करने के लिये खाली पड़ी जमीनों को पीपीपी मॉडल में विकसित करने का फैसला लिया था। इसी कड़ी में जबलपुर नगर निगम की करोड़ों रुपये की जमीनों का जीर्णोद्धार होना था परंतु इच्छा शक्ति के अभाव में आज तक उस योजना पर अमल नहीं हो पाया है।

गौरतलब है कि शहर की खाली पड़ी जमीनों को पीपीपी मॉडल में विकसित किया जाना था। प्रदेश सरकार द्वारा इसका आदेश भी आ चुका है। बस निगम को इतना करना था कि प्रस्ताव पास करके शासन को भेजना था, उसके बाद शासन से मंजूरी मिलती और जमीनों को विकसित किया जा सकता था। परंतु इस योजना को आये दो साल से अधिक का समय बीत चुका है, नगर निगम के जनप्रतिनिधि और अधिकारियों द्वारा कोई पहल नहीं की गई, बल्कि इन जमीनों को कबाड़खाना जरूर बना दिया है।





### इन जमीनों का होना था कायाकल्प

बताया जाता है कि शहर की बेशकीमती पुराना बस स्टैंड, तीन पत्ती, आगा चौक, क्षेत्रीय बस स्टेंड, सिविक सेंटर की सहित अनेक जमीन ऐसी है, जो निगम को रातों-रात मालामाल बना सकती हैं। इन जमीनों पर पैसा लगाने शहर के बिल्डर भी खड़े हो सकते हैं। इसके लिए तत्कालीन कलेक्टर इलैया राजा टी ने जरूर पहल की थी, परंतु उनके जाने के बाद नये कलेक्टर कोई रुचि दिखाते नजर नहीं आई।

### करोड़ों रुपये की हो सकती है आय

जानकारों का कहना है कि नगर निगम द्वारा इन जमीनों को पीपीपी मॉडल के तहत विकसित कर लिया जाता तो यह सोने का अंडा देने वाली मुर्गी साबित होती। यही नहीं निगम करोड़ों रुपये कमा कर आत्मनिर्भर बन सकता था।

### इनका कहना है

ये शासन की योजना है, इसमें कंसलटेंट की नियुक्ति होना है, इसके बाद निगम द्वारा प्रस्ताव पारित कर शासन को भेजा जायेगा।

**जगत बहादुर सिंह अन्नू**
**महापौर जबलपुर**

### नहीं हो पाई कंसलटेंट की नियुक्ति

बताया जाता है कि शहर की जमीनों को किस प्रकार से प्रयोग होना चाहिए, इसके लिए कंसलटेंट की नियुक्ति होना था, वहीं पीपीपी मॉडल के तहत जमीनों का नाप जोख करने का कार्य भी किया जाना था, परंतु अधिकारियों की लापरवाही का नमूना ही कहा जायेगा कि योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। यहां तक कि कोई कंसलटेंट आज दिनांक तक नियुक्त नहीं हो पाया।

# हाई कोर्ट से दिग्विजय सिंह को मिली राहत

## आगामी आदेश तक कार्रवाई पर रोक

**जबलपुर।** हाई कोर्ट ने राज्यसभा सांसद व वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह को राहत दे दी है। इसके तहत सरकार को आगामी आदेश तक पश्चातवर्ती क्रम में दर्ज किसी भी प्रकरण में कोई कार्रवाई न करने के निर्देश दिए गए हैं। मामला पांच राज्यों में दर्ज की गई एफआइआर से संबंधित है।

**गुरू गोलवलकर के विचारों को लेकर इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट के बाद पांच राज्यों में एफआइआर का मामला**

उल्लेखनीय है कि दिग्विजय सिंह द्वारा गुरू गोलवलकर के विचारों को लेकर अपने इंटरनेट मीडिया पर एक पोस्ट की गई थी, जिसके संबंध में उनके विरुद्ध अनेक पुलिस थानों में भाजपा और आरएसएस से जुड़े. लोगों ने भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, 469, 505 सहित अन्य गैर जमानती धाराओं में पुलिस शिकायत की गई थी। पुलिस थाना तुकोगंज, इंदौर में दर्ज पहली शिकायत को छोड़कर अन्य सभी शिकायतों को दिग्विजय सिंह की ओर से हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी।न्यायमूर्ति संजय द्विवेदी की एकलपीठ के समक्ष दिग्विजय सिंह की ओर से अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि एक ही कृत्य के लिए दो या अधिक एफआइआर दर्ज नहीं की जा सकती। इसके बावजूद सरकार द्वारा उनके पक्षकार के विरुद्ध दुर्भावनापूर्वक कार्यवाही की गई है। बहस के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायदृष्टांत प्रस्तुत करते हुए हाई कोर्ट से दिग्विजय सिंह को अंतरिम राहत दिए जाने की प्रार्थना की। अतिरिक्त महाधिवक्ता हरप्रीत सिंह रूपराह द्वारा मध्यप्रदेश शासन की ओर से पैरवी करते हुए दिग्विजय सिंह को अंतरिम राहत दिए जाने का विरोध किया गया और शासन की ओर से प्रकरण में उत्तर प्रस्तुत करने हेतु समय चाहा गया। दोनों पक्ष को सुनने के बाद हाई कोर्ट द्वारा आगामी आदेश तक दिग्विजय सिंह के विरुद्ध पश्चातवर्ती क्रम में दर्ज किसी भी प्रकरण में कोई कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## उपभोक्ता मंच ने किया प्रदर्शन

# ठंड में दूध का उत्पादन बढ़ा, फिर भी रेट क्यों बढ़े?

जबलपुर।

ठंड के सीजन में जबलपुर क्षेत्र में दूध का उत्पादन 40 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ा है। वर्तमान में रोजाना साढ़े तीन लाख लीटर दूध का उत्पादन प्रतिदिन हो रहा है। इस कारण दूध मार्केट में आवक बढ़ गई है। आवक बढ़ने पर साधारण तौर पर दूध का दाम या तो घट जाता है या फिर स्थिर रहता है, ऐसी किसी भी हालत में दूध के रेट बढ़ने का कोई औचित्य नहीं है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने विरोध प्रदर्शन कर दूध के बढ़े दामों की मॉनीटरिंग करने कलेक्टर से मांग की है।



### 7 माह पूर्व में रेट मॉनीटरिंग हुई थी

डॉ.पीजी नाजपांडे द्वारा मप्र हाईकोर्ट में दायर जनहित याचिका में प्रदेश सरकार ने यह आश्वासन दिया था कि दूध के रेट की लगातार मॉनीटरिंग की जाएगी। इसी के तहत 7 माह पूर्व में दूध रेट की मॉनीटरिंग कर 63 रुपए प्रति लीटर रेट तय किए गए थे। लेकिन इसके बाद अभी तक मॉनीटरिंग नहीं की गई है।

इस बावत प्रदर्शन कर नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मांग की है कि कलेक्टर तत्काल हस्तक्षेप करें। इस अवसर पर डॉ.पीजी नाजपांडे, डीआर लखेरा, पीएस राजपूत, एसके चतुर्वेदी, एसएन नेमा, कमलेश तिवारी, बी.डी.साहू तथा राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

## खुले में मांस मछली बेचने वालों पर कार्यवाही

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े के निर्देशानुसार संभाग क्रमांक 10 रांझी के अंतर्गत खुले में मांस मछली विक्रय करने वालों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई गी गयी। कार्यवाही के दौरान 15 दुकानदारों के चालान काटे गये और इनसे स्पॉट फाइन के रूप में जुर्माने की रीशि भी वसूल की गयी। रांझी संभाग के मुख्य स्वच्छता निरीक्षक अनिल मिश्रा ने कि रांझी मुख्य मार्ग में खुले में रोड़ किनारे मॉंस मछली विक्रय करने वाले 15 दुकानदारों के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई तथा स्पॉट फाईन भी लगाया गया। उन्होंने बताया कि अब यह कार्रवाई रहेगी लगातार जारी। कार्रवाई के समय स्वच्छता निरीक्षक दिलीप गिराय, उमा विश्वकर्मा, सुपरवाईजर श्रीनिवास, राजेश चौधरी, फरेड खान, आदि उपस्थित रहे।

## इसी माह शुरु होगा जमीन अधिग्रहण

# रिंग रोड के रास्ते की अंतिम रुकावट साफ

जबलपुर।

रिंग रोड के रास्ते की मुश्किले एक एक कर दूर रही है। इसी क्रम में इस प्रोजेक्ट को एक और राहत मिली है। रिंग रोड का आखरी बड़ा हिस्सा अटका हुआ था, इसका मार्ग भी अब प्रशस्त हो गया है। कुश्नेर से अमझर के बाद अब अमझर घाटी से बरेला मंदिर के बीच यह रास्ता होगा। 18.5 किलोमीटर लंबे इस मार्ग को 600 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जाएगा। इलाइनमेंट की औपचारिकता बची है, यह तय होते ही अब केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय से नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक इस मार्ग में एक फ्लाईओव्हर भी होगा। करीब सवा किलोमटर लम्बे इस फ्लाईओव्हर का निर्माण अमझर घाटी पर किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट की सबसे खास बात यह है कि यहां सुरक्षा के सभी आवश्यक मापदंडों को पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसर कुण्डम रोड अमझर घाटी से शारदा मंदिर बरेला तक 18.5 किलोमीटर लंबाई वाले रिंग रोड़ के इस हिस्से को नेशनल हाईवे आरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से एलाइनमेंट के साथ टेण्डर को लेकर मंजूरी दे दी है। वहीं केन्द्राrय सड़क परिवहन मंत्रालय ने भी इस अंतिम हिस्से को प्रक्रिया को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिया हैं। उम्मीद की जा रही है फरवरी से इस मार्ग पर भी जमीनी काम शुरु हो जाएगा।



### इसी माह शुरु होगा अधिग्रहण

600 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस मार्ग के लिए 111 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। इसमें वन भूमि और सेना भूमि को नहीं लिया जा रहा है। किसानों को मुआवजा के लिए करीब 20 करोड़ रुपये का खर्च आंकलित है। अब इसके भूमि अधिग्रहण की फाइनल प्रक्रिया के साथ ही इसके टेण्डर की प्रोसेस भी अगले 15 दिनों में शुरू कर दी जाएगी।

### 114 किलोमीटर लम्बी है रिंग रोड

गौरतलब है कि जबलपुर के सबसे बड़े प्रोजेक्ट रिंग रोड की लागत करीब 35 सौ करोड रुपये है, वहीं रिग रोड 114 किलोमीटर लम्बी होगी।इसका पहला हिस्सा 16 किलोमीटर का है, जिसको नर्मदा पर नये ब्रिज के निर्माण के साथ 662 करोड़ की लागत से बनाया जा रहा है। इस मार्ग पर अभी तक 15 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। इसके आगे के तीन हिस्से, जिनमें वर्प अगले कुछ दिनों में आरंभ होगा, ये तीन हिस्से मानेगांव से भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन, भेड़ाघाट रेलवे स्टेशन से पनागर कुशनेर, पनागर कुशनेर से अमझर घाटी तक आते हैं, इनमें जिन कंपनियों काम प्रारंभ करना है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रिंग रोड़ को पांच हिस्सों में बांटा है। हर हिस्से का अलग इलानमेंट के साथ कार्य निविदा अलग अलग जारी हुई है।

## हितग्राहियों को ई-केवायसी कराने अंतिम मौका

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के द्वारा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएँ संचालित की जा रहीं हैं जिससे लाखों हितग्राहियों को प्रतिमाह नगर निगम जबलपुर द्वारा लाभ पहुंचाया जा रहा है। सहायक आयुक्त अंकिता जैन एवं योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि पेंशनर्स को नियमित रूप से पेंशन की राशि प्राप्त हो इसके लिए शासन के निर्देशानुसार समग्र आधार ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया है कि नगर निगम सीमान्तर्गत निवासरत समस्त पेंशनर्स के द्वारा दिनांक तक समग्र पोर्टल पर आधार ई-के वाय सी नहीं करवाया है वे सभी हितग्राही तत्काल नगर निगम के संभागीय कार्यालय में उपस्थित होकर अपना ई-के वाय सी करवाए। उन्होंने कहा कि ई-के वाय सी संबंधी कार्य विगत 6 माह से किया जा रहा है, इसके बाद भी सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स के द्वारा समग्र ई-के वाय सी नहीं करवाया गया है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशनर्स अपना ई-के वाय सी 7 दिवस के अंदर अनिवार्य रूप से करा लें, उन्होंने बताया कि ई-के वाय सी न कराने की स्थिति में पेंशन बंद हो सकती है।

# मप्र से बाहर की आरक्षित वर्ग की महिलाओं को मप्र में शादी करने पर नौकरी में आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि मप्र राज्य से बाहर की आरक्षित वर्ग की महिलाओं को यहां (मप्र) शादी करने पर नौकरी में आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। दरअसल, प्रदेश से बाहर की ओबीसी, एससीएसटी वर्ग की महिलाओं को आरक्षण के लाभ से बंचित किए जाने के भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के नियमों को संविधान के अनुच्छेद 16(2) एवं 19(1)(e) से असंगत बताते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। जस्टिस शील लागू व जस्टिस देव नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने उक्त नियम को सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच के फैसले के आलोक में वैधानिक करार दिया। कोर्ट ने राजस्थान की महिला अभ्यर्थी की याचिका निरस्त कर दी।

राजस्थान की रहने वाली सीमा सोनी ने याचिका दायर कर बताया कि उसकी नीमच में शादी हुई है, लेकिन उसे प्राथमिक शिक्षक चयन में ओबीसी वर्ग का नहीं दिया गया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व विनायक शाह ने बताया कि याचिका कर्ता प्राथमिक शिक्षक के लिए ओबीसी वर्ग में चयनित हुई थी। सरकार ने यह कहते हुए ओबीसी का लाभ देने से इनकार कर दिया कि राजस्थान की मूल निवासी होने के कारण उसे मध्य प्रदेश में उसी वर्ग के आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता।

भारत सरकार ने 1982 को आरक्षित वर्ग सेन्ट्रल गवर्नमेंट की सेवाओं हेतु जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने की अधिसूचना जारी की गई थी। बाद में 2018 में संशोधित कर दिया गया। मध्य प्रदेश के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा भारत सरकार की अधिसूचना के अनुरूप 2005 में आरक्षित वर्ग के व्यक्तियों को जति प्रमाण पत्र जारी करने की गाइड लाइन जारी की गई। उक्त गाइडलाइन में भारत सरकार की गाइडलाइन के समान व्यवस्था की गई है



कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा देय आरक्षण सुविधा की पात्रता केवल प्रदेश के मूल निवासियों को ही होगी। दलील दी गई कि जाति, लिंग भाषा, जन्मस्थान आदि के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाना नागरिक के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। अधिवक्ता ठाकुर का कहना है कि हाईकोर्ट के इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।

# प्रशांत सिंह बने रहेंगे मप्र के महाधिवक्ता

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के महाधिवक्ता पद पर प्रशांत सिंह निरंतर बने रहेंगे। इस आशय का आदेश सोमवार को मध्य प्रदेश शासन, विधि और विधायी कार्य विभाग के सचिव उमेश पांडे ने राज्यपाल के आदेशानुसार जारी किया। उल्लेखनीय है कि प्रशांत सिंह को पूर्व में 13 अक्टूबर, 2021 को मप्र का महाधिवक्ता नियुक्त किया गया था। इससे पूर्व वे अतिरिक्त महाधिवक्ता पद की जिम्मेदारी संभाल चुके थे। उन्होंने 1992 में पूर्व महाधिवक्ता रविनंदन सिंह के मार्गदर्शन में वकालत की शुरुआत की थी। 1996 से स्वतंत्र वकालत का आगाज किया। आगे चलकर अतिरिक्त महाधिवक्ता बनाए गए। राष्ट्रीय सवयं सेवक संघ के संकल्प महाशिविर की जिम्मेदारी निभाने के कारण इस पद से इस्तीफा दे दिया। विश्व हिंदू परिषद व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में कई महत्वपूर्ण दायित्व निभाने की प्रशस्ति में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के महाकोशल प्रांत के संघ चालक नियुक्त किए गए। रिट, सिविल, क्रिमनल, टैक्स व संवैधानिक सभी तरह की वकालत में समान रूप से महारत रखने के कारण वरिष्ठ अधिवक्ता नामांकित किए गए।



# केंट बोर्ड हटायेगा खुले में मांस बेचने वाली दुकानें

**जबलपुर।** खुले में मांस विक्रय पर प्रभावी कार्यवाही करने अब नगर निगम के बाद केन्ट बोर्ड भी हरकत में आ गया है। केन्ट बोर्ड अपने अधिकार वाले क्षेत्र में मौजूद मांस की दुकानों की फेहरिस्त बना रहा है। कार्यवाही के पहले क्रम में भैंसासुर बाबा मार्ग पर बनी गुमटियों से मांस की दुकाने हटाई जाएंगी। बताया जा रहा है कि केन्ट बोर्ड ने जांच में पाया है कि यहां की दुकानों के पास किसी तरह का कोई लायसेंस नहीं है। भैंसासुर मार्ग जो नगर निगम और केन्ट बोर्ड दोनों क्षेत्रों में फैला है, यहां संयुक्त कार्यवाही की तैयारी है। इस हफ्ते केन्ट बोर्ड निगम प्रशासन के साथ मिलकर यहां कार्यवाही करेगा।

## खुले बोरवेल तथा खतरनाक गड्ढों को बंद करें

# लंबित प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से करें : कलेक्टर



**जबलपुर।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में लंबित पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीईओ जिला पंचायत जयति सिंह, अपर कलेक्टर मिशा सिंह, शेर सिंह मीणा, नाथूराम गौंड, नगर निगम कमिश्नर स्वप्निल वानखड़े सहित सभी जिला अधिकारी मौजूद थे। साथ ही वर्चुअल रूप से अनुभाग व तहसील स्तरीय अधिकारी भी जुड़े थे। इस दौरान उन्होंनें कहा कि सभी विभागों के जितने भी लंबित पत्र हैं उन्हें समय सीमा में निराकृत करना सुनिश्चित करें। लंबित पत्रों मुख्य रूप से पुराने वाहनों के राइटऑफ करने व नये वाहनों के क्रय, अतिक्रमण हटाने, मंडी की भू अर्जन, रेरा के प्रकरणों में ऑर्डर, एमपीईबी के टॉवर, कॉलोनी सेल, मेन वेयर हाउस की जांच, हरगढ़ में साइलो, श्रमोदय विद्यालय में निःशुल्क शिक्षा अंतर्गत शिक्षा गुणवत्ता, पनागर के कुशनेर में पट्टा वितरण, फ्लाई ओव्हर से जुड़े मुद्दे, कुंडम में गौ-सदन के लिये जमीन अधिग्रहण, पीएम आवास, खुले नलकूपों तथा खतरनाक गड्ढों को बंद करने आदि प्रकरणों के निराकरण पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर सुमन ने सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों को तत्परता से निराकरण करने के निर्देश देते हुये कहा कि 50 दिन से अधिक के प्रकरणों को प्राथमिकता से लेकर संतुष्टि के स्तर पर बंद करें। सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों में लापरवाही बिल्कुल न करें। प्रकरणों को संवेदनशीलता के साथ निराकरण कर जिले के रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होनें आधारताल में पीड़ित प्रतिकर प्रकरण, हाट बाजार में फिश लाइसेंस, जल निगम द्वारा रोड शोल्डर को क्षति न पहुंचाने, यदि पहुंचा है तो उसके रेस्टोरेशन करने आदि पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

इसके साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर कहा कि केन्द्राrय योजनाओं के सभी पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाने और नवाचारी योजनाओं से देश हुए विकास से आम लोगों को परिचित कराने के निर्देश दिये। साथ ही कहा कि सभी संबंधित विभागों से आपसी समन्वय स्थापित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता सुनिश्चित करें। उन्होनें कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में डाटा भरने में सावधानी बरतें और समय पर डाटा की एंट्री कर लें। आयुष्मान कार्ड वितरण व ई-केवायसी आदि में गंभीरता बरतें, उज्जवला, केसीसी आदि विभिन्न जनहितकारी मुद्दों पर प्रभावी तौर पर कार्य करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रमों से जनप्रतिनिधियों को अवगत करायें तथा उन्हें आमंत्रित भी करें।

### 08.30 के बाद लगें स्कूल

कलेक्टर सुमन ने कहा कि सर्दी को देखते हुये छोटे बच्चों के स्कूल जिसमें प्री प्रायमरी तथा प्रायमरी स्कूल लगने के समय निर्धारित किया है। उन्होनें कहा कि सुबह 8.30 बजे के बाद ही स्कूल लगाने की प्रक्रिया शुरू की जाये।

### 24 दिसम्बर को मैगा ब्लड डोनेशन कैंप

इंडियन कॉफी हाउस व रेडक्रॉस के सहयोग से मैगा ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने की कार्ययोजना है। जिसमें कलेक्टर सुमन ने कहा कि यह कैंप पुरानी वॉलमार्ट बिल्डिंग, कटंगी रोड में आयोजित होगा जिसमें सभी अधिकारी-कर्मचारी व इच्छुक आमजन स्वेच्छा से रक्तदान कर पीड़ित मानवता के लिये अपनी सहभागिता का निर्वाहन कर सकते हैं।

## खुले में मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने निगरानी दल गठित

**जबलपुर।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुक्त खाद्य सुरक्षा तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि सुरक्षा प्रशासन के निर्देशानुसार मिलावट से मुकति अभियान के तहत जिले में खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही के साथ ही खुले में तथा बिना अनुमति पत्र अथवा लायसेंस के नियमों का उल्लंघन करते हुए मांस एवं मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने जिला स्तरीय विशेष निगरानी दल गठित किया है। चौदह सदस्यों के विशेष निगरानी दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, संजय कुमार गुप्ता, माधुरी मिश्रा, सारिका दीक्षित एवं विनोद धुर्वे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुग्ध संघ डी.बी. सिंह, सहायक आपूर्ति अधिकारी संजय खरे एवं अनीता सोरते, नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी भूपेन्द्र सिहं, प्रभारी आयुक्त नगर निगम पी.एन. सनखेरे, उपनिरीक्षक सुरेश आर्मो एवं आर. बी. शर्मा तथा नापतौल निरीक्षक रंजीत धोके एवं किरन लता सैयाम को शामिल किया गया है। कलेक्टर सुमन ने विशेष निगरानी दल को दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले व्यापारियों तथा मिलावटी खाद्य पदार्थों का निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वाले खाद्य कारोबारियों के विरूद्ध आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ ही उन्होंने जिले में बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते हुये खुले में अवैध एवं नियम विरूद्ध संचालित पशु मांस तथा मछली के विभिन्न प्रतिष्ठानों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर कार्यवाही करने के निर्देश विशेष निगरानी दल को दिये हैं। कलेक्टर ने विशेष निगरानी दल का नोडल अधिकारी खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव को नियुक्त किया है। आदेश में नोडल अधिकारी से कहा गया है कि खुले में तथा बिना लायसेंस अथवा लायसेंस की शर्तों का उल्लंघन करते मांस-मछली के विक्रय पर प्रतिबंध लगाने की गई कार्यवाही से कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराया जाये।



# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में महंत गोविंद दास जी को भी निमंत्रण

**सिहोरा।** अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए सम्पूर्ण भारत में साधू संतो को निमंत्रण भेजा जा रहा उसी के अंतर्गत महाकौशल प्रांत में लगभग 150 संतों को आमंत्रण भेजा गया है। लेकिन इस आयोजन में सिहोरा क्षेत्र की भी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आमंत्रण भेजा गया है जो सिहोरा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने श्री नृसिंह मंदिर खितौला के महंत गोविंद दास जी महाराज को भी निमंत्रण पत्र भेजा गया है जिसको लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ,विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी, जिला कार्यवाह विनोद खत्री, जिला अध्यक्ष संत पटेल, जिला मंत्री अर्जुन कुशवाहा, जिला सेवा प्रमुख अमित कुशवाहा, सहदेव पटेल आदि ने स-सम्मान महाराज जी को निमंत्रण प्रदान किया एंव उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

# आनंद एवं विज्ञान मेला प्रदर्शनी आयोजित



**सिहोरा।** के के व्ही हायर सेकेंडरी स्कूल खितौला बाजार में गत दिवस फन फेयर एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमे विद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया. साथ ही फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं विविध प्रकार के फ़ूड स्टाल्स का संयोजन किया गया। आयोजन प्राचार्या ओम वात्री एवं प्रबंधक निशांत वात्री के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथियों में बी ई ओ,प्राचार्य सीएम राइज अशोक उपाध्याय,ब्रजेश श्रीवास्तव,अश्विनी उपाध्याय,मंडल अध्यक्ष अंकित तिवारी,आनंद श्रीवास, राहुल विश्वकर्मा,विजय शर्मा उपस्थित रहे। निर्णायक दल में व्याख्याता अमित जैन व प्रखर गुप्ता,कृष्णा सरावगी,सुधा पहारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन व रिबन काटकर किया गया जिसमें बच्चों ने अनेक माडलों का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समस्त शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

# विलंब से प्रारंभ हुए धान उपार्जन एवं मौसम की बेरुखी ने बढ़ा दी किसानों की समस्याएं

**सिहोरा।** भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष एडवोकेट रमेश पटेल ने सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी को किसानो की समस्या से अवगत कराते हुए धान उपार्जन को पटरी पर लाने शीघ्र नए केंद्र स्थापित किए जाने की मांग की है। विदित हो खरीफ फसल धान के उर्पाजन वर्ष 2023-24 हेतु शासन के द्वारा जो धान उर्पाजन केन्द्र बनाए गए है उनमें प्रांगण की समस्या आ रही है क्योंकि बीच में अकारण वर्षा होने से धान में नमी हो गयी है तथा फैलाने / सुखाने की समस्या खड़ी हो रही है ऐसी स्थिति में कृषको के हितों को देखते हुए शीघ्र ही नये केन्द्र (प्रांगण) सुनिश्चित किये जावे जिससे कृषकों की समस्या का निराकरण हो सके।

### मझौली में फर्जी रजिस्ट्रेशन की शिकायत

मझौली तहसील अंतर्गत ग्राम रिवझा पटवारी हल्का नंबर 60 प.ह.न.63 प.ह.न.64 के कृषको की कृषि भूमि का फर्जी धान विकय का रजिस्टेशन करा धोखाधडी करने की शिकायत किसानों ने की है। ग्राम रिवंझा खरम्हरिया प.ह.न. 60 तहसील मझौली निवासी किसान माखन सिंह,सुरेश सिंह, इंद्र सिंह,रामनरेश तिवारी,लक्ष्मी बर्मन आदि ने लिखित शिकायत करते हुए बताया कि उनकी कृषि भूमि की उपज धान विकय का रजिस्टेशन 18 दिसम्वर को बिना किसी जानकारी एंव सिकमीनामा के लगभग 34 व्यक्तियो की कृषि भूमि के खातेदारों के रजिस्ट्रेशन अपने नाम पर फर्जी तौर पर करा लिया है। इस रजिस्ट्रेशन का पता हमें जब चला कि मोबाइल में अपने खसरे चेक करने में देखा गया कि इन खसरो का रजिस्टेशन हो चुका है। अतः रजिस्ट्रेशन की जाँच कर फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन करने वालों पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करने की मांग की गई है।

# जुए के फड़ों पर छापा 14 जुआडी गिरफ्तार

**जबलपुर।** गोहलपुर, लार्डगंज और गौरीघाट पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे जुए के फड़ों पर छापा मारकर 14 जुआड़ियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 हजार 430 रुपए जब्त किए है। गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार रद्दी चौकी शिव मंदिर के पीछे जुआ मन्ना खेल रहे पन्नी मोहल्ला सुहागी अधारताल निवासी दीपक चक्रवर्ती, शिव मंदिर के पीछे रद्दी चौकी निवासी अभिषेक चौधरी, रद्दी चौकी शिव मंदिर के पास गोहलपुर निवासी विशाल चौधरी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52 पत्ते एवं नगद 2 हजार 400 रूपये जब्त किए है।

इसी तरह लार्डगंज पुलिस ने एमएच अस्पताल के पास प्रदीप सोंधिया और अन्य दो को जुआ मन्ना खेलते हुए गिरफ्तार कर उनके कब्ज से ताश के 52 पत्ते एवं नगद 830 रूपये जब्त किए है। इसी प्रकार गौरीघाट पुलिस ने गली नंबर 5 एवं संजय नगर में नवल चौधरी, सुरेंद्र चौधरी तथा अन्य 6 आरोपियों को जुआ मन्ना खेलते हुए गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ताश के 52-52 पत्ते एवं नगद 1 हजार 600 रूपये जब्त कर लिया है। पुलिस ने सभी 14 जुआड़ियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# युवक ने फांसी लगाई

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अतंर्गत वायपेयी का बाड़ा राईट टाउन मदनमहल में एक युवक ने कनेर के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। मदनमहल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वायपेयी का बाड़ा राईट टाउन मदनमहल निवासी 19 वर्षीय राज मिश्रा गत रात अपने कमरे में पढ़ाइ कर रहा था। रात लगभग 11.50 बजे उसके पिता अनिल कुमार मिश्रा ने उसे अपने कमरे में सोने को कहा तो वह अपने कमरे में जाकर सो गया। सोमवार की सुबह लगभग 5 बजे उसके पिता अनिल कुमार मिश्रा ने देखा कि घर के सामने कनेर के पेड़ में राज मिश्रा ने साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार की मौत, दूसरा गंभीर

**जबलपुर।** मझगवां थाना अतंर्गत ग्राम भंडरा में सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार एक युवक की मौत हो गई वहीं दूसरा युवक गंभीर रुप से घायल है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

मझगवां पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भंडरा निवासी 22 वर्षीय राकेश उर्फ रक्कू गोटिया गांव के सज्जू कोल के साथ स्कूटी टीव्हीएस एमपी 20 जेडसी 2549 से मजदूरी करने गया था। गत शाम लगभग 7.45 बजे दोनों का एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट से राकेश बेहोश हो गया और सज्जू कोल घायल हो गया। सूचना मिलने पर राकेश के पिता पुरुषोत्तम गोटिया मौके पर पहुंचा और दोनों को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल मझगवां लेकर गए जहां डॉक्टर ने चैक कर राकेश को मृत घोषित कर दिया और सज्जू को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

## रिपयेरिंग के पैसे मांगने पर बदमाश ने की वारदात

# चाकू ऐसा मारा कि बांह में जा फंसा



**जबलपुर।** शहर में चाकूबाजी की वारदातें लगातार बढ़ती जा रही है। थोड़ी-थोड़ी बात पर चाकू चल रहे हैं। बदमाशों में पुलिस का खौफ नहीं रहा। चाकूबाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और अभियान चलाने की दरकार महसूस की जा रही है।

गोरखपुर थाना अतंर्गत रामपुर छापर में बाईक रिपेयरिंग मिस्त्री ने काम के पैसे मांगे तो बदमाश ने उस पर चाकू से वार कर दिया। चाकू कुछ इस तरह मारा की चाकू युवक की बांह में जाकर फंस गया। खून से लथपथ घायल को इलाज के लिए मेडीकल कॉलेज ले जाया गया, जहां देर रात चाकू निकालकर उसकी माईनर सर्जरी की गई।

घटना के संबंध में गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार विजयनगर रामपुर छापर निवासी 40 वर्षीय प्रथलेश दुबे रामपुर छापर में बाईक रिपेयरिंग की दुकान चलाता है। गत शाम लगभग 4.30 बजे प्रथलेश दुबे और उसका भाई प्रदीप दुबे दोनों दुकान पर थे। उसी समय रामपुर छापर निवासी अमन जैन दुकान में आकर अपनी बाईक उठाकर ले जाने लगा, तभी प्रथलेश ने उससे पैसे मांगे तो वह काहे के पैसे कहते हुए गालीगलौज करने लगा, गालियां देने से मना करने पर अमन जैन ने चाईना मेड चाकू से प्रथलेश दुबे के कंधे पर हमला कर घायल कर दिया। प्रदीप दुबे ने बीच बचाव किया तो अमन जैन ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

# बदमाश ने चाचा-भतीजे के साथ की मारपीट

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत शांतिनगर में साईड होने की बात पर एक बदमाश ने एक युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। वहीं बीच बचाव करने आए युवक के भतीजे को चांटा मार दिया और भांजे के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शांतिनगर निवासी 28 वर्षीय ड्रायवर दिनेश चौधरी गत रात लगभग 10.30 बजे अपने भतीजे आशीष अहिरवार को आटो में बैठाकर अपनी पत्नी कौशल्या चौधरी को धनवंतरीनगर चौराहा लेने जा रहा था। नाला के ऊपर एक टपरे के पास तीन चार लड़कों के साथ खड़े आरोपी छुट्टू बर्मन को आटो निकालने के लिए साईड में होने के लिए कहा, इसी बात पर छुट्टू बर्मन गालीगलौज करते हुए आटो इंधर से नहीं जाएगा कहने लगा। उसने अपना आटो पीछे किया तभी छुट्टू बर्मन ने उसके भतीजे आशीष को गाल में दो चांटे मार दिया। उसने मना किया तो छुट्टू बर्मन चाकू से उसकी पेट पर हमला कर घायल कर दिया। उसका भांजा संदीप चौधरी बीच बचाव करने आया तो संदीप के साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324 तथा 3(1)ध, 3(2)(व्हीए) एससी एसटी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## छोटे भाई पर किया चाकू से हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत शारदा नगर में गालीगलौज करने की बात पर बड़े भाई ने छोटे भाई पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। युवक की पत्नी और भाभी ने बीच बचाव किया तो आरोपी बड़े भाई ने जान से मारने की धमकी दी। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार शारदा नगर रांझी निवासी 35 वर्षीय आटो चालक छोटे पाल का बड़ा भाई बबलू पाल आए दिन उसके साथ गालीगलौज करता है। गत रात लगभग 9.30 बजे उसका बड़ा भाई बबलू उसके घर के पास आया और गालीगलौज करने लगा, मना करने पर बबलू ने चाकू से उसकी जांघ पर हमला कर दिया। पत्नी और भाभी ने बीच बचाव किया तो जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी बड़े भाई के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294, 324, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

## रिटायर्ड सहायक यंत्री के सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व जेवर चोरी

**जबलपुर।** संजीवनीनगर थाना अतंर्गत एलआईजी 36 संजीवनीनगर में एक रिटायर्ड सहायक यंत्री के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर सहित नगदी 40 हजार रुपए चोरी कर ले गया। संजीवनीनगर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार एलआईजी 36 धनवंतरीनगर निवासी 64 वर्षीय रिटायर्ड सहायक यंत्री तेजलाल डेहरिया की पत्नी की तबियत गत 6 दिसंबर को अचानक खराब होने के कारण जबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था और परिवार के लोग अस्पताल में ही रुके थे। गत 8 दिसंबर को तेजलाल डेहरिया पत्नी की पुरानी मेडीकल रिपोर्अ लेने घर आया और ताला लगाकर फिर से अस्पताल चला गया। गत 9 दिसंबर को छुट्टी होने पर सिविल लाईन रिश्तेदारी में गए थे। जहां से गत 17 दिसंबर को शाम लगभग 6.30 बजे अपने घर वापस आए तो मेन गेट का ताला लगा था घर का दरवाजा खुला था और अलमारी के लॉकर में रखे सोने का लम्बा वाला मंगलसूत्र जिसमें पेंडल लगा था, 1 अंगूठी, 3 लेडिज अंगूठी एवं चांदी के 17 सिक्के, तथा 40 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



**श्रीमती हरजीत कौर-** आदर्श नगर ग्वारीघाट निवासी अजीत सिंह आनंद उर्फ मंगे सरदार की माता जी श्रीमती हरजीत कौर जी का 85 वर्षीय का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 दिसंबर को दोपहर 11:30 बजे उनके निजी निवास स्थान आदर्श नगर से गुप्तेश्वर शमशान घाट के लिए रवाना होगी।



**श्री कमल कांत अवस्थी-** मानस भवन निवासी कमल कांत अवस्थी उम्र, 83 साल का निधन हो गया। आप पत्रकार नीरज कमल अवस्थी, मनोज अवस्थी के पिताजी थे। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में सम्पन्न हुआ।

**श्रीमती लवलीन कौर-** मनप्रीत अपार्टमेंट फेस 2 मदनमहल निवासी श्रीमती लवलीन कौर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुभद्रा बाई यादव-** शंकर नगर करमेता निवासी श्री राजाराम यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुभद्रा बाई यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राजू क्षीरसागर-** प्रेमनगर पोस्ट आफिस के पास मदनमहल निवासी श्री राजू क्षीरसागर (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता पटेल-** सिद्धबाबा वार्ड पटेल मोहल्ला निवासी श्री राम प्रकाश पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती गीता पटेल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला बाई गोस्वामी-** लेखानगर रिज रोड केंट निवासी श्री सुखदेव गिरी गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई गोस्वामी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लल्लू प्रसाद-** गोपाल होटल सिद्धबाबा रोड निवासी श्री लल्लू प्रसाद (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. साक्षी राजपूत-** रानीताल शक्ति कॉलोनी निवासी श्री खेलन सिंह राजपूत की पुत्री कु. साक्षी राजपूत (23) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शीला बाई रैकवार-** समदड़िया ग्रीन सिटी माढ़ोताल निवासी श्री गज्जू लाल रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती शीला बाई रैकवार (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गोदा बाई राय-** शंकरशाह नगर रामपुर निवासी श्री भगवानदास राय की धर्मपत्नी श्रीमती गोदा बाई राय (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पूजा रैकवार-** गोरखपुर अनगढ़ महावीर मंदिर के पास निवासी श्री नितिन रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा रैकवार (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक मलिक-** एमपीईबी कॉलोनी रामपुर निवासी श्री अशोक मलिक (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नरसिंह राम यादव-** उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री नरसिंह राम यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुनील अहिरवार-** मड़ई वाला बगीचा ग्वारीघाट निवासी श्री खेमलाल अहिरवार के पुत्र श्री सुनील अहिरवार (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश कुमार विश्वकर्मा-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री मुकेश कुमार विश्वकर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला अवस्थी-** मानस भवन के पास राइट टाउन निवासी श्री तुलसीराम अवस्थी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला अवस्थी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छोटे लाल चौधरी-** भोला नगर ग्रीन सिटी रोड माढ़ोताल निवासी श्री छोटे लाल चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।




**श्रीमती बेला चटर्जी-** बराट रोड नेपियर टाउन निवासी श्री वीवी चटर्जी की धर्मपत्नी श्रीमती बेला चटर्जी (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गीता बाई जाट-** पूर्वी बेलबाग निवासी श्री किशोरी लाल जाट की धर्मपत्नी श्रीमती गीता बाई जाट (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राज मिश्रा-** वाजपेयी क्वाटर्स राइट टाउन निवासी श्री अनिल मिश्रा के पुत्र श्री राज मिश्रा (19) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अंकेश खत्री-** रविंद्र नगर अधारताल निवासी श्री मूलचंद खत्री के पुत्र श्री अंकेश खत्री (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कमला ठाकुर-** टेलीग्राफ गेट नं. 4, साईं मंदिर के पीछे निवासी श्री सुदामा ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती कमला ठाकुर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय पैगवार-** तुलसी मोहल्ला बाई का बगीचा घमापुर निवासी श्री विजय पैगवार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती गायत्री परोहा-** पान उमरिया ढ़ीमरखेड़ा निवासी श्री दशरथ प्रसाद परोहा की धर्मपत्नी श्रीमती गायत्री परोहा (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बृजभान सिंह-** नवनिवेश कॉलोनी गंगानगर गढ़ा निवासी श्री बृजभान सिंह (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## चिंतन

# सांसदों का निलंबन हंगामे का हल नहीं

संसद में शीतकालीन सत्र के दौरान लगातार हंगामा कर रहे सांसदों पर लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति ने कड़ा एक्शन लिया है। हालांकि यह अपरिहार्य था और इसके अलावा कोई रास्ता नहीं था, यह बहस का विषय है, पर अभी बीते दो दशक से विपक्षी दलों ने संसद में हंगामे को अपना धर्म जरूर बना लिया है। इससे संसद की कार्यवाही बुरी तरह प्रभावित हो रही है। संसद हंगामे का पर्याय बन गई है। लोकसभा और राज्यसभा से सोमवार को 78 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है, इनमें 33 लोकसभा व 45 राज्यसभा के हैं। लोकसभा से जिन सांसदों को निलंबित किया गया है, उनमें से 30 संसद के पूरे शीतकालीन सत्र तक सस्पेंड रहेंगे। बाकी तीन-को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक सस्पेंड किया गया है। इन तीनों पर स्पीकर के पोडियम पर चढ़कर नारेबाजी करने का आरोप है। इसी तरह, राज्यसभा से जिन 45 सांसदों को सस्पेंड किया गया है, उनमें से 34 को पूरे सत्र और 11 को विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित किया गया है। बीते सप्ताह भी 14 सांसदों को निलंबित किया गया था। अभी कुल 92 सांसद निलंबन झेल रहे हैं। इसके बाद से विपक्ष पर सरकार का हमला बढ़ गया है। संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर विपक्षी सांसदों के जोरदार हंगामे और गृहमंत्री अमित शाह से सदन में बयान देने की मांग को लेकर नारेबाजी के कारण लोकसभा व राज्यसभा की कार्यवाही कई दिनों से बाधित हो रही है और कई बार स्थगित करनी पड़ रही है। सदन में आसन की चेतावनी के बावजूद विपक्षी सांसद लगातार तख्तियां लहराते रहे हैं और सदन की अवमानना करते रहे हैं। यह सांसद के आचरण के अनुरूप नहीं है। पहली बार नहीं है, जब इतने व्यापक स्तर पर सांसदों को सत्र के दौरान हंगामा करने के चलते निलंबित किया गया हो, आंकड़े देखें तो पिछले 10 साल में लोकसभा और राज्यसभा के 154 सांसद निलंबित हो चुके हैं। इसमें उन सांसदों के नाम भी शामिल हैं, जिन्हें एक से ज्यादा बार सस्पेंड किया गया था। वर्ष 1989 में जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे और कांग्रेस के पास प्रचंड बहुमत था, तब एक बार में 63 सांसदों को निलंबित किया गया था। इन सभी सांसदों को एक हफ्ते के लिए निलंबित किया गया था। ये सांसद ठक्कर कमीशन की रिपोर्ट पर हंगामा कर रहे थे। ठक्कर कमीशन ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या की जांच की थी। इसी पर हंगामा हुआ था। इन सांसदों के निलंबन के साथ ही चार और सांसदों ने भी वाकआउट कर दिया था। वर्ष 2013 में लोकसभा की तत्कालीन स्पीकर मीरा कुमार ने 12 सांसदों को पांच दिन के लिए सस्पेंड कर दिया था। ये सांसद आंध्र प्रदेश से अलग कर तेलंगाना बनाए जाने का विरोध कर रहे थे। वर्ष 1962 से ही संसद से सांसदों के निलंबन का इतिहास है। तीन सितंबर 1962 को गोदे मुरहारी को संसद के पूरे सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया था। वर्ष 2012 के बाद से सांसदों का निलंबन सत्र के दौरान बढ़ा है। इसका कारण यह भी है कि विपक्ष में जो भी पार्टी हो, संसद सत्र के दौरान हंगामा कर संसदीय कार्यवाही में बाधा डालने की प्रवृत्ति बढ़ती गई है। अभी संसद में विधेयकों पर सारगर्भित बहस ना के बराबर होती है, विपक्ष हमेशा सरकार के हर कदम का विरोध करने व उस पर हंगामा खड़ा करने के मूड में रहता है। राज्यसभा के रूल बुक के नियम 255 व लोकसभा रूल बुक के नियम 373 व 374 के तहत सांसदों का निलंबन होता है। सांसदों का सामूहिक निलंबन हंगामा बंद कराने का हल नहीं है, इसका लोकतांत्रिक तरीका ही निकले।

## प्राथमिक शिक्षा

अखिलेश आर्येन्दु



# सरकारी स्कूलों के कब बहुरेंगे दिन

पिछले महीने नवंबर में सर्वोच्च न्यायालय ने एक आदेश में देश के सभी सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों में लड़कियों के लिए उनकी संख्या के अनुपात में शौचालय का राष्ट्रीय मॉडल तैयार करने व सैनेटरी नैपकिन वितरण योजना पर केंद्र सरकार को अपनी नीति को चार सप्ताह में अंतिम रूप देने का निर्देश दिया। यह मामला कोर्ट में इसलिए लाया गया, क्योंकि इनके अभाव में हजारों लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं। यह तब है जब केंद्र व राज्य सरकारें अपने यहां शिक्षा-क्षेत्र में प्रगति के बड़े-बड़े दावे करती हैं, लेकिन इनके दावों के बावजूद इनकी जमीनी हकीकत कुछ और ही है। करोड़ों बच्चे स्कूल जाते नहीं या प्राथमिक कक्षाओं में ही स्कूल छोड़ देते हैं, तो इनके पीछे के कारणों को समझने और उन्हें सुलझाने में वैसी रुचि केंद्र या राज्य सरकारें क्यों नहीं लेती जैसे दूसरे तमाम मामलों में? आजादी के 76 साल बाद यदि भारत की प्राथमिक शिक्षा-व्यवस्था सवालों के घेरे में है, तो क्या यह सोचने की जरूरत नहीं है कि अभी देश का भविष्य अंधकार में है या विकास की नई सुबह के साथ गरीब घर के बच्चे व उनके अभिभावक अभी शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं हो पाए हैं? यानी केंद्र और राज्य सरकारों को बगैर किसी स्वार्थ के इन उपेक्षित नौनिहालों के लिए शिक्षा के लिए वह माहौल बनाने की जरूरत है जिससे कोई छात्र या छात्रा शिक्षा पाने के लिए जिद करते दिखें। यह जानना क्या जरूरी नहीं है कि आजादी के बाद प्राथमिक शिक्षा किस दिशा में और कहां तक आगे बढ़ सकी है?

दिल्ली सहित सभी राज्यों के सरकारी क्षेत्र की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था, इनकी प्रगति, शिक्षा का स्तर, बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास जैसे तमाम क्षेत्रों की हालात आजादी के 76 सालों के बाद भी दयनीय है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों के बच्चों की शारीरिक व मानसिक हालात बेहतर नहीं हैं। इसका खुलासा दिल्ली सरकार के पायलट परियोजना के तहत बीस सरकारी स्कूलों में कराए गए सर्वे में हुआ है। इसमें 69 फीसदी बच्चे कमजोर पाए गए। सर्वे में बाइस हजार बच्चों की जांच की गई। जांच के दौरान पन्द्रह हजार बच्चों का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) रेड जोन में मिला। इसकी एक वजह नही थी, लेकिन बड़ी वजह बच्चों में जंक फूड की बढ़ती लत देखने को मिली।

शिक्षा की गुणवत्ता में सरकारी स्कूल आज भी अच्छे नहीं हैं। बिहार, राजस्थान, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे तमाम राज्यों के सरकारी स्कूलों की हालात किसी से छिपी नहीं है। यूनेस्को की 2021 की भारत की प्राथमिक शिक्षा की हालात पर जो रिपोर्ट आई उसके मुताबिक एक लाख से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में एक या इससे कम शिक्षक हैं। रिपोर्ट बयां करती है 2022 में शिक्षकों की औसत उपस्थिति 87,1 प्रतिशत है यानी 12 प्रतिशत शिक्षक गैरहाजिर रहे। और पिछले कई वर्षों से औसतन 72 प्रतिशत छात्र गैरहाजिर रहे। लड़के-लड़कियों का स्कूल जाने को लेकर जो असमानता वर्षों से रही है, उसमें सुधार तो आया है, लेकिन अपेक्षित सुधार नहीं आ पाया है। इसकी वजह वे मान्यताएं हैं जो लड़कियों को लड़कों से कमतर बताती हैं। पिछले कुछ सालों में इस दिशा में सुधार तो हुआ है, लेकिन ग्रामीण इलाकों के पिछड़े परिवारों में इस तरह की मान्यताएं आज भी लड़कियों के विकास, प्रगति और शिक्षा के जरिए आगे बढ़ने में रुकावट बनी हुईं हैं। ऐसे परिवारों की लड़कियों के विकास के लिए सरकारी स्तर पर जो कोशिशें हुई हैं उससे कुछ बदलाव तो आया है लेकिन अभी ऐसा बदलाव नहीं आ पाया है कि ग्रामीण बच्चे शहरी क्षेत्रों के बच्चों के मुकाबले के काबिल बन जाते।

पिछले कुछ सालों से राज्य सरकारों ने अपने चुनावी वादों को पूरा करने के दौरान हाई स्कूल व इंटर के छात्रों को लैपटाप और टैबलेट बंटवाए। इससे बच्चों में आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के प्रति रुचि बढ़ी, लेकिन उनकी शिक्षा में कोई ऐसा बदलाव देखने को नहीं मिला कि जिससे वे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के साथ प्रतियोगिता करने के काबिल बनते। हां, ओडिशा, तमिलनाडु और केरल जैसे कुछ राज्यों ने सरकारी स्कूलों को सुधारने की बेहतर पहल की है। मिसाल के तौर पर पिछड़े राज्यों में शुमार किए जाने वाले ओडिशा में राज्य सरकार की तरफ से 5 टी हाई स्कूल पारदर्शिता कार्यक्रम व प्रौद्योगिकी कार्यक्रम वहां की शिक्षा में सुधार की दिशा में आगे बढ़ने व विकास की दिशा में दूरगामी परिणाम देने वाले हैं। वर्ष 2021 में ओडिशा सरकार की ओर से शुरू की गईं शिक्षा क्षेत्र की योजनाओं के जरिये किये गए बदलाव देश के बीमारू राज्यों के लिए एक नजीर की तरह हैं।

(लेखक शिक्षा व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## जीडीपी ग्रोथ

डॉ. अश्वनी महाजन

# 2026 तक जर्मनी से आगे होंगे हम

जर्मनी जो इस समय जीडीपी की दृष्टि से भारत से एक स्थान ऊपर है, वहां जीडीपी में 0.4 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में भारत की पिछले 6 महीने की जीडीपी 142.33 लाख करोड़ रुपये यानि 1.736 खरब डॉलर है। यदि जीडीपी में वर्तमान दर से वृद्धि होती है तो भारत की वार्षिक जीडीपी डॉलरों में 3.5 खरब डॉलर पहुंच जाएगी, और जर्मनी की वर्तमान जीडीपी 4.1 खरब डॉलर में यदि अनुमानों के अनुसार 0.4 प्रतिशत की कमी दर्ज होती है तो भारत की जीडीपी की तुलना में जर्मनी की जीडीपी (4.08 खरब डालर) से मात्र 600 अरब डालर ही कम रह जायेगी। यदि विकास की वर्तमान दर कायम रहती है, तो भारत ढाई साल से भी कम समय में जर्मनी की जीडीपी को पार कर सकता है।

गत 30 नवम्बर को भारत सरकार के सांख्यिकी विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही, जुलाई से सितम्बर के दौरान भारत की जीडीपी 7.6 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ी, जो 2022-23 की दूसरी छमाही की संवृद्धि दर 6.2 प्रतिशत से कहीं ज्यादा रही। गौरतलब है कि इस तिमाही में भारत की चालू कीमतों पर जीडीपी 71.66 लाख करोड़ रही, जिसका मतलब यह है कि भारत की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय इस तिमाही में 2.01 लाख रुपये तक पहुंच चुकी है। सितंबर माह में डॉलर की औसत बाजार कीमत 82.5 रूपये प्रति डालर के हिसाब से आज भारत की प्रति व्यक्ति वार्षिक आय 2436 डॉलर प्रतिवर्ष है। यदि जीडीपी की अर्ध-वार्षिक ग्रोथ के आँकड़े देखें तो 2023-24 मार्च से सितंबर की जीडीपी 2022-23 के वर्ष के पूर्वार्ध की तुलना में ग्रोथ 7.7 प्रतिशत रिकॉर्ड की गयी। यदि जीडीपी ग्रोथ की यह रफ़्तार जारी रहती है तो जनसंख्या की अनुमानित वृद्धि के साथ सितंबर 2030 तक भारत की प्रति व्यक्ति आय 3600 अमेरिकी प्रति वर्ष पहुँच सकती है। ग़ौरतलब है कि वर्ष 2014 में प्रति व्यक्ति आय मात्र 1500 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष ही थी।

भारत में जीडीपी की संवृद्धि में हालांकि सभी क्षेत्रों का योगदान रहा है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि इस तिमाही की मूल्य संवृद्धि में ग्रोथ का सबसे बड़ा हिस्सा मैन्युफैक्चरिंग का रहा है, यानि 13.9 प्रतिशत। ग्रोथ की दृष्टि से दूसरा सबसे बड़ा ग्रोथ का क्षेत्र कंस्ट्रक्शन का रहा है, जहां 13.3 प्रतिशत की दर से संवृद्धि देखी गई है। तीसरा क्षेत्र बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपयोगी सेवा का है, जहां 10.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गई है। उसके बाद खनन है, जहां 10 प्रतिशत की दर से संवृद्धि दर्ज की गई। देखा जाए तो सेवा क्षेत्र में ग्रोथ बहुत उल्लेखनीय नहीं है। चिंता का विषय यह है कि इस तिमाही में कृषि क्षेत्र में भी ग्रोथ बहुत कम 1.2 प्रतिशत दर्ज की गई है। लेकिन यह किसी मौलिक दोष के कारण नहीं, बल्कि मानसून की कमी के कारण है।

मैन्युफैक्चरिंग में ग्रोथ भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत की नीति की सफलता की ओर इंगित करती है। बड़ी संख्या में नई उत्पादन इकाइयां हर क्षेत्र में लग रही हैं। इनमें इलेक्ट्रॉनिक, टेलीकॉम, मशीनरी, सोलर, प्रतिरक्षा, केमिकल, खिलौने, वस्त्र सहित विभिन्न प्रकार के उत्पाद शामिल हैं। भारत सरकार की उत्पादन से संबद्ध प्रोत्साहन की नीति के कारण अब जल्द ही लैपटॉप, सेमीकंडक्टर इत्यादि का उत्पादन भी शुरू हो सकता है। डिजिटल क्षेत्र में भी नए उद्यम लग रहे हैं।

यदि कुछ खास संकेतकों को देखा जाए तो कोयला, स्टील, सीमेंट, खनन, बिजली उत्पादन इत्यादि में भी खासी संवृद्धि दर दिखाई दे रही है। कोयले के उत्पादन में 16.3 प्रतिषत वृद्धि दर्ज हुई है, तो सीमेंट उत्पादन में 10.2 प्रतिषत वृद्धि हुई है। स्टील उत्पादन में 19.5 प्रतिषत वृद्धि दिखाई दे रही है। खनन में भी 11.5 प्रतिषत संवृद्धि एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों की भी संख्या बढ़ी है और रेलवे के भी यात्रियों के आंकड़े



बेहतर संख्या बता रहे हैं। हवाई यात्रियों की संख्या में 22.7 प्रतिषत वृद्धि हुई है। बैंकों में जमा भी 11.5 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, जबकि बैंकों द्वारा दिए गए ऋणों में 13 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज हुई है। ये सभी आंकड़े देश में बेहतर होते आर्थिक वातावरण की ओर इंगित कर रहे हैं। समझना होगा कि मैन्युफैक्चरिंग की ग्रोथ का सीधा असर रोजगार पर पड़ता है। मैन्युफैक्चरिंग में रोजगार की संभावनाएं सेवा क्षेत्र से कहीं ज्यादा होती है। भारत में जहां आर्थिक संवृद्धि की दर 7.6 प्रतिशत है, चीन में यह मात्र 4.9 प्रतिशत दर्ज की गई है, रूस में 5.5 प्रतिशत और संयुक्त राज्य अमेरिका में यह 5.2 प्रतिशत। गौरतलब है कि जर्मनी जो इस समय जीडीपी की दृष्टि से भारत से एक स्थान ऊपर है, वहां जीडीपी में 0.4 प्रतिशत की दर से गिरावट दर्ज की जा रही है। ऐसे में भारत की पिछले 6 महीने की जीडीपी 142.33 लाख करोड़ रुपये यानि 1.736 खरब डॉलर है। यदि जीडीपी में वर्तमान दर से वृद्धि होती है तो भारत की वार्षिक जीडीपी डॉलरों में 3.5 खरब डॉलर पहुंच जाएगी, और जर्मनी की वर्तमान जीडीपी 4.1 खरब डॉलर में यदि अनुमानों के अनुसार 0.4 प्रतिशत की कमी दर्ज होती है तो भारत की जीडीपी की तुलना में जर्मनी की जीडीपी (4.08 खरब डालर) से मात्र 600 अरब डालर ही कम रह जायेगी। यदि विकास की वर्तमान दर कायम रहती है, तो भारत ढाई साल से भी कम समय में जर्मनी की जीडीपी को पार कर सकता है।

हमारे ग्रोथ का अनुभव कुछ खट्टा-मीठा रहा है। पिछले तीन दशको में जीडीपी ग्रोथ के आंकड़े तो उत्साहजनक रहे लेकिन रोज़गार के मोर्चे पर हम पिछड़ते रहे। उसका कारण यह रहा कि हमारी जीडीपी ग्रोथ में सेवाओं का योगदान ज़्यादा, लेकिन मैन्यूफ़ैक्चरिंग का योगदान कहीं कम रहा। देखा जाए तो 1995-96 में जहां जीडीपी में मैन्यूफ़ैक्चरिंग का योगदान 21.5 प्रतिशत था, वह 2017-18 तक घटकर मात्र 16.5% ही रह गया। मैन्यूफ़ैक्चरिंग में जहाँ रोज़गार की संभावनाएं सेवा क्षेत्र से कई गुना ज़्यादा होती है, का हिस्सा जीडीपी में घटने का असर रोज़गार वृद्धि पर भी पड़ा। युवा भारत की जनसांख्यिकी का फ़ायदा मिलने की बजाए देश में युवा जनसंख्या को रोज़गार न मिलने के कारण समस्याएँ और ख़तरे बढ़ने लगे। ग़ौरतलब है कि देश में बेरोज़गारी की दर लगातार बढ़ती रही। कोविड 19 के प्रकोप के बाद यह समस्या पहले से ज़्यादा विकट हो गई थी। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में मैन्यूफ़ैक्चरिंग को प्रोत्साहन देने के कारण इस क्षेत्र में कुछ ग्रोथ दिखाई देने लगी है। हालाँकि नई श्रृंखला के हिसाब से जीडीपी में मैन्यूफ़ैक्चरिंग का हिस्सा 2020-21 में 18.3% से बढ़ता हुआ वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही तक सिर्फ़ 18.7% तक ही पहुँचा है, लेकिन इस दौरान भारत सरकार के राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार शहरी क्षेत्रों में बेरोज़गारी की दर में जुलाई-सितंबर 2022 में 7.7 प्रतिशत से घटती हुई जुलाई-सितंबर 2023 में 6.6% ही रह गई है। कार्मिक जनसंख्या का अनुपात भी शहरी क्षेत्रों में 44.5 प्रतिशत से बढ़ता हुआ 46 प्रतिशत तक पहुँच गया है। शहरों में बढ़ते रोज़गार के आंकड़े मैन्यूफ़ैक्चरिंग ग्रोथ के सुपरिणामों की तरफ़ इंगित कर रहे हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर सभी ग्लोबल रेटिंग एजेंसियां का रुख भी सकारात्मक है। संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ), विश्व बैंक, विश्व व्यापार संगठन आदि सभी ग्लोबल संगठन भारतीय अर्थव्यवस्था की ग्रोथ को लेकर आशान्वित हैं, ये सभी भारत की आर्थिक नीतियों के समर्थक हैं। हमारी जीडीपी दर सबसे तेज है।

(लेखक जानेमाने अर्थशास्त्री व दिल्ली विश्वविद्यालय के पीजीडीएवी कॉलेज में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित
## दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

# अच्छी बातों को याद कर उसे जीवन में उतारे



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत में श्रीकृष्ण की मदद से पांडवों ने कौरवों का पराजित कर दिया था, इसके बाद युधिष्ठिर राजा बन गए। महाभारत युद्ध के बाद जब श्रीकृष्ण द्वारका पहुंचे तो कुछ समय बाद यदुवंशी आपस में लड़कर मारे गए। जब श्रीकृष्ण का अपने धाम लौटने का समय आया तो उन्होंने अपना अंतिम ज्ञान उद्धव को दिया था। उद्धव श्रीकृष्ण के काका के बेटे थे और बहुत विद्वान थे। उद्धव ने श्रीकृष्ण से कई प्रश्न पूछे और भगवान ने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। जब उद्धव श्रीकृष्ण की बातों से संतुष्ट हो गए तो श्रीकृष्ण ने कहा कि उद्धव, अब मैं अपने धाम जाऊंगा यानी मैं इस संसार को छोड़कर जाने वाला हूं। अब तुम्हें भी मुझसे विदा होना होगा। ये बात सुनकर उद्धव दुखी हुए और उन्होंने श्रीकृष्ण का हाथ पकड़ लिया और कहा कि आप इस तरह मुझे छोड़कर नहीं जा सकते, मैं भी आपके साथ चलूंगा। श्रीकृष्ण ने उद्धव को समझाते हुए कहा कि इस दुनिया में सभी अकेले आते हैं और अकेले ही जाते हैं। इतना कहने के बाद श्रीकृष्ण ने अपनी चरण पादुकाएं उद्धव को भेंट में दे दीं और कहा, इस भेंट को याद रखना और अब तुम बद्रीकाश्रम चले जाओ। बद्रीनाथ के पर्वतों पर मैंने तुम्हें जो बातें बताई हैं, उन बातों का चिंतन करना। ये पादुकाएं तुम्हें मेरी अच्छी बातें याद दिलाएंगी। जो ज्ञान मैंने तुम्हें दिया है, उसका लोगों के हित में सही उपयोग करना। श्रीकृष्ण की ये बातें सुनकर उद्धव वहां से चले गए। इसके कुछ समय बाद जरा नाम के शिकारी का बाण श्रीकृष्ण के पैर के तलवे पर लगा। इसके बाद श्रीकृष्ण अपने धाम लौट गए।

## सटाका




## आज की पाती

### पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत बनाया जाए

हमारा देश गांवों का देश है। यहां पंचायती राज व्यवस्था का सुदृढ़ होना बहुत जरूरी है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने गांवों की दशा सुधारने के लिए कहा था कि अगर पंचायती राज संस्थाएं उचित तरीकों से काम करती हैं और आम जन विकास के कामों में भाग लेता है, तो देश में माओवादी खतरे का मुकाबला भी किया जा सकता है। पंचायतें लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी और आधार होती हैं। गांवों की दशा सुधारने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से ज्यादा जिम्मेदारी पंचायतों की होती है। पंचायतों से यही उम्मीद होती है कि वे अपने-अपने गांव में अच्छा बदलाव और विकास करेंगी और केंद्र व राज्य सरकारों की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाने के लिए बिना किसी भेदभाव के काम करेंगी।

*-राकेश गुप्ता, कांकेर*

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने किया लंबी दूरी मिसाइल का परीक्षण

उत्तर कोरिया ने लगभग पांच के अंतराल के बाद सोमवार को अपना पहला अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किया। इसे परमाणु गतिविधियां रोकने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया द्वारा उठाये गये कदम के बदले दबाव की रणनीति के तौर पर उत्तर कोरिया का जवाब माना जा रहा है। दक्षिण कोरियाई सरकार ने उत्तर कोरिया की 'ह्वासोंग-18 आईसीबीएम' का संदर्भ देते हुए मिसाइल को ठोस ईंधन वाला हथियार बताया है। कहा जाता है कि तरल-ईंधन वाले हथियारों की तुलना में विरोधियों के लिए इसके प्रक्षेपण का पता लगाना बेहद मुश्किल होता है। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने कुछ समय पहले 'ह्वासोंग-18' को अपने परमाणु आयुध का सबसे शक्तिशाली हथियार बताया था। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरियाई मिसाइल ने कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच पानी में उतरने से पहले लगभग 1,000 किलोमीटर (620 मील) की उड़ान भरी। उसने कहा कि मिसाइल का प्रक्षेपण उंचाई की तरफ किया गया था। इससे साफ है कि पड़ोसी देशों को किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए ऐसा किया गया था।



## ऑफ बीट

# गरीब इलाकों में कैंसर से मृत्यु का खतरा अधिक

राष्ट्रीय स्तर पर, अधिकांश तरह के कैंसर से मरने का जोखिम कम हो रहा है और यह उचित जांच, निदान और उपचार में सुधार से संभव हुआ है। लेकिन नए शोध से पता चलता है कि जब कैंसर की देखभाल की बात आती है तो इंग्लैंड में अभी भी गंभीर स्वास्थ्य असमानताएं मौजूद हैं। अध्ययन में पाया गया कि जो लोग इंग्लैंड के सबसे गरीब हिस्सों में रहते हैं, उनमें अधिक समृद्ध क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की तुलना में कैंसर से मरने का जोखिम 70% से अधिक है। अपने अध्ययन का संचालन करने के लिए, शोधकर्ताओं ने इंग्लैंड के 314 जिलों में 2002-2019 के बीच सबसे अधिक मौतों का कारण बनने वाले दस कैंसर पर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के डेटा का विश्लेषण किया। किसी व्यक्ति की मृत्यु के समय पोस्टकोड का उपयोग प्रत्येक कैंसर से होने वाली मृत्यु को एक जिले के साथ निर्दिष्ट करने के लिए किया जाता था। प्रत्येक जिले की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को अभाव के अंग्रेजी सूचकांकों के डेटा का उपयोग करके मापा गया था। यह कम आय के कारण अभाव का अनुभव करने वाली जनसंख्या के अनुपात का अनुमान लगाता है। टीम ने अपने अध्ययन में केवल 80 वर्ष की आयु से पहले कैंसर से हुई मौतों को शामिल किया।



## ट्रेंड

### उत्साह बढ़ाने वाला

वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में हमारी माताओं और बहनों ने बताया कि किस तरह उज्ज्वला और मुफ्त राशन जैसी योजनाओं से उनका जीवन आसान हुआ है। किस तरह से उन्हें लाभ मिल रहा है। यह हम सभी के उत्साह बढ़ाने वाला है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



### दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं

जीविकोपार्जन एवं व्यवसाय करना हर नागरिक का सांविधानिक अधिकार है, ये बात संविधान की शपथ लेकर सत्ता चलाने वालों को याद दिलायी जाए। नियमों के उल्लंघन पर यदि दुर्भावना आधार है तो देश के लिए इससे दुर्भाग्यपूर्ण कुछ नहीं।

-अखिलेश यादव, सपा नेता



### एक उत्कृष्ट सीख

मेरे पिता कभी सख्त नहीं थे। उन्होंने मुझे यह चुनने दिया कि मैं जीवन में क्या करना चाहता हूं और समर्थन किया। जिस तरह से उन्होंने बच्चों का पालन-पोषण किया और आज़ादी दी। वह पालन-पोषण के लिए एक उत्कृष्ट सीख है।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर



### गाने में जान भर दी

तुम जो मांग लोगे दिल तो ये जान देगा बंदा, वादों का, इरादों का और अपने यारों का यार, एक और यार दिलजीत दोसांझ पाजी ने इस गाने में जान भर दी है। हार्डी को सभी के प्यार के लिए बंदा बनाने के लिए धन्यवाद और प्यार पाजी।

-शाहरुख खान, अभिनेता



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## कोर्ट से मुस्लिम पक्ष बोला लीक नहीं हो अंदर की बात

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी की काशी विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद के सर्वेक्षण की रिपोर्ट सोमवार को एएसआई ने जिला जज की अदालत में सौंप दी। कोर्ट के आदेश पर पूरी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दाखिल की गई है। सर्वे में जुटाई गई सामग्री डीएम को सौंपी गई है।

रिपोर्ट को लेकर मुस्लिम पक्ष ने भी एक अर्जी दाखिल की है। इसमें रिपोर्ट के साथ ही बिना हलफनामे के किसी को भी सार्वजनिक नहीं करने की इजाज़त न देने की मागं की गई है। अब अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी।

# एएसआई ने ज्ञानवापी की रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में सौंपी, याचिकाकर्ताओं को 21 दिसंबर को मिलेगी कॉपी

*ज्ञानवापी मस्जिद का सर्वेक्षण पूरा हो गया है। एएसआई ने इसकी रिपोर्ट सोमवार को वाराणसी की जिला अदालत में दाखिल कर दी। रिपोर्ट के साथ दी गई सामग्री जिलाधिकारी के संरक्षण में दे दिया गया है।*

1. अगली सुनवाई 21 दिसंबर को होगी
2. सुप्रीम कोर्ट से ज्ञानवापी के सर्वे की मंजूरी मिली थी



### रिपोर्ट अक्टूबर में ही जमा करनी थी

*दिल्ली की राखी सिंह सहित पांच महिलाओं की ओर से श्रृंगार गौरी सहित अन्य विग्रहों के पूजा अधिकार की मांग वाली अर्जी पर सुनवाई के तहत जिला अदालत ने ज्ञानवापी परिसर का एएसआई से वैज्ञानिक सर्वे का आदेश दिया था। जिला जज की अदालत ने एएसआई को सर्वे कर सील बंद लिफाफे में रिपोर्ट जमा करने का आदेश एएसआई को दिया था। पहले यह रिपोर्ट अक्टूबर में ही जमा करनी थी। लेकिन बारिश और अन्य कारणों का हवाला देते हुए एएसआई लगातार रिपोर्ट जमा करने के लिए समय मांगता रहा।*

### 24 जुलाई को सर्वे शुरू हुआ था

वाराणसी जिला जज के आदेश पर 24 जुलाई को सर्वे शुरू हुआ था। लेकिन मामला सुप्रीम कोर्ट फिर हाईकोर्ट पहुंचने से रुक गया था। इसके बाद 4 अगस्त को दोबारा सर्वे शुरू हुआ और 16 नवंबर तक चला।जिला जज का आदेश मिलते ही 24 जुलाई को एएसआई की टीम ने सर्वे शुरू कर दिया था। हालांकि, मुस्लिम पक्ष यानी अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी सर्वे के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। इसके बाद उसी दिन यानी 24 की शाम को सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे पर रोक लगा दी थी । इसके बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट और फिर सुप्रीम कोर्ट से ज्ञानवापी सर्वे की मंजूरी मिली। 4 अगस्त से एएसआई के देशभर से आए विशेषज्ञों ने सर्वे शुरू किया। 4 अगस्त से जारी सर्वे 16 नवंबर को पूरा हो गया। वाराणसी कोर्ट ने शुरुआत में सर्वे के लिए 28 दिन का वक्त दिया था। उसके बाद एएसआई की मांग पर कोर्ट ने सर्वे का वक्त 3 बार बढ़ाया।

## खबर संक्षेप



### बारिश से स्टेशन पर फंस गए 800 रेल यात्री

**चेन्नई।** तमिलनाडु में भारी बारिश के चलते कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं और जन-जीवन अस्तव्यस्त हो गया है। राज्य के दक्षिणी हिस्से में मूसलाधार बारिश केचलते श्रीवाइकुंतम रेलवे स्टेशन पर करीब 800 यात्री फंस गए। राज्य में लगातार 30 से ज्यादा घंटे से बारिश जारी है। ऐसे में घरों में पानी भर गया है। कई पुल डूब गए हैं। यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हालात ये हैं कि लोगों को बचाने के लिए सेना से मदद मांगनी पड़ी। राहत एवं बचाव कार्य के लिए 250 लोगों की टीम राहत एवं बचाव कार्य में लगी हुई है। यहां प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है और सभी यात्रियों को निकालने के प्रयास किए जा रहे है। जगह जगह राहत एवं बचाव के लिए टीमें तैनात की गई हैं।



### बदलेगी सूरत,मुंबई में बसेगी 'थर्ड मुंबई'

**मुंबई।** बढ़ती आबादी को देखते हुए लोगों को बेहतर हाउसिंग, इंस्फ्रास्ट्रक्चर और ट्रांसपोर्ट सुविधाएं देने के मकसद से महाराष्ट्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। इसके लिए तहत एक नया शहर बसाने का फैसला लिया गया है, इसे थर्ड मुंबई नाम दिया गया है। यह नया शहर नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास विकसित होगा। मुख्य शहर से इसका जुड़ाव मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक के जरिए होगा। सूत्रों के मुताबिक पिछले हफ्ते प्रदेश सरकार ने इस प्रस्ताव के लिए हामी भर दी थी।मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण को एमएमआर के अंतिम छोर को नया रूप देने की जिम्मेदारी मिलने की उम्मीद है। साथ ही समय पर काम पूरा करने के निर्दश दिए जा रहे हैं।

### योगी की हंसी का वीडियो हो रहा शेयर

**नई दिल्ली।** अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद के पाकिस्तान में जहर देने की खबर के बाद सोशल मीडिया पर मीम की बाढ़ आ गई है। लोग दाऊद की तस्वीर के साथ उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की एक हंसी वाला वीडियो शेयर कर रहे हैं। इस वीडियो में योगी खिलखिलाकर हंसते दिख रहे हैं। हालांकि, वीडियो से साफ लग रहा है कि ये यूपी विधानसभा का वीडियो है। लेकिन लोग मजे के लिए इसे सीएम योगी और दाऊद इब्राहिम की माला चढ़ी तस्वीर के साथ जमकर शेयर कर रहे हैं। वीडियो में योगी आदित्यनाथ जमकर हंसते दिख रहे हैं। आपको बता दें कि रविवार को देर रात इंडिया का मोस्ट वांटेड दाऊद इब्राहिम को जहर देने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। इस खबर के वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर तुरंत मीम्स चलना शुरु हो गए थे।



## लाभार्थियों से संवाद: चंदा देवी ने कहा कि हम आपसे इंस्पायर होते हैं सर...

# पीएम मोदी ने दर्शक दीर्घा में बैठकर सुना भाषण...फिर पूछा चुनाव 'लड़ोगी' क्या?

*पीएम नरेंद्र मोदी ने सेवापुरी गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने विकास योजना की लाभार्थी बहनों के साथ 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान एक महिला के भाषण ने पीएम मोदी को हैरान कर दिया। दर्शक- दीर्घा में बैठे पीएम ने उनसे ऐसा सवाल किया, सब हैरान रह गए।*

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकसभा क्षेत्र वाराणसी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में भाग लिया। वाराणसी दौरे के दूसरे दिन पीएम मोदी संसदीय क्षेत्र के सेवापुरी गांव पहुंचे। यहां पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

पीएम नरेंद्र मोदी दर्शक-दीर्घा में बैठे। मंच पर विकास योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं ने अपनी- अपनी कहानियां सुनाईं। इस मौके पर एक भाषण ने हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींचा। वह भाषण था चंदा देवी का। विकास योजनाओं की लाभार्थी चंदा देवी ने सरकारी योजनाओं के बारे में अपने विचार रखे। पीएम नरेंद्र मोदी बड़े ध्यान से उनका भाषण सुनते रहे। इसके बाद पूछा, आप चुनाव लड़ी हो क्या? इस पर महिला ने कहा कि नहीं, हमने कभी भी चुनाव नहीं लड़ा है। इस पर पीएम नरेंद्र मोदी ने सवाल कर लिया कि क्या आप आगे चुनाव लड़ना चाहती हो?

### चंदा ने कहा आपके सामने आना ही मेरा सौभाग्य



इस पर महिला ने कहा कि नहीं, हम चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। चंदा देवी ने कहा कि हम आपसे इंस्पायर होते हैं। आप जो प्रयास कर रहे हैं, हम उससे कदम मिलाकर चलने की कोशिश करते हैं। इस कारण ही कुछ हासिल कर पाए हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हम आपके सामने दो बात कहने में सफल हुए हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस पर पीएम ने कहा कि आपकी बातों पर महिलाएं तालियां बजाएंगी।

### आप लखपति दीदी बन गई हैं

पीएम मोदी ने इस मौके पर कहा कि चंदा देवी जी, आप लखपति दीदी बन गई हैं। हमारा सपना है कि देश में हम दो करोड़ लाखपति दीदी बनाएं। आपकी बात जब वे सुनेंगी तो उन्हें विश्वास हो जाएगा कि लाखपति दीदी बन सकते हैं। इस पर चंदा देवी ने कहा कि हमलोग बोल नहीं पाते हैं। यहां पर ही कई महिलाएं हैं जो समूह से जुड़कर लखपति बनी हैं। यहां पर हर किसी को बोलने का मौका नहीं मिलता है। इस पर पीएम ने पूछा कि कितनी लखपति महिला गांव में है? इस पर चंदा ने कहा कि हमारे यहां दो से तीन महिलाएं हर ग्रुप में लखपति दीदी बनी हैं। इस पर पीएम मोदी ने उनसे एक काम करने के बारे में पूछा।

### दो करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का है सपना

इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरा सपना और संकल्प है कि गांवों की दो करोड़ माताओं और बहनों को लखपति बनाना है। उन्होंने चंदादेवी से कहा कि क्या वह इस काम में मदद करेंगी? इस पर चंदादेवी ने पूरा सहयोग देने का वादा किया।इसके अलावा पीएम मोदी ने ये भी कहा कि आजकल देशभर में शादी और ब्याह में खड़े-खड़े होकर खाना खाने का रिवाज बन गया है। दोबारा खाना मिलेगा या नहीं इस चक्कर से बचने के लिए लोग थाली पूरी भर लेते हैं। और फिर खाना छोड़ देते हैं। इससे खाना बहुत बर्बाद हो रहा है।



### पीएम मोदी ने वंदे भारत एक्सप्रेस को दिखाई हरी झंडी

**वाराणसी।** वाराणसी-नई दिल्ली रिवर्स वंदेभारत एक्सप्रेस का सोमवार को पीएम मोदी ने शुभारंभ किया। ये दोनों स्टेशनों के मध्य चलने वाली दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है। यह ट्रेन शाम को छह बजे कानपुर सेंट्रल स्टेशन पहुंचेगी। यहीं उसका स्वागत किया जाएगा। डीसीएम हिमांशु शुक्ल ने बताया कि इस रिवर्स वंदेभारत ट्रेन के शुरू होने से वाराणसी से सुबह प्रयागराज, कानपुर, नई दिल्ली जाने वाले यात्रियों को तेज रफ्तार व आधुनिक सुविधा मिलेगी। इसका लाभ प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं, वाराणसी व दिल्ली जाने वाले व्यापारियों को मिलेगा।इसके अलावा सोमवार को पीएम मोदी ने वाराणसी को करोड़ों की परियोजनाओं की सौगात दी, जिसमें सड़कों और पुलों, स्वास्थ्य और शिक्षा, पुलिस कल्याण, स्मार्ट सिटी और शहरी विकास परियोजनाएं, रेलवे और हवाई अड्डों पर परियोजनाएं शामिल हैं. साथ ही न्यू पंडित दीनदयाल उपाध्याय को न्यू भाऊपुर से जोड़ने वाली 10,000 करोड़ रुपए की फ्रेट कॉरिडोर परियोजना का भी उद्घाटन शामिल है।

## डाक नेटवर्क को मिलेगा और अधिक विस्तार

# संसद में ध्वनिमत से पारित हुआ डाकघर विधेयक-2023




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा ने सोमवार को डाकघर विधेयक, 2023 पारित कर दिया। राज्यसभा से इस विधेयक को पहले ही पारित किया जा चुका है। इसी के साथ विधेयक को अब संसद की मंजूरी मिल गई है।

बता दें, यह विधेयक भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 का स्थान लेगा। विधेयक के प्रावधानों के अनुसार सरकार, सुरक्षा सहित विशेष कारणों से डाक से भेजी गई किसी भी सामग्री को जांच के लिए रोक सकती है। संचार राज्यमंत्री देवुसिंह चौहान ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि डाक विभाग अंत्योदय की अवधारणा को पूरा करने की दिशा में सराहनीय काम कर रहा है। अब इसकी भूमिका बदल गई है और उसके अनुसार बदलाव भी आवश्यक हैं। डाक विभाग अब बैंकिंग और अन्य सेवायें प्रदान कर रहा है। विधेयक में बदलाव इस दिशा में सहायक होंगे।

उन्होंने कहा कि पिछले साढ़े नौ वर्षों में डाक सेवाएँ, डाकघर और डाकिए केवल पत्राचार तक सीमित नहीं है बल्कि सेवा मुहैया कराने वाले संस्थान में बदल गए हैं। इन सालों में डाकघर एक तरह से बैंक बन गए हैं। बता दें विधेयक को पारित किए जाने के दौरान शोर-शराबा होता रहा। बीच में कार्यवाही स्थगित की गई। दोबारा कार्यवाही शुरू होने पर विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

### इन सेवाओं को मिलेगी कानूनी रूपरेखा

यह पासपोर्ट सेवाओं और डाक विभाग द्वारा संचालित आधार नामांकन सेवाओं को एक कानूनी रूपरेखा प्रदान करेगा। इस समय डाकघर बचत बैंक में 26 करोड़ से अधिक खाते हैं, जिनमें 17 लाख करोड़ रुपये जमा हैं। भारतीय डाक देश के लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा है और पिछले नौ वर्षों में सरकार ने इस विभाग में काफी सुधार किए हैं। विधेयक के अनुसार नए अधिनियम देश में डाकघरों के कामकाज को नियंत्रित करने और नागरिक-केंद्रित सेवाओं के वितरण के लिए डाकघरों को एक नेटवर्क में विकसित करने की सुविधा के लिए एक सरल विधायी ढांचा प्रदान करने की दृष्टि से लाया गया है।

## चंदा मांगने निकली कांग्रेस

# महात्मा गांधी के तिलक स्वराज कोष से प्रेरित कांग्रेस का डोनेट फॉर देश कैंपेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव-2024 से पहले देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने चंदा जुटाने के लिए 100 साल पुराने अभियान को याद किया है। कांग्रेस ने धन जुटाने के लिए सोमवार से 'डोनेट फॉर देश' नाम से ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान शुरू किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को दिल्ली में ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान शुरुआत करते हुए कहा कि डोनेट फॉर देश अभियान, हाशिए पर रहने वाले समुदायों के अधिकारों को बनाए रखने, असमानताओं को पाटने और पूंजीवाद लोगों का पक्ष लेने वाली, तानाशाही सरकार के खिलाफ एक मजबूत विपक्ष बनने की प्रतिबद्धता है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक 'तिलक स्वराज कोष' से प्रेरित है। भारतीय संविधान के मूल्यों को सुरक्षित रखने एवं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के गौरवशाली इतिहास को संजोए रखना है।



- कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने एक लाख 38 हजार रुपए का दिया चंदा

### क्या है कांग्रेस का चंदा मांगने वाला प्लान

बता दें पार्टी पिछले कुछ महीनों में कर्नाटक और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव जीती है और अब 2024 की तैयारी में जुट गई है। फंडिंग के मामले में कांग्रेस अपनी प्रतिद्वंदी भाजपा के आगे कहीं नहीं टकि रही है। भाजपा की संपत्ति कांग्रेस से आठ गुना ज्यादा है। वहीं सभी राष्ट्रीय पार्टियों से दो गुना ज्यादा है। कांग्रेस पार्टी ने 18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों से न्यूनतम 138 रुपये या 1380 रुपये या 13,800 रुपए इसी तरह के गुणकों में दान मांगा है। पार्टी ने सदस्यों को कम से कम 1380 रुपए का योगदान देने को कहा।

### मुख्यमंत्री केजरीवाल को ईडी ने फिर भेजा नोटिस



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ के लिए समन भेजा है। ईडी ने दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें 21 दिसंबर को पेश होने के लिए कहा है। इससे पहले 2 नवंबर को अरविंद केजरीवाल को पूछताछ के लिए ईडी ने नोटिस भेजा था, लेकिन उन्होंने नोटिस को गैरकानूनी बताकर इसे वापिस लेने की मांग की थी। केजरीवाल इसी दिन मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव को लेकर रोड शो में शामिल हुए थे।

## कांग्रेस से गठबंधन पर टीएमसी का रुख साफ

# गठबंधन पर ममता बोलीं: किसी को बिल्ली के गले में घंटी बांधनी होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

टीएमसी प्रमुख और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन पर अपना रुख साफ कर दिया है। उनसे पूछा गया कि क्या वह पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के साथ गठबंधन चाहती है, बेनर्जी ने कहा कि किसी को तो बिल्ली के गले में घंटी बांधनी होगी... अगर उनके पास सही कारण हैं तो मुझे कोई समस्या नहीं है लेकिन पश्चिम बंगाल में उनके पास सिर्फ दो सीटें हैं।

मैं बात करने और चर्चा करने के लिए तैयार हूं...'' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस के बीच तीन-तरफा गठबंधन बिल्कुल संभव है। बता दें यह बात आज मंगलवार को इंडिया गठबंधन की बैठक से पहले सीएम ममता बेनर्जी ने कही है।

### आज गठबंधन की बैठक एक बेहतर अवसर



सीएम ममता ने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया का पीएम उम्मीदवार 2024 के चुनाव के बाद तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस के बीच तीन-तरफा गठबंधन निश्चित रूप से संभव है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सभी साथ होंगे। इस (सीट बंटवारे) मामले पर चर्चा का अवसर मंगलवार की बैठक में मिलेगा। इस पर ज्यादातर राजनीतिक दल एक-एक सीट बंटवारे पर सहमत होंगे, हो सकता है कि एक या दो सहमत न हों... मेरा कोई विरोध नहीं है।

### सदन सर्वोच्च तो डरते क्यों हैं?

संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए 33 विपक्षी सांसदों के निलंबन पर मुख्यमंत्री बेनर्जी ने कहा कि ऐसा नहीं है कि सामूहिक रूप से उन्हें सभी को निलंबित करना होगा। अगर वे सोचते हैं कि सदन सर्वोच्च है तो क्यों डरते हैं?

## 240 करोड़ की लागत से तैयार हुआ है अयोध्या का रेलवे स्टेशन

# राम की नगरी का रेलवे स्टेशन वर्ल्ड क्लास सुविधाओं से होगा लैस

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

*अयोध्या में पिछले चार साल से बन रहे रेलवे स्टेशन का नया स्वरूप भी बनकर तैयार हो गया है। 31 दिसंबर तक अयोध्या के नए रेलवे स्टेशन का काम पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है।*

अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के साथ-साथ अयोध्या का कायाकल्प करने के लिए लगातार योगी सरकार काम कर रही है। एक तरफ सड़कों का चौड़ीकरण हो रहा है तो वहीं दूसरी तरफ एयरपोर्ट की भी शुरुआत इसी महीने होने वाली है। इसके साथ ही पिछले चार सालों से अयोध्या के रेलवे स्टेशन का नया स्वरूप भी बनकर के तैयार हो गया है। 31 दिसंबर तक अयोध्या के नए रेलवे स्टेशन का काम पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है।

### 31 दिसंबर तक हो जाएगा काम पूरा

**खास बातें**

- यात्रियों को मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं
- 10 हजार वर्गमीटर में फैला है स्टेशन



### इस तरह की होंगी अत्याधुनिक सुविधाएं

अयोध्या रेलवे स्टेशन का काम 31 दिसंबर 2023 तक पूरा कर लिया जाएगा। नए भवन में फिनिशिंग का काम चल रहा है। यहां बुजुर्गों और महिलाओं की सुविधा के लिए लिफ्ट व एस्केलेटर, एसी वेटिंग रूम, वॉशरूम, पेयजल बूथ, फूड प्लाजा समेत अन्य सुविधाएं तैयार हो चुकी हैं। पूरे भवन को वातानुकूलित बनाया गया है। दिव्यांगों के लिए रैंप की व्यवस्था होगी। स्टेशन करीब तीन किलोमीटर लंबा होगा।

### रेलवे स्टेशन के फेज 1 का काम हुआ पूरा

इसमें पहले चरण में अयोध्या स्टेशन के विस्तार को लेकर रेलवे की तरफ से 240 करोड़ रुपये खर्च किया जा रहा है। स्टेशन को नया लुक दिया जा रहा है। इसमें खूबसूरत भवन, पार्किंग, कर्मचारियों के लिए आवास, रेलवे पुलिस के लिए कार्यालय, तीन नए प्लेटफार्मों का निर्माण, रोड निर्माण, ड्रेनेज संबंधी कार्य सहित अन्य काम हो रहे हैं। बिल्डिंग की बात करें तो यह 10 हजार वर्गमीटर में फैला है।

## संसद की सुरक्षा में चूक का मामला

# 50 टीमें 6 राज्यों से खंगाल रही हैं मामले की हकीकत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे को लेकर गर्माहट फिलहाल कम नहीं हुई है। एक तरफ विपक्षी सांसद निलंबन के बाद संसद के बाहर धरना दे रहे हैं तो दूसरी तरफ खूफिया एजेंसियां मामले की तहकीकात में जुटी हुई है।

लगातार गिरफ्तारियों का सिलसिला भी जारी है और अब तक 9 लोगों को पुलिस ने अपनी गिरफ्त में ले लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सागर शर्मा, मनोरंजन डी, कैलाश, महेश, ललित झा, नीलम आजाद,अमोल, विक्की और उसकी पत्नी शामिल है। अब तक दिल्ली पुलिस ने अपनी 50 टीमों को तैनात कर दिया है मुस्तैदी से जांच चल रही है। देशभर में अलग-अलग जगह पर इस मामले को लेकर छानबीन जारी है। खबरें ऐसी भी हैं कि दिल्ली पुलिस संसद परिसर में घुसने वाले इन आरोपियों की लिंक खोजने का प्रयास कर रही है।



## शीतलहर चालू, पारा एक बार फिर 7 डिग्री पर आया

# ठंड के तेवर अब आक्रामक

जबलपुर।

पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने के बाद ठंड अपना रोब जमाने लगी उत्तर पूर्वी हवाओं में वातावरण में जमकर ठंडक घोल दी है, दिन में धूप भी अब तीखी नहीं लगती दिन भर ठंडक बनी रहती है और शाम ढलने के बाद ठंड के तेवर आक्रामक हो जाते है और रात में शीत लहर चलने लगती है। ठंड से जन जीवन प्रभावित होने लगा है रात बड़ी और दिन छोटे होने लगे है, सुबह दिनचर्या देर से प्रारंभ होती है, रात में सड़के जल्दी सूनी होने लगी है सार्वजनिक स्थानों पर अलाव के अभाव में खुले स्थानों के नीचे सार्वजनिक स्थानों पर जीवन यापन करने वाले गरीब मजदूरों की परेशानी बढ़ गई है।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर पूरी तरह से समाप्त हो चुका है बंगाल की खाड़ी में बना चक्रवात भी बिखर गया है, उत्तर भारत में हुई बर्फबारी की वजह से बर्फीली हवाएँ पूरे मध्य प्रदेश को अपनी चपेट में लिए हुए है, जिससे तापमान में गिरावट आ रही है, दिन और रात का तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है। अगले 24 घण्टों के दौरान शीतलहर चलने और तापमान में गिरावट आने की संभावना है, पिछले 24 घण्टों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 23.3 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। सूर्योदय सुबह 6 बजकर 46 मिनिट पर और सूर्यास्त शाम 5 बजकर 29 मिनिट पर हुआ, गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री दर्ज किया गया था। उत्तरी हवाएँ 3 से 4 किलो मीटर प्रति घण्टें की रफ्तार से चली प्रदेश में सबसे कम 6 डिग्री तापमान उमरिया, रीवा में दर्ज किया गया। अगले 24 घण्टों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है और तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

## विवेकानंद नगर में निकली अक्षत कलश यात्रा



**जबलपुर।** 22 जनवरी 2024 को हम अपने रामलला को उनकी जन्मभूमि पर प्राण प्रतिष्ठा करने जा रहे हैं। इस उपलक्ष्य में विवेकानन्द नगर में 17 दिसंबर 2023 को दोपहर 2 बजे श्री हनुमान मंदिर आरटीओ परिसर से अक्षत कलश यात्रा निकाली गई जिसमें सभी बंधु अपने परिजनों एवं ईस्ट मित्रों सहित उपस्थित हुए।

## लगाया नि:शुल्क चिकित्सा शिविर



**जबलपुर।** ताज पॉली क्लीनिक संचालन, जीवन ज्योति हॉस्पिटल के डॉ. रश्मि नेमा स्त्री रोग विशेषज्ञ, डॉ. आर. एस. श्रीवास्तव मेडिसिन के द्वारा रज़ा चौक, आनंद नगर, जबलपुर में 17 दिसम्बर 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. शरद नेमा हड्डी शल्य चिकित्सक, डॉ. एडम तेजा जोड़ प्रत्यारोपण एवं अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंजू जैसवाल मेडिसिन, डॉ. श्रुति तिवारी जनरल मेडिसिन ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

## राष्ट्रीय ईसाई महासंघ इंडिया एवं अन्य द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आज

**जबलपुर।** राष्ट्रीय ईसाई महासंघ इंडिया सीनियर सिटीजन यूनाइटेड क्रिश्चियन वेलफेयर एसोसिएशन एवं क्रिश्चियन अल्पसंख्यक गृहवासीय विकास समिति कटंगा द्वारा क्रिसमस के पावन पर्व के पर कटंगा स्थित छोटे गार्डन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य रूप से आयोजन किया जा रहा है यह कार्यक्रम मंगलवार को शाम 5 से प्रारंभ होगा जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर सुशील कुमार प्रसाद राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय अमृत पार्टी राजनीतिक विभाग राष्ट्रीय ईसाई महासंघ के उपस्थिति में होगा क्रिसमस के अवसर पर सभी संगठनों द्वारा मिलकर प्रथम बार किया जा रहा है जिसमें गीत संगीत लघु नाटक डांस आदि की प्रस्तुति की जाएगी। इस कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने के लिए अरविंद एंड्रयूज एडवोकेट के आर लाडिया एडवोकेट मंजू पिल्लई जोसेफ वर्गीज अतुल जोसेफ ज्ञानेश्वरी बेंजामिन विल्सन मैन्युअल एडवोकेट अल्बर्ट एंथोनी मार्को बाबा नेल्सन चालस डॉक्टर भावना शर्मा अनिल चार्ल्स स्टेनली सैमुअल हेलन सिंह नीना सिंह पूनम शिबा चार्ल्स विजय सिडनी अर्चना बेंजामिन आदि लोगों ने सभी सामाजिक लोगों की उपस्थिति की अपील की है।



## स्टेनोग्राफरों को नहीं मिल रहा समयमान वेतनमान

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि कौशल विकास संचालनालय मध्य प्रदेष के अन्तर्गत कार्यरत ऐसे स्टेनोग्राफर जो स्टेनोटायपिस्ट से पदोन्नत हुए है, अब तक समयमान वेतनमान से वंचित है। बिना समयमान वेतनमान एवं बिना पदोन्नति प्राप्त किये ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिससे इन्हे लगातार आर्थिक क्षति एवं मानसिक पीड़ा से गुजरना पड़ रहा है जबकि शासन की नीति के अनुसार प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारी को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय समयमान वेतनमान दिए जाने के स्पष्ट आदेष हैं। परंतु स्टेनोटायपिस्ट से पदोन्नत स्टेनोग्राफरों को समयमान वेतनमान नहीं मिल रहा है जिससे उनमें रोष व्याप्त है। संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम , हेमन्त ठाकरे, गुडविन चाल्स, राकेष श्रीवास आदि ने मध्य प्रदेष शासन वित्त विभाग से मांग की है कि कौषल विकास के स्टेनोग्राफरों हेतु समयमान वेतनमान हेतु प्रथक से आदेष शीघ्र जारी किये जाएं।



## मप्र पेंशनर्स समाज का प्रांतीय अधिवेशन जबलपुर में हो

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पेंशनर्स समाज की प्रांतीय बैठक का आयोजन 18 दिसम्बर को एसके चतुर्वेदी कार्यवाहक प्रांतीय अध्यक्ष की अध्यक्षता व डॉ. पीजी नाजपांडे की विशेष उपस्थिति में किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी माह में मप्र पेंशनर्स समाज का प्रांतीय अधिवेशन जबलपुर में आयोजित किया जाए, जिसमें विधिवत प्रांतीय अध्यक्ष का निर्वाचन किया जाए। बैठक में डीआर लखेरा, पीएस राजपूत, एसएन नेमा, बीडी साहू, कमलेश तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी विज्ञान मंथन राज्य स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**जबलपुर।** नेशनल काउंसिल ऑफ साइंस म्यूजियम, NCERT एवं विज्ञान भारती द्वारा आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन (VVM) 2023-24 के राज्यस्तरीय विज्ञान कार्यशाला का आयोजन गुरू गोविंद सिंह खालसा स्कूल, जबलपुर में सम्पन्न हुआ। कार्यशाला हेतु म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् भोपाल का सहयोग रहा। कार्यक्रम सुबह 08:30 बजे से प्रारंभ होकर शाम 04:30 बजे तक चला। जिसमें उद्‌घाटन कार्यक्रम में डॉ, मुकेश राय, IIIT-DM, संतोष कुमार मिश्रा, प्रांत समन्वयक VVM अमृतांशु VVM केन्द्रीय सदस्य एवं स्कूल की प्राचार्या श्रीमती अंजली अरोरा की उपस्थित रही। आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों ने लैब में प्रयोग किये एवं लिखित परीक्षा में भाग लिया। कार्यशाला में महाकौशल प्रांत के विभिन्न स्कूलों से विद्यार्थी की उपस्थित हुये।

## सोमवंशी मराठा समाज ने आयोजित किया श्रीखंडेराव जन्मोत्सव समारोह



**जबलपुर।** प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जबलपुर के हनुमानतल स्थित थाने के पीछे प्रांगण में खंडेराव जन्मोत्सव समारोह भाव एवं विशाल रूप से आयोजित किया गया जिसमें सोमवंशीय मराठा समाज के महिला, पुरुष, बच्चे उपस्थित हुए, सर्वप्रथम महाआरती पूजन का आयोजन हुआ एवं खंडेराव जी के चित्रपट पर सभी ने माल्यअर्पण एवं आशीर्वाद लिया तत्पश्चात भंडारे प्रसादी का आयोजन सोमवंशीय मराठा समाज द्वारा रखा गया था सभी समाज के लोगों ने इसमें सहभागिता की श्री खंडेराव जी जन्मोत्सव को सफल एवं भव्य बनाने में सोमवंशी मराठा समाज के अध्यक्ष अनिल गायकवाड, सचिव विजय जादव,संरक्षक अनिल जाधव,उपाध्यक्ष पवन जाधव,उपाध्यक्ष प्रभु कामले, उपाध्यक्ष संजय मगरे, कोषाध्यक्ष दिनेश जाधव,बबलू कामले, रिंकू सर्वे, आकाश धनेधर आदि लोगों का सहयोग सराहनीय रहा।

## सालाना न्याज़ आज

**जबलपुर।** पीरे तरीकत, हज़रत मौलाना, महमूद अहमद कादरी महमूदे मिल्लत अलैहिर्रहमां की सालाना न्याज़ फातिहा ख्वानी का एहतेमाम बाद नमाज़ मगरिब पांच जमादी-उल-आखिर 19 दिसम्बर मंगलवार को मुफ्ती ए आज़म मध्यप्रदेश हज़रत मौलाना मुशाहिद रज़ा कादरी साहब की सरपरस्ती में हाजी मक़बूल अहमद रज़वी के निवास नालबंद मुहल्ला में किया गया है। सालातो सलाम दुआ के बाद तबर्रूक तक़सीम किया जाएगा। मशहूद अहमद रज़वी, मसरूर अहमद रज़वी, रिज़वान अहमद, फ़ैज़ान अहमद ने अकीदतमंदों से शिरकत फरमाने की गुज़ारिश की है।



## केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने लहराया परचम

**जबलपुर।** गुरु गोविंद सिंह खालसा उत्तर माध्यमिक विद्यालय विज्ञान भारती और एनसी ईआरटी के तत्वावधान में विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2023 के राज्य स्तरीय कैंप का आयोजन किया गया, कैंप में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सीओडी जबलपुर के दो छात्रों अरिंजय गौतम और अजिंक्य गौतम ने प्राचार्य श्री वायके सोलंकी के कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में प्रतिभाग किया, अरिंजय गौतम ने अपने वर्ग (कक्षा सातवीं) में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, अरिंजय को प्रमाण पत्र, शील्ड एवं 3000 रुपये नगद पुरस्कार प्रदान किया गया, अरिंजय राष्ट्रीय स्तर पर महाकौशल प्रांत का प्रतिनिधित्व करेंगे, वहीं दूसरे विद्यार्थी अजिंक्य गौतम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, अजिंक्य को प्रमाण पत्र, शील्ड तथा 2000 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया।

## सवर्ण होना क्या अभिशाप है : राना ठाकुर

जबलपुर।

आरक्षण विरोधी आंदोलन की स्थानीय अग्रणी संस्था समानता परिषद रजि, के आमंत्रण पर संस्कार धानी जबलपुर पहुँचे आरक्षण विरोधी आंदोलन के राष्ट्रीय संयोजक यू एस राना ठाकुर के द्वारा राजनीतिक दलों को आड़े हाथों लिया गया परिषद कार्यालय में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए राना ने कहा कि सवर्ण होना तो अब लगता है कि अभिशाप बन गया है कोई व्यक्ति कोई दल ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य समाज हित के लिए बोलने को तैयार नहीं है सभी को दलित पिछड़ा सोषित वंचित की सेवा ही परम धर्म लगती हैं पर



हैरानी की बात है कि दलित पिछड़ा सोषित वंचित की परिभाषा क्या है क्या इसकी परिभाषा जाति हो सकती है यदि ऐसा है तो निश्चित रूप से आने वाले दिनों में सवर्ण समाज का स्सतित्व समाप्त हो जाएगा राना ने कहा कि विगत कई वर्षों से हमने सरकारों को जगाने का काम किया है आगे भी करते रहेंगे आरक्षण और एससी एसटी एक्ट मुक्त समाज के साथ ही देश में समानता की बात की जा सकती है आखिरकार आरक्षण की जगह संरक्षण क्यों नहीं दिया जाता है जहाँ जाति नहीं बल्कि जरूरत मंद को हर सुविधा मुहैया कराई जाए पर प्रतिशत की छूट देकर देश के योग्यता की हत्या कम से कम आजादी के 76 वर्षों के बाद तो बंद होना चाहिए। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष पं, रावेन्द्र तिवारी एंव कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ के अध्यक्ष पं,धनंजय वाजपेयी ने भी अपने विचार रखे।

**नाम सुधार सूचना**

मैं कविता सिंह उम्र 41 वर्ष पति श्री राजीव कुमार सिंह निवासी विंग्स कान्वेंट स्कूल महाराजपुर अधारताल जबलपुर जिला-जबलपुर म.प्र. की शपथपूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ कि-1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ।2. यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम कविता राय पिता रामसूरज राय दर्ज चला आ रहा है।3. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कविता सिंह पति राजीव कुमार सिंह दर्ज है, जो कि वर्तमान समय से सही व सत्य है। 4. यह कि कविता राय पिता रामसूरज राय एवं कविता सिंह पति राजीव कुमार सिंह उक्त दोनों नाम मेरे याने एक ही युवती के नाम है। 5.यह कि मुझे अपने पेन कार्ड में पूर्व में दर्ज मेरा नाम कविता राय के स्थान पर कविता सिंह दर्ज कराया जाना है, जिस हेतु मेरे द्वारा यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
वर्तमान सही नाम-कविता सिंह पति राजीव कुमार सिंह
पूर्व नाम-कविता राय पिता रामसूरज राय

## काजोल साहू हत्याकांड में त्वरित दिलाया जाए न्याय

जबलपुर।

राष्ट्रीय एवं प्रदेश महिला अध्यक्ष आभा साहू, अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा मप्र, तैलिक साहू सभा द्वारा साहू समाज की बेटी काजोल साहू के साथ गोटेगांव में घटित घटना की निंदा करते हुए उसके परिवारजनों को सहायता पहुंचाने की मांग जबलपुर के पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा को ज्ञापन सौंपकर की गई। बताया गया युवती काजोल साहू अपने परिवार की आजीविका का साधन थी, जो गोटेगांव से जबलपुर प्रतिदिन अप-डाउन करके नौकरी करती थी। काजोल विगत दो वर्षों से आरोपी देवेन्द्र पटेल से अनावश्यक रूप से प्रताड़ित थी, देवेन्द्र जबरदस्ती विवाह करने प्रलोभन देता रहा किन्तु काजोल द्वारा लगातार इंकार करने पर दबाव बनाने लगा, परिवारजनों की समझाइश के बाद भी उसमें कोई सुधार नहीं हुआ और आरोपी ने मौका पाकर अवैध कट्टे से काजोल की हत्या कर दी, जिससे पूरा साहू समाज स्तब्ध है। घटना के संबंध में प्रदेश महिला संगठन से आभा साहू, श्रीमती रानी, उल्का साहू, सरिता साहू ने पुलिस महानिरीक्षक उमेश जोगा को ज्ञापन सौंपकर मुख्यमंत्री मप्र शासन से आग्रह किया है कि युवती के परिजनों को एक करोड़ की आर्थिक सहायता राशि और परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। ज्ञापन के दौरान रानी साहू, श्रद्धा साहू, रजनी, उल्का, नम्रता, नीतू, सरिता, अर्चना, सारिका, एकता साहू सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## अभा तैलिक साहू महासभा ने पुलिस महानिरीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**In The Court of III Civil Judge Class-1,District Court, Jabalpur**
Presiding Officer: श्वेता तिवारी
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000193/2021)
श्रीमति ललिता नीखरे....................आवेदक Vs
भारत संचार निगम लिमिटेड................अनावेदक
Process Id-/2023
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 20/12 /2023
(1) सौरभ पासी पता निवासी अम्बर विहार 1 मकान नंबर 30 गंगा सागर मदनमहल जिला जबलपुर मप्र
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति ललिता नीखरे पता ग्राम व थाना बेलखेडा पाटन जिला जबलपुर ने मृतक बाल किशन निखरे निवासी अम्बर बिहार 7, म.प्र. 30 गंगा सागर मदनमहल की भारत संचार निगम लिमिटेड, कार्यालय महाप्रबंधक दूरसंचार- जबलपुर (म.प्र./से मृतक के समस्त सेवालाभ प्राप्ति हेतु अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा दिनांक 05 December 2023 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 05 December 2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 05 December 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया
मुद्रा
न्यायाधीश
श्वेता तिवारी
तृतीय व्यावहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
जबलपुर (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:-यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

## जनेकृविवि ने धान की सीधी बुआई के लिए किया मशीन का अविष्कार

### जनेकृविवि एवं अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान फिलीपिन्स के साथ हुआ एमओयू

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर स्थित कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के कृषि यंत्र एवं शक्ति अभियांत्रिकी विभाग तथा इंटरनेशनल रिसर्च इंस्टीट्यूट (आईआरआरआई) फिलीपिन्स के अनुसंधान के अंतर्गत धान की सीधी बुआई के लिये एक नई मशीन का अविष्कार किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा, अधिष्ठाता कृषि अभियांत्रिकी संकाय डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव, संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जी.के. कौतू, संचालक विस्तार सेवायें डॉ. दिनकर प्रसाद शर्मा, आईसीएआर अटारी निदेशक डॉ. एस.आर.के. सिंह, डिप्टी रजिस्टार डॉ. टी.आर. शर्मा एवं आईआरआरआई फिलीपिन्स से आमंत्रित वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. राबे यहाया और डॉ. सूर्यकांत खंडाई, डॉ. प्रभात कुमार गुरू की उपस्थिति में उक्त तकनीकी को कमर्शिलयाज कर किसानों तक पहुंचाने के लिये कृषि यंत्र निर्मातों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही जनेकृविवि एवं अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान फिलीपिन्स के साथ शिक्षण, प्रशिक्षण एवं रिसर्च के लिये एमओयू हुआ। इस दौरान जनेकृविवि एवं आईआरआरआई फिलीपिन्स के वरिष्ट कृषि वैज्ञानिकों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई और कैसे धान के साथ दूसरी फसलों एवं उनके संवर्धन, उत्पादन, उपयोगी प्रोद्योगिकी को किसानों के साथ मिलकर कार्य करेंगे ऐसे विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने आईआरआरआई फिलीपिन्स के वरिष्ट कृषि वैज्ञानिकों को आश्वासन दिया है कि किसानों के हितार्थ कृषि को बढ़ावा देने के लिये जनेकृविवि द्वारा हरसंभव सार्थक प्रयास किये जायेंगे।



## केंगरू किड्स में 'वार्षिक खेलकूद' कार्यक्रम संपन्न

**जबलपुर।** कंगारू किड्स इंटरनेशनल स्कूल का वार्षिक खेलकूद दिवस 17 दिसम्बर को संपूर्ण हुआ। इस वर्ष के खेलकूद दिवस की थीम थी लेजेंड्स ऑफ़ इंडिया जो कि भारत के महान दिग्गज और उनके द्वारा किये सभी कार्यों से प्रेरित थी इसमें सभी रेस विभिन्न प्रसिद्ध हस्तियों के बारे में थी, सभी बच्चों ने कागज के बने हुए प्रॉप्स पहने थे और पूरा मैदान छोटे-छोटे दिग्गजो से भरा प्रतीत हो रहा था। मुख्य अतिथि नगर निगम कमिश्नर श्री स्वप्निल वानखेड़े ने कार्यकम का खूब लुत्फ उठाया, कार्यकम अत्यंत मनोरंजक था। अब्दुल कलाम रेस, तेंदुलकर रेस, ऍम ऍफ़ हुसैन रेस, जवाहरलाल नेहरू रेस, सुभाष चंद्र बोस, चाणक्य रेस, जोधा अकबर रेस, आदि विभिन्न रेस का बच्चों एवं बड़ों सभी ने भरपूर लुत्फ उठाया। इसके बाद सभी अभिभावकों की भी रेस हुई, जिससे सभी को अपना बचपन याद आ गया। इस कार्यक्रम में संस्थापिका श्रीमति अर्पिता मालपानी और प्राचार्या श्रीमति सोनिया कोचर की उपस्थिति ने चार चाँद लगा दिए।